

■ मोदी को उपहार में मिली 1300 से अधिक वस्तुओं की आज से की जाएगी ई-नीलामी - 10



■ अमेरिका से व्यापार वार्ता बहाल होने की उम्मीद से झूमा बाजार - 10



■ गाजा पर कब्जे की तैयारी शुरू, इजराइल ने बड़े पैमाने पर शुरू किए जमीनी हमले- 11




■ विश्व चैंपियनशिप में अब चोपड़ा पर निगाह, खिताब बचाने के लिए उतरेंगे - 12


आज का मौसम 29.0° अधिकतम तापमान 26.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 05.55 सूर्यास्त 06.11

# अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ बरेली कानपुर मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

आश्विन कृष्ण पक्ष एकादशी11:39 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 17 सितंबर 2025, वर्ष 4, अंक 28, पृष्ठ 14 मूल्य 6 रुपये


# देश के प्यारे नरेंद्र हमारे

17 सितंबर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस केवल एक नेता के जीवन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह उस नए भारत की यात्रा का भी प्रतीक है, जिसने बीते एक दशक में तकनीक विज्ञान, नवाचार और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयां छुई हैं।

# मोदी @ 75



## शुरुआती जीवन

- **जन्म** : 17 सितंबर 1950 वडनगर (गुजरात) में।
- **परिवार** : साधारण परिवार, पिता चाय बेचते थे।
- **शिक्षा** : वडनगर से स्कूली शिक्षा, दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक व गुजरात विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर।
- **संघ से जुड़ाव** : किशोरावस्था में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े, बाद में पूर्णकालिक प्रचारक बने।

## राजनीतिक पारी

**1980**

के दशक में भाजपा से जुड़े। चुनावी रणनीति, सांगठनिक मजबूती व कार्यकर्ताओं से जुड़ने की कला में दक्ष।

**1990**

के दशक में बने भाजपा के प्रमुख नेता।

## गुजरात के मुख्यमंत्री

- अक्टूबर, 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री बने।
- अवसंरचना, सड़क, बिजली, उद्योग व कृषि सुधार पर विशेष जोर दिया।
- तीव्र औद्योगिक विकास के कारण गुजरात मॉडल को बनाया मिसाल।
- वर्ष 2001 से 2014 तक लगातार चार बार गुजरात के रहे मुख्यमंत्री।

## प्रधानमंत्री पद: 26 मई, 2014 को बने भारत के 14वें प्रधानमंत्री

### 1 कार्यकाल (2014–2019) में उपलब्धियां

- स्वच्छ भारत मिशन (गांव-गांव शौचालय)।
- जन धन योजना (सभी को बैंक खाता)।
- मेक इन इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, डिजिटल इंडिया।
- उज्ज्वला योजना (गरीब महिलाओं को गैस कनेक्शन)।
- आयुष्मान भारत (स्वास्थ्य बीमा योजना)।

### 2 कार्यकाल (2019–2024, ऐतिहासिक बहुमत के साथ दूसरी बार बने पीएम) की उपलब्धियां

- जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाई।
- नागरिक सुविधाओं व बुनियादी ढांचे पर बड़ा निवेश।
- कोरोना महामारी के समय विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाया।
- आत्मनिर्भर भारत अभियान।

### 3 कार्यकाल की (2024 से अब तक, नेहरू के बाद तीसरी बार पीएम बन रचा इतिहास) उपलब्धियां

- भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य।
- विश्व मंच पर बढ़ाई भारत की साख।
- ग्लोबल अवॉर्ड्स – संयुक्त राष्ट्र, विभिन्न देशों और संगठनों से कई सम्मान।
- स्टैच्यू ऑफ यूनिटी – सरदार पटेल की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा (वर्ष2018)।
- जी 20 शिखर सम्मेलन (2023) – भारत की मेजबानी, दुनिया में नई पहचान।




### 2014 मेक इन इंडिया का शंखनाद

- प्रधानमंत्री बनने के साथ ही मोदी जी ने मेक इन इंडिया अभियान शुरू किया। उद्देश्य था भारत को केवल बाज़ार नहीं, बल्कि मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी हब के रूप में स्थापित करना। यह वही दौर था जब विदेशी निवेशकों ने भारत की नई संभावनाओं की ओर रुख किया।




### 2015 डिजिटल इंडिया का सपना

- डिजिटल इंडिया प्रोग्राम ने भारत को डिजिटल लोकतंत्र का मॉडल बनाया। गाँव-गाँव इंटरनेट कनेक्टिविटी, ई-गवर्नेंस और नागरिक सेवाओं तक आसान पहुँच ने सामान्य नागरिक को सशक्त किया।




### 2016 नवाचार और वित्तीय क्रांति

- स्टार्ट-अप इंडिया अभियान ने युवाओं के सपनों को पंख दिए। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बना। भीम ऐप और यूपीआई ने डिजिटल भुगतान प्रणाली को ऐसा विस्तार दिया, जिसने भारत को कैशलेस अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर किया।




### 2017 कर व्यवस्था में सुधार

- गुड्स एंड सर्विस टैक्स नेटवर्क (जीएसटीएन) लागू कर भारत ने टैक्स प्रणाली को पूरी तरह आईटी-आधारित और पारदर्शी बना दिया।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
आयुष्मान भारत
PM-JAY

### 2018 स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांति

- आयुष्मान भारत योजना ने करोड़ों परिवारों को ई-हेल्थ कार्ड और मुफ्त उपचार की गारंटी दी। यह दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थ-टेक पहल साबित हुई।



### 2019 अंतरिक्ष और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर

- चंद्रयान-2 मिशन ने भारत की अंतरिक्ष शक्ति का नया परिचय दिया। जेम ट्रिनिटी (जनधन, आधार, मोबाइल) ने डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) को करोड़ों नागरिकों तक पहुंचाया।



### 2020: महामारी प्रबंधन का तकनीकी मॉडल

- कोविड संकट के बीच भारत ने कॉविन पोर्टल और आरोग्य सेतु ऐप से दुनिया को दिखाया कि कैसे डिजिटल टेक्नोलॉजी से महामारी प्रबंधन किया जा सकता है। साथ ही आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल निर्माण को प्रोत्साहन मिला।



### 2021: स्वास्थ्य और ऊर्जा में आत्मनिर्भरता

- राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन के तहत हर नागरिक को यूनिक हेल्थ आईडी दी गई।
- राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन से भारत ने ग्रीन एनर्जी और क्लीन टेक्नोलॉजी की दिशा में कदम बढ़ाए।




### 2022: 5जी और गगनयान

- भारत ने 5जी सेवाओं की शुरुआत कर नई डिजिटल क्रांति की नींव रखी। साथ ही गगनयान मानव अंतरिक्ष मिशन की तैयारियों ने भारत को अंतरिक्ष शक्तियों की श्रेणी में और मजबूत किया।





### 2023: चंद्रयान-3, आदित्य एल1 और जी20 की चमक

- चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग से भारत चाँद के दक्षिणी ध्रुव तक पहुँचने वाला पहला देश बना।
- जी20 शिखर सम्मेलन में भारत ने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (यूपीआई, आधार, कॉविन) को दुनिया के सामने रखा।
- आदित्य एल1 ने सूर्य अध्ययन के क्षेत्र में भारत की वैज्ञानिक क्षमता को साबित किया।

### 2024: तीसरी बार प्रधानमंत्री और विकसित भारत 2047 का संकल्प

- तीसरी बार प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत 2047 विज़न पेश किया, जिसमें एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी और स्पेस इनोवेशन को भविष्य की धुरी बनाया गया। यह संकल्प भारत को विश्वगुरु और वैश्विक टेक्नोलॉजी लीडर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।





## 2014 से 2025 तक कितना बदला देश

| स्थिति | वर्ष 2014 | वर्ष 2025 |
|---|---|---|
| गरीबों की संख्या | 27.1 प्रतिशत | 5.3 प्रतिशत ( विश्व बैंक की रिपोर्ट ) |
| मेडिकल कॉलेज | 387 | 780 |
| एमबीबीएस की सीटें | 51,348 | 1.20 लाख |
| खुदरा महंगाई दर | 9.8 प्रतिशत | 2.07 प्रतिशत |
| बिजली उत्पादन | 2,48,554 मेगावाट | 4,70,448 मेगावाट |
| एयरपोर्ट | 74 | 157 |

अमृत विचार विशेष



**10.34** करोड़ कनेक्शन उज्ज्वला योजना के तहत अगस्त, 2025 तक जारी किए जा चुके हैं।

**11.87** करोड़ शौचालयों का स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत निर्माण हुआ है।

**56.16** करोड़ से अधिक बैंक खाते प्रधानमंत्री जन-धन योजना में अगस्त, 2025 तक खोले गए हैं।

**25%** सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र का योगदान लक्ष्य है मेक इन इंडिया के जरिए इस साल के अंत तक।

**1.87** लाख मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं देश में, इनमें 18 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार हैं।

**3.75** ट्रिलियन डॉलर जीडीपी 2025 में है जबकि 2014 में 2 ट्रिलियन डॉलर थी।

# एक रिश्ता ऐसा भी, जहां विश्वास और संकल्प की अद्भुत साझेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस सिर्फ एक राष्ट्रीय नेता के सम्मान का अवसर नहीं है, बल्कि यह उस रिश्ते को भी याद करने का क्षण है जो भारतीय राजनीति की दिशा बदलने में निर्णायक साबित हुआ। यह रिश्ता है प्रधानमंत्री मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का। एक ऐसा रिश्ता जिसमें पारस्परिक विश्वास, आदर्शों के प्रति निष्ठा और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का साझा संकल्प झलकता है।

गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जब 2017 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने तो, सियासी हलकों में कई तरह की चर्चाएं हुईं। लेकिन मोदी ने जिस आत्मविश्वास के साथ उन्हें राज्य की जिम्मेदारी सौंपी, उसने यह साबित किया कि वह नेतृत्व में साहसिक फैसले लेने से पीछे नहीं हटते। दूसरी ओर, योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री की इस आस्था को कभी टूटने नहीं दिया। यूपी को कानून-व्यवस्था के संकट से निकालकर विकास और निवेश का केंद्र बनाने का उनका प्रयास, मोदी के 'न्यू इंडिया' के सपनों को जमीन पर उतारने जैसा है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रधानमंत्री मोदी। फाइल फोटो

## यूपी से मिली नए भारत को पहचान

- प्रधानमंत्री मोदी कई बार कह चुके हैं कि 'नया भारत' तब ही बन सकता है जब उत्तर प्रदेश बदलता है। योगी आदित्यनाथ ने इसे मंत्र मानकर हर कदम पर आगे बढ़ाया। चाहे निवेश समिट हों, एक्सप्रेसवे का जाल हो, डिफेंस कॉरिडोर की परिकल्पना हो या फिर गरीब कल्याण की योजनाएं। हर मोर्चे पर योगी ने मोदी के विजन को विस्तार दिया। मोदी भी हर मंच से यूपी की सराहना करते हुए कहते हैं कि 'योगी जी ने उत्तर प्रदेश को दंगों और अपराधों से निकालकर विकास की पटरी पर ला दिया है।'
- दोनों नेताओं का रिश्ता सिर्फ सत्ता की साझेदारी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें भावनात्मक गहराई भी है। मोदी योगी को हमेशा एक तपस्वी और ईमानदार जननेता के रूप में देखते हैं, तो योगी मोदी को राष्ट्रनायक मानकर उनके नेतृत्व को अपने कर्म का मार्गदर्शक मानते हैं। यही कारण है कि दोनों के बीच कोई सियासी खटपट या अहंकार की दीवार कभी नजर नहीं आती।
- यह विश्वास का रिश्ता ही है कि यूपी की हर बड़ी योजना को मोदी सरकार का पूरा सहयोग मिलता है, और केंद्र की हर प्राथमिकता को योगी सरकार मिशन मोड में लागू करती है।
- प्रधानमंत्री जब यूपी आते हैं, तो योगी आदित्यनाथ उनके साथ खड़े होकर सिर्फ औपचारिक स्वागत नहीं करते, बल्कि यह संदेश देते हैं कि दोनों का लक्ष्य एक है-भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना। प्रधानमंत्री मोदी का जन्म दिवस इस रिश्ते की गहराई को याद करने का भी दिन है। यह रिश्ता भारतीय राजनीति को यह सिखाता है कि जब नेता व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को प्राथमिकता देते हैं, तो प्रदेश और देश दोनों नई ऊँचाइयाँ छूते हैं। योगी और मोदी की यह जोड़ी आज करोड़ों भारतीयों के लिए विश्वास और संकल्प का प्रतीक है। एक ऐसी साझेदारी जो भारत को आत्मनिर्भरता, समृद्धि और वैश्विक सम्मान की ओर ले जा रही है।

# नरेंद्र मोदी : नए भारत की धड़कन और निर्णायक नेतृत्व की पहचान

## प्रधानमंत्री में झलकता है 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाएं और विश्वास

धीरेंद्र सिंह

**अमृत विचार:** 17 सितंबर का दिन सिर्फ एक नेता का जन्मदिन नहीं है। यह उस यात्रा का प्रतीक है, जिसमें एक साधारण परिवार से निकलकर एक व्यक्ति ने न केवल राजनीति की ऊँचाइयाँ छुईं बल्कि भारत की आत्मा को नया आत्मविश्वास दिया। नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व एक तरफ़ अनुशासित साधक का है, तो दूसरी तरफ़ दूरदर्शी विज़नरी का, जिसने भारत को 'संकोच से साहस, आयात से आत्मनिर्भरता और क्षेत्रीय से वैश्विक नेतृत्व' की ओर मोड़ दिया।


प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी का जीवन उस सपने की जीवंत कहानी हैं। जिसमें संघर्ष से सफलता तक का हर पड़ाव केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि राष्ट्रीय रहा है। उनका जन्मदिवस केवल एक नेता का उत्सव नहीं है, बल्कि उस आशा का पर्व है जिसमें 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाएं और विश्वास झलकते हैं। गुजरात के वडनगर कस्बे में जन्मे नरेंद्र मोदी का बचपन साधारण परिस्थितियों में बीता। रेलवे स्टेशन पर चाय बेचने वाले बालक नरेंद्र को तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि एक दिन वही बालक भारत का प्रधानमंत्री बनेगा। लेकिन कठिनाइयों ने उन्हें हारने नहीं दिया, बल्कि मजबूत बनाया। उनका जीवन इस संदेश का प्रतीक है कि साधारण पृष्ठभूमि से निकला इंसान भी अपनी मेहनत और सेवा भावना से राष्ट्र को दिशा दे सकता है।



अयोध्या में श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के दौरान लोगों पर पुष्पवर्षा करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। फाइल फोटो

### सत्ता नहीं सेवा ही मोदी का मूल मंत्र

- नरेंद्र मोदी की राजनीति का मूल मंत्र सत्ता नहीं, बल्कि सेवा रहा है। संगठन में काम करते हुए उन्होंने लोगों की तकलीफें देखीं, उनके सपनों को समझा और उन्हें बदलने की ठानी। मुख्यमंत्री के रूप में गुजरात को विकास की नई पहचान दी और प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत को आत्मविश्वास से भर दिया। मोदी ने अपने शासन में गरीब और वंचित वर्ग को केंद्र में रखा। उज्ज्वला योजना से माताओं को धुएं से मुक्ति मिली, आयुष्मान भारत से गरीबों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिली, हर घर जल और प्रधानमंत्री आवास जैसी योजनाओं ने आम लोगों को सम्मानजनक जीवन दिया। उनकी नीतियों ने यह भरोसा दिलाया कि सरकार केवल कागज़ों पर नहीं, बल्कि ज़मीनी हकीकत में लोगों के जीवन को बदल सकती है।
- मोदी सरकार ने साफ़ संदेश दिया कि भारत अब चुपचाप सहने वाला देश नहीं है। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक ने पूरी दुनिया को दिखा दिया कि भारत अपने सैनिकों और नागरिकों की रक्षा के लिए हर कदम उठाने को तैयार है। सेनाओं के आधुनिकीकरण और स्वदेशी रक्षा उत्पादन पर ज़ोर ने देश को और मज़बूत किया। मोदी की कूटनीति ने भारत की छवि बदल दी। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की आवाज़ अब अनसुनी नहीं की जा सकती। जी-20 की अध्यक्षता, जलवायु परिवर्तन पर ठोस पहल और पड़ोसी देशों के साथ संतुलित संबंधों ने भारत को वैश्विक राजनीति में अग्रणी बनाया। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम का कायाकल्प और देश की आध्यात्मिक धरोहरों का सम्मान, सब मोदी युग की पहचान हैं। उन्होंने दुनिया को दिखाया कि आधुनिकता और परंपरा एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि साथी हैं।



दीपावली पर भारतीय सेना को संबोधित करते प्रधानमंत्री। फाइल फोटो

### 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य

- मोदी का लक्ष्य केवल आज तक सीमित नहीं है। वे 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना रखते हैं। इसमें युवा शक्ति, महिला सशक्तिकरण, तकनीकी नवाचार और समावेशी विकास प्रमुख स्तंभ हैं। उनकी सोच है कि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। नरेंद्र मोदी बार-बार कहते हैं कि वे प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि प्रधान सेवक हैं। यही भाव उन्हें जनता से जोड़ता है। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि कठिनाइयाँ चाहे जितनी हों, अगर निष्ठा और परिश्रम हो तो कोई भी सपना पूरा हो सकता है। आज उनका जन्मदिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि उस भारत की ओर बढ़ते कदमों की याद दिलाता है जिसका सपना हर भारतीय ने देखा है। मोदी केवल भारत के प्रधानमंत्री नहीं हैं, वे हर उस भारतीय की आशा और विश्वास हैं जो अपने देश को महान देखना चाहता है। उनका जीवन बताता है कि नेतृत्व केवल कुर्सी से नहीं, बल्कि समर्पण से बनता है। आज उनके जन्मदिवस पर हर भारतीय के मन में यही भावना है कि 'मोदी जी, आपका समर्पण और आपकी तपस्या हमें उस भारत की ओर ले जा रही है जिसका सपना हमने सदियों से देखा है। आप हमारे लिए प्रेरणा हैं, राष्ट्र के प्रहरी हैं और भविष्य के पथप्रदर्शक हैं।

## मोदी सरकार की उपलब्धियां




- भारत की अर्थव्यवस्था 2024-25 में 6.5% की दर से बढ़ी, जो दुनिया की सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज है।



- पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना में 80 करोड़ से ज़्यादा लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है।




- 2025 तक देश की 64.3% आबादी (लगभग 94 करोड़ लोग) किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत कवर होंगे।



- प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना का लक्ष्य 2 साल में 3.5 करोड़ से ज्यादा रोज़गार पैदा करना है।




- प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) में अब तक लाभार्थियों के खातों में करीब 50 लाख करोड़ रुपये भेजे गए हैं।




- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक 4 करोड़ से अधिक घरों का निर्माण पूरा हो चुका है।



- 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है।




- 41.50 - करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड अगस्त, 2025 तक जारी किए जा चुके हैं।



रुस के राष्ट्रपति पुतिन से गले मिलते प्रधानमंत्री मोदी। फाइल फोटो

# साधारण से असाधारण होने का नाम नरेंद्र मोदी

हृदयनारायण दीक्षित

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अपनी जीवन यात्रा के 75 वर्ष पूरे कर रहे हैं। धरती और आकाश केसरिया हो गए हैं। लग्न मुहूर्त अनुकूल हो गए हैं। मोदी के नेतृत्व में भारत का आत्मविश्वास सातवें आसमान पर है। मोदी का व्यक्तित्व आश्वस्ति देता है। कर्मठता के लिए प्रेरित करता है। वे इतिहास रच रहे हैं और इतिहास को नए सिरे से जांचने के भी प्रश्न उठा रहे हैं। उनके व्यक्तित्व में महात्मा गांधी जी का त्याग भाव है। वे सत्य के प्रति आग्रही हैं। उनके व्यक्तित्व में डॉक्टर हेडगेवार, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी का विचार प्रवाह है तो अटल बिहारी वाजपेयी जैसी संसदीय गरिमा और लोक सम्मोहन की कला भी है।

यूरोपीय काल गणना में 'ईसा के पूर्व' व ईसा के बाद' समय का विभाजन चलता है। भारत के संदर्भ में धर्म संस्कृति और लोकमंगल का वातावरण मोदी के पहले नहीं था। अब इस विचार में लोकमंगल का उद्देश्य स्पष्ट दिखाई पड़ रहा है। मोदी के पहले भारत का मन उदास था। अब मोदी के समय भारत का मन उल्लास में है मोदी के पहले हम सब का मन आत्मविश्वासहीन था। अब भारत का मन आत्मनिर्भर हो गया है। राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों में उत्साह व उमंग है। सभी क्षेत्रों में एक नई तरह का पुनर्जागरण दिखाई पड़ रहा है। मोदी स्वभाव से अभियानकर्ता हैं। मोदी के 'मन की बात' पर राष्ट्र को भरोसा है। सामान्यतया सत्ता दल जनअभियान नहीं चलाते। लेकिन मोदी के नेतृत्व में उन्हीं की प्रेरणा से 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जनअभियान बना। स्वच्छ भारत अभियान चला। प्रधानमंत्री के अभियानों से मोटे तौर पर दो बातें स्मरणीय हैं। पहली कि देश की समस्याओं में सरकार और जनता की भागीदारी से ज्यादा उत्पादकता मिलती है। दूसरा कि धर्म और संस्कृति के प्रति प्रतिबद्धता किसी भी रूप में सांप्रदायिक नहीं होती। मोदी ने भारत की संस्कृति को विश्व प्रतिष्ठित किया है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति दिलाने, विरासत पर गर्व, एकता व एकजुटता पर जोर और नागरिकों के कर्तव्य पांच प्रण बताए गए हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मोदी की प्रशंसा हम भारतवासियों को बड़ा सुख देती है। योग संपूर्ण विज्ञान है। मोदी ने योग को बढ़ावा दिया। मोदी विरोधी योग विज्ञान पर आक्रामक थे। मोदी ने भारतीय ध्यान साधना के योग को संयुक्त राष्ट्र से मान्यता दिलाई। संयुक्त राष्ट्र में 170 से ज्यादा देशों का समर्थन मिला। श्रीरामजन्मभूमि मंदिर राष्ट्र का स्वप्न था। तमाम विद्वान भी कहते थे कि जम्मू कश्मीर विषयक अनुच्छेद 370 छेड़ोगे या राम मंदिर की बात करोगे, तो देश में आग लग जाएगी। सेकुलरपंथियों की परवाह न करते हुए श्रीराम मंदिर के शिलान्यास में मोदी पहुंचे। वाराणसी की गंगा आरती में वे जाते हैं। केदारनाथ मंदिर में कई घंटे साधनारत रहे। उनकी साधना की सिद्धि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि बनी है। मोदी विदेश दौरे पर जहां-जहां जाते हैं, वहां वहां भारतीय संस्कृति का ध्वज ऊंचा करते हैं। गीता भारतीय दर्शन का प्रतिनिधि ग्रंथ है। उन्होंने अनेक राष्ट्राध्यक्षों को गीता की प्रति भेंट की है। महानायक यों ही लोक स्वीकृति नहीं पाते। मोदी में छात्र जीवन से ही देश सेवा की भावना है। एक संगठनकर्ता के रूप में उनके काम सराहे गए। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके किए काम को 'गुजरात मॉडल' कहा गया। वे अपनी ध्येय साधना में लगे रहे। अथर्ववेद के व्रात्य सूक्त में ऐसे ही धुन के पक्के व्रात्य के बारे में कहा गया है कि व्रात्य उठा। वह एक दिशा की ओर चला। लोग साथ चलने लगे। वह दूसरी तीसरी चौथी दिशाओं की ओर चला। उसका जय घोष हुआ। वह आगे बढ़ा। चलता रहा। लोग उसकी जय जयकार करने लगे। इतिहास और गाथाएं भी उसके साथ-साथ चलीं। जीवनव्रती लोगों के साथ ऐसा ही होता है। मोदी किसी राजघराने के परिजन नहीं थे। वे चले तो लोग उनके पीछे चलने लगे। संस्कृति और राष्ट्रभाव उनकी कार्यसूची में प्रथम वरीयता पर थे। विरोधियों ने उन्हें गालियां दीं। कदाचित देश का ऐसा कोई प्रधानमंत्री नहीं होगा जिसे इतनी गालियां दी गई हों। गलियां कम पड़ गईं। विपरीत परिस्थितियां आईं। मोदी डटे रहे। मोदी का व्यक्तित्व असाधारण है। साधारण से असाधारण हो जाना बड़ी बात नहीं है। बड़ी बात है कि असाधारण होकर भी साधारण कार्यकर्ता बने रहना। मोदी ऐसे ही हैं। उनके व्यक्तित्व में महानायक का सौंदर्य है। छत्रपति शिवाजी का शौर्य है। 75 वर्ष की आयु में भी कठोर परिश्रम करते हैं। जन्म दिवस की हार्दिक बधाई।



दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर जश्न मनाते प्रधानमंत्री। फाइल फोटो



मोदी को उपहार में मिली 1300 से अधिक वस्तुओं की आज से की जाएगी ई-नीलामी
- 10



अमेरिका से व्यापार वार्ता बहाल होने की उम्मीद से झूमा बाजार
- 10



गाजा पर कब्जे की तैयारी शुरू, इजराइल ने बड़े पैमाने पर शुरू किए जमीनी हमले
- 11



विश्व चैंपियनशिप में अब चोपड़ा पर निगाह, खिताब बचाने के लिए उतरेंगे
- 12


आज का मौसम
29.0° अधिकतम तापमान
26.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.55
सूर्यास्त 06.11

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

आश्विन कृष्ण पक्ष एकादशी 11:39 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 17 सितंबर 2025, वर्ष 4, अंक 28, पृष्ठ 14 मूल्य 5 रुपये


## देहरादून में बादल फटने से तबाही, 15 मौतें

### नदी-नाले उफनाए, पुल टूटा, सड़कें बहीं, कई लोग लापता, हजारों लोग फंसे

- सहस्त्रधारा, मालदेवता, संतला देवी, डालनवाला ज्यादा प्रभावित
- विकास नगर में टोंस नदी में डूबने से मुरादाबाद के 6 लोगों की मौत

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** राजधानी देहरादून और उसके आसपास के इलाकों में सोमवार आधी रात से मंगलवार तड़के तक बादल फटने और अतिवृष्टि से भीषण तबाही मची। इस आपदा में 15 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है जबकि कई लोग लापता हैं। मलबे के साथ आए सैलाब ने कई घरों, होटलों, रिसॉर्ट, मंदिरों, पुलों और सड़कों को भारी नुकसान पहुंचाया है। विभिन्न स्थानों पर फंसे एक हजार से ज्यादा लोगों को एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा बचाने की मशक्कत की जा रही है।

बादल फटने से आई आपदा में सहस्त्रधारा, मालदेवता, संतला देवी और डालनवाला सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं। सहस्त्रधारा में 192 मिमी, मालदेवता में 141.5 मिमी, हाथी बड़कला व जॉलीग्रांट में 92.5 मिमी और कालसी में 83.5 मिमी बारिश हुई। कई सड़कें, मकान और दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं तथा पुल और अप्रोच रोड बह गईं। सहस्त्रधारा में कई लोग लापता हो गए जबकि झड़ीपानी में एक मकान में मलबा घुसने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मसूरी डायवर्जन के पास डीआईटी कॉलेज, राजपुर रोड पर भी एक व्यक्ति की जान चली गई। टपकेश्वर मंदिर, राजपुर रोड स्थित डीआईटी कॉलेज के पास, भगतसिंह कॉलोनी और राजपुर शिखर फॉल के पास 5 लोग लापता हो गए। कालसी में पहाड़ी से पत्थर आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। उधर, गुच्चू पानी में कई संपत्तियां क्षतिग्रस्त हो गईं। आसन नदी में अचानक आए सैलाब में कई लोग फंस गए। इनमें से एक युवक वहां बिजली के खंभे पर चढ़ गया, जिसे एनडीआरएफ की टीम ने खंभे से उतारा। उधर, विकासनगर में सुबह टोंस नदी के तेज बहाव में खनन कार्य में लगे 16 श्रमिक ट्रैक्टर समेत बह गए। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ द्वारा चलाए गए सर्च अभियान में शाम तक आठ लोगों के शव खोज लिए गए जिनमें छह लोग उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के बताए गए, दो लोग घायल हुए और छह लोग लापता बताए गए। वहीं, मालदेवता से करीब सात किमी ऊपर फुलेट गांव में मकान जमींदोज होने से आठ लोग दब गए। यहां दो लोगों के शव निकलना बताए गए। उधर, देहरादून में तमसा नदी उफान पर आने से प्रसिद्ध टपकेश्वर मंदिर पूरी तरह डूब गया और विशाल हनुमान प्रतिमा कंधों तक डूब गई।



देहरादून में सहस्त्रधारा में बादल फटने के बाद नदी के तेज बहाव में ध्वस्त हो गए कई घर।

### सरकार हर प्रभावित परिवार के साथ : धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार सुबह से ही प्रभावित इलाकों का दौरा कर जमीनी हालात का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण सभी नदियां उफान पर हैं। 25 से 30 स्थानों पर सड़कें टूटी हैं और संपर्क मार्ग कट गए हैं। मकान और सरकारी संपत्तियां क्षतिग्रस्त हुई हैं तथा सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। राहत टीम युद्धस्तर पर काम कर रही हैं ताकि स्थिति को सामान्य किया जा सके। राज्य सरकार हर प्रभावित परिवार के साथ है। प्रशासन पहले से ही अलर्ट पर है और एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय प्रशासन लगातार सक्रिय है। वहीं मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को उत्तराखंड में भारी बारिश के बाद की स्थिति से अवगत कराया है। मोदी और शाह ने राज्य को हरसंभव मदद का आश्वासन देते कहा कि, केंद्र सरकार संकट की इस घड़ी में उत्तराखंड के लोगों के साथ मजबूती से खड़ी है।

### यूपी के मृतक आश्रितों को दो-दो लाख की मदद

**लखनऊ।** उत्तराखंड के देहरादून जिले में टोंस नदी में हुए दर्दनाक हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस दुखद घड़ी में सरकार शोक संतप्त परिजनों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने और सभी पार्थिव शरीरों को सम्मानपूर्वक घर तक पहुंचाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। सीएम योगी ने प्रभु श्रीराम से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना भी की है।

### हिमाचल में बारिश से भारी नुकसान तीन लोगों की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में रातभर हुई भारी बारिश के कारण अचानक बाढ़ आ गई और बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ, जिससे एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई और मंडी जिले में एक बस स्टैंड जलमग्न हो गया। मंडी जिले में बाढ़ के कारण कई बसें और अन्य वाहन बह गए और एक व्यक्ति के लापता होने की खबर है। जिले के ब्रागटा गांव में भूस्खलन के कारण एक मकान ढह गया, जिसमें दो महिलाओं और एक बच्चे की मौत हो गई। मंडी के उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि तीन शव बरामद किए गए हैं, जबकि दो लोगों को बचा लिया गया है। गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को निकटतम अस्पताल ले जाया गया। मंडी जिले के धरमपुर क्षेत्र में सोमवार देर रात अचानक आई बाढ़ से मुख्य बस स्टैंड और आसपास के व्यावसायिक प्रतिष्ठान जलमग्न हो गए। बाढ़ के पानी ने सार्वजनिक और निजी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाया, जिसमें कुछ हिमाचल सड़क परिवहन निगम की बसें बह गईं और आस-पास के घर, दुकानें और कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

### ब्रीफ न्यूज

#### आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने आरओ/एआरओ (समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी) प्रारंभिक परीक्षा-2023 का परिणाम घोषित कर दिया है। बीते 27 जुलाई को हुई इस परीक्षा में कुल 4,54,589 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे। प्रश्नगत परीक्षा में पदों की कुल संख्या 419 है। प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम के आधार पर समीक्षा अधिकारी के कुल 338 पदों के सापेक्ष 6093, सहायक समीक्षा अधिकारी के कुल 79 पदों के सापेक्ष 1386 व सहायक समीक्षा अधिकारी (लेखा) के कुल दो पदों के सापेक्ष 30 अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा मुख्य परीक्षा में प्रवेश हेतु औपबन्धिक रूप से सफल घोषित किया गया है। परीक्षा परिणाम आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

#### मदर डेयरी के सभी उत्पाद होंगे सस्ते

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की इकाई मदर डेयरी का टेट्रा पैक में मिलने वाला अल्ट्रा-हाई टेम्परेचर दूध, पनीर, घी, मक्खन समेत लगभग सभी उत्पाद 22 सितंबर से सस्ते हो जाएंगे। पाउच में उपलब्ध फुल क्रीम, टोन्ड, काउ मिल्क आदि पर असर नहीं होगा। एक लीटर यूएचटी दूध (टोन्ड) अब 77 की जगह 75 रुपये का मिलेगा जबकि 450 मिली. वाले डबल टोन्ड यूएचटी दूध की कीमत 33 से 32 रुपये हो गई है। पनीर के दाम तीन रुपये प्रति 200 ग्राम घटे हैं।

#### अफसर के घर से मिले 1 करोड़ के जेवर, नकदी

**गुवाहाटी।** असम में मुख्यमंत्री सतर्कता प्रकोष्ठ ने असम सिविल सेवा (एसीएस) की एक अधिकारी को जमीन घोटाले में गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा कल हुआ जब मुख्यमंत्री के सतर्कता प्रकोष्ठ ने गुवाहाटी और बारपेटा में एक सर्किल अधिकारी के घरों पर छापा मारा और एक करोड़ रुपये से ज्यादा की नकदी और हीरे के आभूषण बरामद किए। इस कार्रवाई में हिंदू समुदाय की जमीनें संदिग्ध अवैध विदेशियों को हस्तांतरित करने का पता चला है। 2019 बैच की एसीएस अधिकारी नुपुर बोरा के घर से एक करोड़ रुपये से ज्यादा की नकदी और आभूषण जब्त किए गए हैं।

## टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ कोर्ट जाएगी योगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नरम रुख सामने आया है। राज्य सरकार ने बेसिक शिक्षा विभाग को इस केस में रिवीजन दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार, यूपी के शिक्षक योग्य और अनुभवी हैं, समय-समय पर सरकार द्वारा उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाता रहा है। ऐसे में उनकी योग्यता और सेवा के वर्षों को नजरअंदाज करना उचित नहीं।

ऐसे में बेसिक शिक्षा विभाग के सेवारत शिक्षकों को टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) से राहत दिलाने के लिए अहम कदम उठाया गया है। योगी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उच्चतम न्यायालय द्वारा हाल ही में दिए गए आदेश के खिलाफ रिव्यू पिटीशन (समीक्षा याचिका) दाखिल की जाए।



- सरकार ने बेसिक शिक्षा विभाग को रिवीजन दाखिल करने के दिए निर्देश
- योगी बोले-शिक्षकों की योग्यता, सेवा वर्षों को नजरअंदाज करना अनुचित

मुख्यमंत्री का कहना है कि, राज्य सरकार शिक्षकों की योग्यता और अनुभव का सम्मान करती है। उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश की समीक्षा में राज्य का पक्ष मजबूती से रखा जाए, ताकि सेवारत शिक्षकों को राहत मिल सके। सरकार का प्रयास रहेगा कि शिक्षक निश्चिंत होकर बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें और उनकी सेवाओं का सम्मान बना रहे।

### टीईटी पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को लेकर चिंतित हैं शिक्षक

एक सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि कक्षा एक से आठवीं तक पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए टीईटी पास करना अनिवार्य होगा। इससे लाखों सेवारत शिक्षक चिंतित हैं। उनका मानना है कि वर्षों की सेवा और अनुभव के बावजूद यदि उन्हें केवल एक परीक्षा के आधार पर अयोग्य करार दिया गया, तो यह उनके भविष्य और परिवार की आजीविका पर संकट ला सकता है। दरअसल, प्रदेश में लगभग डेढ़ लाख शिक्षक ऐसे हैं जो बगैर टीईटी के नियुक्त हुए हैं।

## वर्ष 2017 से 2021 तक के ई-चालान होंगे समाप्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- परिवहन विभाग ने वाहनों पर 5 साल का जुर्माना खत्म करने का लिया निर्णय
- 30 दिनों में पूरी होगी प्रक्रिया, परिवहन पोर्टल पर देख सकेंगे स्थिति

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर परिवहन विभाग ने वाहन स्वामियों को बड़ी राहत दी है। विभाग ने वर्ष 2017 से 2021 तक के गैर-कर ई-चालानों को समाप्त करने का निर्णय लिया है। अब ये चालान पोर्टल पर यदि मामला न्यायालय में लंबित था तो 'निस्तारित' और यदि कार्यालय में लंबित था तो 'बंद' की श्रेणियों में दिखाई देंगे। इसे देखने के लिए वाहन स्वामी को 30 दिन इंतजार करना होगा। लेकिन जिसने इस अवधि का चालान जमा किया है, उसे धन वापसी नहीं होगी।

परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि पुराने चालानों से अनावश्यक लंबित मामले बढ़ रहे थे और सेवाओं में बाधा आ रही थी। इस निर्णय से जनता को राहत मिलेगी, कार्यप्रणाली सरल होगी और पारदर्शिता बढ़ेगी। इन चालानों से जुड़े फिटनेस, परमिट, वाहन हस्तांतरण और उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट (एचएसआरपी) जैसे अवरोध भी स्वतः समाप्त हो जाएंगे। हालांकि, कर से जुड़े चालान इस राहत में शामिल नहीं होंगे। यह पूरी प्रक्रिया 30 दिनों में पूरी कर दी जाएगी। इसके बाद वाहन स्वामी परिवहन पोर्टल पर जाकर अपनी चालान स्थिति देख सकेंगे। पुराने चालानों पर न तो किसी को धन वापसी मिलेगी और न ही उन्हें पुनः खोला जाएगा। सहायता के लिए परिवहन विभाग की हेल्पलाइन 149 या नजदीकी क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।



### 30 लाख से अधिक मामलों का निस्तारण

आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2017 से 2021 के बीच कुल 30 .52 लाख ई-चालान बनाए गए थे। इनमें से 17 .59 लाख का निस्तारण पहले ही हो चुका था, जबकि 12 .93 लाख चालान अब तक लंबित थे। इनमें 10 .84 लाख न्यायालयों में और 1 .29 लाख कार्यालय स्तर पर लंबित थे। अब सभी का डिजीटलीय निस्तारण किया जाएगा। सामने की सेवाओं पर लगे सभी अवरोध हट जाएंगे जबकि पृष्ठभूमि में पूरा अभिलेख और लेखा-परीक्षण सुरक्षित रहेगा।

## युवराज, उथप्पा और सोनू सूद को समन

नई दिल्ली, एजेंसी

- सट्टेबाजी एप से जुड़े मामले में ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी एप से जुड़े धन शोधन मामले में अपनी जांच का दायरा बढ़ाते हुए पूर्व क्रिकेटरों रॉबिन उथप्पा और युवराज सिंह तथा अभिनेता सोनू सूद को पूछताछ के लिए तलब किया है।

अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि उथप्पा (39), युवराज सिंह (43) और सूद (52) को 1एक्सबेट नामक प्लेटफॉर्म से जुड़े एक मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अगले सप्ताह दिल्ली में एजेंसी के मुख्यालय में जांच इकाई के सामने पेश होने और उनके बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

उन्होंने बताया कि उथप्पा को 22 सितंबर को बयान दर्ज कराने को कहा गया है, वहीं सिंह को 23 और सूद को 24 सितंबर को बुलाया गया है। संघीय जांच एजेंसी पिछले कुछ हफ्तों में पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन से पूछताछ कर चुकी है। इस मामले में सोमवार को पूर्व तृणमूल कांग्रेस सांसद और अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती का भी बयान दर्ज किया गया। सूत्रों ने बताया कि बांग्ला अभिनेता अंकुश हाजरा (36) इस मामले में अपने निर्धारित समन पर मंगलवार को ईडी के समक्ष पेश हुए जबकि 1एक्सबेट की भारत की ब्रांड एंबेसडर और अभिनेत्री उर्वशी रौतेला मंगलवार को निर्धारित तिथि पर अभी तक पेश नहीं हुई हैं। यह जांच अवैध सट्टेबाजी एप से संबंधित है।

## 20 वर्ष की सेवा के बाद होंगे सुनिश्चित पेंशन के हकदार

- वीआरएस लेने वाले कर्मियों के लिए व्यवस्था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कार्मिक मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि हाल ही में अधिसूचित नियमों के तहत, केंद्र सरकार के ऐसे कर्मचारी जो 20 वर्ष या अधिक की सेवा पूरी करने के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) का विकल्प चुनते हैं, वे अनुपातिक आधार पर सुनिश्चित भुगतान के हकदार हैं।

पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने दो सितंबर को आधिकारिक राजपत्र में केंद्रीय सिविल सेवा नियम, 2025 अधिसूचित किए हैं। ये नियम राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को विकल्प चुनने वाले केंद्रीय कर्मचारियों के संबंध में एकीकृत पेंशन योजना के तहत लाभ से संबंधित मामलों को विनियमित करने के लिए हैं। ये नियम, यूपीएस ग्राहकों को 20 वर्ष की सेवा पूरी करने के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के विकल्प प्रदान करते हैं। मंत्रालय ने कहा कि 20 वर्ष या उससे अधिक की सेवा पूरी करने के बाद वीआरएस विकल्प चुनने पर, अंशदाता को आनुपातिक आधार पर सुनिश्चित भुगतान देय होगा।

## गोरखपुर : छात्र की हत्या के बाद बवाल, पूरी चौकी निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

**अमृत विचार:** पिपराइच के जंगल छत्रधारी गांव में सोमवार देर रात को गो-तस्करों ने पीछा कर रहे छात्र दीपक (16) की हत्या कर दी। शव दूसरे थानाक्षेत्र में फेंक दिया। इस मामले में मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने जाम लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया। इस दौरान पथराव व आगजनी भी की गई। मामले में चौकी प्रभारी समेत छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। मामले की जानकारी के बाद मुख्यमंत्री योगी ने डीआईजी, डीएम व एसएसपी को आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। सीएम के निर्देश पर एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश देर शाम गोरखपुर पहुंचे और मृतक के परिजनों से बात की। पिपराइच स्थित जंगल छत्रधारी गांव निवासी दीपक नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था।

सोमवार देर रात पशु तस्करों ने पीछा करने का संदेह होने पर दीपक को अगवा कर लिया। उसकी हत्या कर शव को गुलरिहा इलाके में फेंक दिया। तस्करों की दूसरी गाड़ी को ग्रामीणों ने घेर लिया। गाड़ी फंसने पर उतरकर भाग रहे तस्करों में एक को ग्रामीणों ने दबोच लिया और गाड़ी में आग लगा दी। पकड़े गए तस्कर को पुलिस ने हिरासत में लेने का प्रयास किया तो ग्रामीणों ने हमला बोल दिया। हमले में पिपराइच थानेदार का हाथ फ्रैक्चर हो गया, जबकि एसपी (उत्तरी) के कंधे व पैर व अन्य पुलिसवालों के सिर व कंधे में चोट आई।

### सड़क जाम कर प्रदर्शन

छात्र दीपक की हत्या के बाद मंगलवार सुबह सड़क जाम करने वाले परिजनों की पांच मांगे रखी। ग्रामीणों का आरोप है कि चौकी इंचार्ज को पहले ही बताया गया था कि तस्कर आ गए हैं। उन्होंने कहा कि डंपर का इंतजाम कर रहा हूं आप लोग भी करिए। लापरवाही सामने आने के बाद एसएसपी ने मंगलवार की रात में चौकी इंचार्ज ज्योति नारायण तिवारी, सिपाही अंकित यादव, राकेश यादव, संदीप यादव, हेड कांस्टेबल शाहिद खान को निलंबित कर दिया।

सुनवाई | राज्यों को जवाब देने के लिए दिया चार सप्ताह का समय

## सुप्रीम कोर्ट का धर्मांतरण कानूनों पर राज्यों को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कई राज्यों को उनके धर्मांतरण विरोधी कानूनों पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर जवाब देने को कहा। राज्यों को नोटिस जारी करते हुए, प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने स्पष्ट किया कि जवाब आने के बाद वह ऐसे कानूनों के क्रियान्वयन पर रोक लगाने के अनुरोध पर विचार करेगी। इसके बाद, पीठ ने राज्यों को जवाब देने के लिए चार सप्ताह का समय दिया और याचिकाकर्ताओं को उसके दो सप्ताह बाद प्रत्युत्तर दाखिल करने की अनुमति दी। मामले की अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद निर्धारित की गई।



इस बीच, पीठ ने धर्मांतरण विरोधी कानूनों के खिलाफ याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सी यू सिंह को मौजूदा कानून में उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों द्वारा किए गए अधिक कठोर बदलावों को ध्यान में रखते हुए याचिका में संशोधन करने की अनुमति दे दी। पीठ उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड और कर्नाटक सहित कई राज्यों द्वारा लागू किए गए धर्मांतरण विरोधी कानूनों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। न्यायालय ने विवाह या अन्य माध्यमों से होने वाले धर्मांतरण के विवादास्पद मुद्दे पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं और अन्य की दलीलें सुनी। सिंह ने इस मामले की तात्कालिकता पर जोर देते हुए चेतावनी दी कि जो कोई भी अंतरधार्मिक विवाह करेगा, उसे जमानत मिलना असंभव हो जाएगा। उन्होंने रेखांकित किया कि कई राज्य पहले ही ऐसे कानून बना चुके हैं, और राजस्थान ने भी हाल में इस संबंध में कानून पारित किया है। सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में लाए गए संशोधनों के तहत तीसरे पक्ष को शिकायत दर्ज कराने की अनुमति दी गई, जिससे अंतरधार्मिक विवाहों में बड़े पैमाने पर उत्पीड़न हुआ।

### श्रद्धालु विवाह स्थलों के निर्माण के लिए मंदिरों को धन नहीं देते : कोर्ट

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि श्रद्धालुओं द्वारा दिया गया धन विवाह समारोह स्थलों के निर्माण के लिए नहीं होता। न्यायालय ने उस आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया जिसमें कहा गया था कि मंदिर के धन को सार्वजनिक या सरकारी धन नहीं माना जा सकता। मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ ने तमिलनाडु के विभिन्न स्थानों पर पांच मंदिरों के धन से शादी स्थलों के निर्माण की अनुमति देने वाले सरकारी आदेशों को रद्द कर दिया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी और उसने कहा कि भक्त इन विवाह स्थलों के निर्माण के लिए मंदिर को अपना धन नहीं देते हैं। यह मंदिर के सुधार के लिए हो सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### मोदी के जन्मदिन पर रूरा में होंगे कार्यक्रम

**कानपुर देहात।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर बुधवार को जिले में कई आयोजन होंगे। मुख्य आयोजन रूरा नगर पंचायत में होगा। इसके संयोजक चेयरमैन रामजी गुप्ता व रूरा भाजपा मंडल के अध्यक्ष रवींद्र अवस्थी हैं। डॉ. जवाहर लाल रोहतगी नेत्र चिकित्सालय कानपुर द्वारा शिविर लगाया जाएगा। मरीजों की जांच होगी। राज नारायण मिश्र और अर्चना मिश्रा उद्घाटन करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष रेणुका सचान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगी।

### विकास भवन सभागार में आज किसान दिवस

**कानपुर देहात।** माह के तृतीय बुधवार को विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन होगा। इसमें कृषि एवं उद्यान विभाग, पशु पालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग, सहकारिता विभाग, मण्डी समिति, लघु सिंचाई आदि विभागों के अधिकारी रहेंगे।

### 21 सितंबर से होंगी खेल प्रतियोगिताएं

**कानपुर देहात।** जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि युवा कल्याण विभाग और खेल विभाग द्वारा 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक सांसद व विधायक खेल प्रतियोगिता के नाम से आठ खेल विधाओं में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। इसमें एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, वॉलीवाल, फुटवाल, भारोत्तोलन, जूडो और बैडमिन्टन शामिल हैं। जिला क्रीडाधिकारी नीलम सिद्धीकी ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये खिलाडियों को युवा साथी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। विभाग के लिंक पर जाकर खिलाड़ी अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

### अकबरपुर में आज पीएमएवाई यू दिवस

**कानपुर देहात।** परियोजना अधिकारी जिला नगरी विकास अभिकरण ने बताया कि जिला नगरीय विकास अभिकण, डूडा कानपुर देहात द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में कार्यालय नगर पंचायत अकबरपुर में बुधवार को पीएमएवाई-यू दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया जाएगा।

# कुएं में कूदी बहू, बचाने को जेठ ने लगाई छलांग, दोनों की मौत

## मंगलपुर थाना क्षेत्र के बलवंतपुर गांव की घटना, जहरीली गैस का शिकार हुए दोनों

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचारः** मंगलपुर थाना क्षेत्र के बलवंतपुर गांव में मंगलवार की सुबह विवाद के बाद बहू कुएं में कूद गई। उसे बचाने के लिए जेठ ने भी छलांग लगा दी। कुएं में जहरीली गैस से दोनों की मौत हो गई। कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को निकाल कर सीएचसी भेजा गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

बलवंतपुर के जीवन सिंह के दो पुत्र नरेंद्र और पिंटू हैं। पिंटू गुजराज में प्राइवेट नौकरी करता है। मंगलवार सुबह पिंटू की पत्नी (35) कविता घर से निकली और कुएं में कूद गई। पड़ोस के लोग दौड़े। तब तक जेठ नरेंद्र (50) ने भी कुएं में छलांग लगा दी। जहरीली



बलवंतपुर गांव में दोनों को कुएं से बाहर निकालने का प्रयास करती टीम। अमृत विचार

गैस से कविता अचेत थी। जेठ भी बेहोश हो गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटों मशक्कत के बाद दोनों को निकाला। दोनों को हवासपुर सीएचसी ले गए, जहां डॉ. तहजीब फातिमा ने मृत घोषित कर दिया। सिकंदरा एसडीएम शालिनी उत्तम और थाना प्रभारी महेश कुमार और संदलपुर चौकी प्रभारी कौशल कुमार मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी बोले, तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी। एक तरफ कविता 3 वर्षीय बेटा अनमोल, 4 वर्षीय बेटी मोहिनी बिलखती रही। उधर, नरेंद्र की पत्नी विमलेश, पुत्र शिवम (18) और प्रांशु (8) रो-रोकर बेहाल रहे।



कविता।



जेठ नरेंद्र।

### मकान के बंटवारे को लेकर हुआ विवाद

बताते हैं कि दो बेटों के बीच मकान के बंटवारे को लेकर कई बार पंचायतें हुईं, मगर कोई नतीजा नहीं निकला। इसी को लेकर विवाद के बाद कविता ने कुएं में छलांग लगाई। उसे बचाने के प्रयास में जेठ की भी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कविता की भाभी का कहना है कि ससुराल पक्ष और जेठ ने उसके साथ मारपीट की, जिसके बाद कविता ने कुएं में छलांग लगाई।

# बरौर क्षेत्र में बुखार से चौथी जान गई

**पुखरायां।** मलासा के बरौर क्षेत्र में बीमारी से तीन दिन के अंदर दो महिलाओं, एक 4 वर्षीय लड़की के बाद मंगलवार को 13 वर्षीय छात्रा की मौत हो गई। बीमारी से मौतों के बाद क्षेत्र में भय का माहौल है।

रविवार को बरौरे में नफीसुल की पुत्री हजीरा (4), बरवा रसूलपुर की प्रीति (22) पत्नी सोनू, फर्जाबाद की रानी (30) पत्नी कल्लू की बीमारी से मृत्यु हो गई थी। मंगलवार को स्वाति उर्फ बेबी पुत्री अरविंद संखवार को जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पिता अरविंद ने बताया कि स्वाति 4 दिन से बुखार से पीड़ित थी। बरौर सरकारी अस्पताल से दवा लेते थे। इतनी आय नहीं थी कि निजी अस्पताल में उपचार करा सके कल शाम को ज्यादा हालत बिगड़ने पर सीएचसी देवीपुर में भर्ती कराया। वहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया था। मां संगीता, छोटा भाई प्रांजल, बड़ी बहनें बिलखती रहीं। मोहल्ले में आराधना, रामश्री, मीना, राजाराम कई लोग पीड़ित हैं।

# भैया-भाभी के साथ मारपीट में 1 वर्ष कैद

- ककवन थाना क्षेत्र के मलखरा गांव के चार भाइयों को सजा
- मकान का छज्जा निकालने को लेकर परिवार में हुआ था विवाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** भाई और भाभी पर हमला कर घायल करने वालों को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजत सिंह की अदालत ने एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है और ढाई हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

बताया गया कि थाना ककवन के गांव मलखरा के रहने महावीर, भगवानदीन, रघुवीर, रूमाली उर्फ श्यामा ने भाभी पूनम व भाई सरमन को मारपीट कर घायल कर दिया था। सरमन को सिर में ज्यादा चोट आई थी। घटना के संबंध में 26 मई 2017 को मुकदमा कायम कराया गया था। बताया गया कि विवाद मकान का छज्जा निकालने से जुड़ा था। इसी दौरान झगड़ा हुआ और पूनम व सरमन को गंभीर चोटें आई थीं। घायल सरमन का इलाज ककवन के स्थानीय अस्पताल में हुआ था। हालत में सुधार नहीं होने पर उन्हें उर्सला में भर्ती कराया गया था, वहां जांच में उनके सिर में फ्रैक्चर पाया गया था। कोर्ट में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने गवाहों को न्यायालय में पेश कर अपना पक्ष रखा, दूसरी तरफ बचाव पक्ष का तर्क था कि सरमन को छज्जा गिरने से चोटें आई हैं।

इस मामले की पैरवी कर रहे शासकीय अधिवक्ता प्रदीप पांडेय ने साबित किया कि जो भी चोटें आई, वह मारपीट से आई हैं। न्यायालय में अभियोजन के तर्क को स्वीकार करते हुए धारा 308 में 4 वर्ष की सजा धारा 323 व 504 में एक-एक वर्ष की सजा मुकर्रर कर दी। कोर्ट ने कहा कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। इसके साथ-साथ ढाई हजार रुपए जुर्माना भी लगाया।

# बंबे की झाल में मिला गायब युवक का शव

- दो साल पहले छोड़ गई थी पत्नी तब से पीने लगा था शराब

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** रतनपुर रजबहा में मंगलवार को एक युवक का शव झींझक रोड से दूर बंबे की झाल पर मिला। उसकी पहचान गहिलू निवासी युवक के रूप में हुई। उसकी बाइक भी घटनास्थल से कुछ दूर मिली है। उसकी पत्नी लगभग दो वर्ष पूर्व उसे छोड़कर चली गई थी।

कस्बा इंचार्ज अमित पोरवाल ने बताया कि रसूलाबाद-झींझक रोड से लगभग 300 मीटर दूर बंबे की झाल के पास एक अज्ञात युवक के शव के होने की जानकारी मिली थी। शव को निकलवाया गया तो उसकी शिनाख्त गहिलू गांव निवासी सोनू (30) पुत्र बालस्टर उर्फ पप्पू के रूप में हुई। उसकी बाइक भी वही कुछ दूर पर खड़ी मिली है। बाइक से ही कुछ लोगों ने पहचान लिया कि यह गहिलू निवासी सोनू की बाइक है। तब इसकी सूचना उसके पिता बालस्टर को दी गई। सूचना पर उसके घर में कोहराम मच गया। सोनू की असामायिक मौत पर उसके पिता बालस्टर, मां विमला देवी, भाई मोनू व आदित्य विवाहित बहन गायत्री का रो-रो कर बुरा हाल है।

बताते हैं कि सोनू की पत्नी पूनम लगभग 2 वर्ष पूर्व उसे छोड़कर मायके चली गई थी। तब से वह शराब के नशे का आदी हो गया और दिनभर कमाई करने के बाद शराब पी लेता था। कल सोमवार दिन में भी उसको कई लोगों ने गांव में देखा था। शाम के बाद उसका पता नहीं चल घर वालों ने खोजबीन की किंतु जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने बताया कि पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम में हेतु भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

# रोटावेटर में फंसे किसान की मौत

**कानपुर देहात।** गजनेर क्षेत्र के नंगापुर गांव में खेत की जुताई के दौरान रोटावेटर में फंसने से युवा किसान की मौत हो गई। कारीगर ने रोटावेटर को खोला, तब शव को बाहर निकाला जा सका।

नंगापुर निवासी विक्रम (35) मंगलवार को खेत की जुताई के लिए लोदीपुर के अमर सिंह का ट्रैक्टर रोटावेटर भाड़े पर बुलाया था। बताते हैं कि रोटावेटर में फंसी घास को वह निकालना लगा, तभी रोटेशन ब्लैड में फंस गया। किसान दौड़े। कुछ ही देर बाद वहा भीड़ लग गई। इसी बीच ट्रैक्टर का चालक भाग गया। गजनेर थाना प्रभारी पुलिस के साथ पहुंचे। शव फंसा होने पर मैकेनिक बुलाए गए। मैकेनिकों ने रोटावेटर को खोलकर पार्ट्स अलग किए। तब करीब दो घंटे बाद क्षत विक्षत शव बाहर निकाला जा सका। मौत की खबर से पिता परशुराम यादव, मां मुन्नी, पत्नी मोनी का रो0रो कर बुरा हाल हो गया। उसेके एक पुत्र नकुल और पुत्री गौरी है।

# रात में कॉल आने पर निकला युवक, सुबह लटका मिला शव

- शहजादपुर गांव के पास मिला मिसिरपुर के युवक का शव
- बदन में चोटों के निशान, हत्या की जताई जा रही आशंका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र के शहजादपुर के पास बीती रात घर से लापता हुए युवक का शव बबूल के पेड़ पर लटकता मिला। शरीर पर चोटों के निशान से हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि मुकदमा कायम करने को अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई होगी।

क्षेत्र के मिसिरपुर निवासी विशाल (24) पुत्र राजू गिट्टी-मौरंग का काम करता था। बताया गया कि रात में उसके पास किसी का फोन आया। इसके बाद वह घर से चला गया और रात भर नहीं आया। सुबह हाईवे से करीब चार सौ मीटर दूर खेतों में बबूल के पेड़ से लटकी लाश मिली। इलाकाई लोगों न देखा तो हल्ला मच गया। लाश के हुलिए के बारे में पता लगा तो विशाल के घर के



गिट्टी-मौरंग व्यवसायी था विशाल।

लोग भी मौके पर पहुंचे। देखा तो होश उड़ गए। शव विशाल का था। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक फांसी पर लटके विशाल के पांव जमीन को छू रहे थे। सिर पर ईंट लगने जैसा निशान था। कुछ और चोटें भी थीं।

घटना के बारे में जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। लिखा पढ़ी के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया गया। घटना को लेकर इलाकाई लोगों ने आशंका जताई कि विशाल की हत्या की गई है। बताया गया कि रात को विशाल के मोबाइल पर किसी का फोन आया था। इसके तुरंत बाद वह घर से चला गया। तब से उसके बारे में कोई सुराग नहीं मिला। सुबह लाश मिली।

### पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

- घटना को लेकर इसंपेक्टर कोतवाली से बात करने की कोशिश हुई। फोन जितेंद्र कुमार नाम के कर्मी ने उठाया। बताया कि घटना के संबन्ध में मृतक के घर वालों की तरफ से किसी तरह की तहरीर नहीं दी गई है। मामला हत्या का है या आत्महत्या का? यह बात पोस्टमार्टम से साफ होगी।

# आंगन के जाल में लटका मिला शव

**सिकंदरा।** थाना क्षेत्र के रसधान कस्बे में मंगलवार की सुबह किशोर का शव घर के आंगन में लगे लोहे के जाल से फांसी पर लटका मिला। यह देखकर परिजनों मे कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिया भेजा।

रसधान निवासी नरेश केवट ने बताया बड़ी बहू घर के कमरे मे सो रही थी। वह घर के बाहर बरामदे में सो रहा था। मंगलवार की सूबह तीन पुत्रों में सबसे छोटा पुत्र मोहित (17) का शव घर के आंगन में लगे लोहे के जाल पर साड़ी के फंदे पर लटका मिला। बताया गया कि मोहित की मां की पहले ही मौत हो चुकी है। नरेश के दो बड़े पुत्र रोहित और सूरज गुड़गांव में शटरिंग का काम करते हैं। सिकंदरा थाना प्रभारी हरिओम प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## कानपुर ग्रामीण

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण में बताई गई खास सावधानियां

- प्रशिक्षण के दौरान प्रश्नोत्तरी सत्र का भी आयोजन किया गया

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार। मतदाता सूची में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/एसडीएम बिल्हौर संजीव दीक्षित के निर्देशन में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य लक्ष्य सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण की जटिलताओं और नवीनतम प्रक्रियाओं से अवगत कराना था।

कार्यशाला के दौरान, अधिकारियों को मुख्य निर्वाचन आयोग (ईसीआई) से प्राप्त हुए नवीनतम दिशा-निर्देशों और प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण यह सुनिश्चित करने के लिए आयोजित किया गया था कि मतदाता सूची को त्रुटिहीन और अपडेटेड रखा जाए। पारदर्शिता और सटीकता को प्राथमिकता देते हुए, आयोग के निर्देशों पर आधारित एक प्रश्नोत्तरी सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रशिक्षण के अंत में, सभी अधिकारियों ने मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए पूर्ण निष्ठा और पारदर्शिता के साथ काम करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर, तहसीलदार बिल्हौर अनुभव चंद्रा, नायब तहसीलदार रंजीत कुमार यादव, खंड शिक्षा अधिकारी बिल्हौर रवि कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी बिल्हौर बलराम सिंह और खंड विकास अधिकारी चौबेपुर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# घर वाले सोते रहे, चोर समेट ले गए सामान

**चौबेपुर।** क्षेत्र के मरखरा गांव में सोमवार रात चोरों ने कमरों में रखे बक्शों के ताले तोड़कर नकदी व सोने चांदी के जेवरात समेत करीब डेढ़ लाख का माल पार कर दिया।

क्षेत्र के मरखरा गांव निवासी राजेंद्र सिंह चौहान खेती-बाड़ी करते हैं। सोमवार रात वह भोजन करने के बाद पत्नी गुड्डी व अन्य परिजनों के साथ मकान के निचले हिस्से में सो गये। देर रात घर के पीछे स्थित एक अन्य मकान के रास्ते दूसरी मंजिल पर पहुंचे चोरों ने कमरों में रखे बक्शों के ताले तोड़कर उसमें रखी नकदी व सोने चांदी के आभूषण पार कर दिए। सुबह घटना की जानकारी पर गृहस्वामी ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को गृहस्वामी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि चोर बक्शों में रखे 5 हजार रुपये व सोने चांदी के आभूषण उठा ले गए, जिसमें करीब डेढ़ लाख का नुकसान हुआ है।

# सीएम योगी को पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का दिया निमंत्रण

- 27 सितंबर से दिल्ली में शुरू होगी विश्व पैराएथलेटिक्स चैंपियनशिप
- विधायक ने मुख्यमंत्री से बिल्हौर के लिए मांगा मिनी स्टेडियम

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार। मंगलवार को विधायक राहुल बच्चा सोनकर और भारतीय पैरालंपिक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पद्मभूषण से सम्मानित देवेन्द्र झाझरिया ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में उनके आवास पर मुलाकात की। यह मुलाकात आगामी विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए उन्हें निमंत्रण देने के उद्देश्य से की गई।

विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 27 सितंबर 2025 से दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शुरू होने जा रही है।

विधायक राहुल बच्चा ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बिल्हौर क्षेत्र में एक मिनी स्टेडियम को लेकर चर्चा की। विधायक ने कहा कि इससे ग्रामीण अंचलों के युवाओं को खेलकूद के लिये एक प्लेटफार्म मिल सकेगा। इस दौरान उनके साथ जेपी सिंह (अध्यक्ष - भारत पैरा पॉवरलिफ्टिंग), कैप्टन सुमित यादव (आयोजन समिति के सदस्य), शुभम चौधरी (उपाध्यक्ष - भारत पैरा पॉवरलिफ्टिंग) और आयुष श्रीवास मौजूद रहे।



सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलते विधायक राहुल बच्चा सोनकर व अन्य। अमृत विचार

# भाई की तलाश में लक्ष्मी और प्रीति घाटमपुर पहुंचीं

- अपहरण की सूचना पर कांबिंग हुलिया के साथ बांटे गए पंफलेट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** रविवार को गजनेर के रतवा गांव से लापता हुईं सगी नाबालिग बहनें लक्ष्मी (12) और प्रीति (7) ट्रेन में बैठकर घाटमपुर पहुंच गई थीं। पुलिस ने हुलिए वाले पंपलेट के आधार पर उन्हें रोका। पूछताछ के बाद देहात पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस की टीम वहां पहुंची और बच्चियों को ले आई।

नाही ज्यूनिहा के मजरे रतवा के धर्मेंद्र संखवार की बेटियां रविवार की सुबह लगभग करीब 9 बजे जंगल से लकड़ियां बीनने की बात कहकर घर से निकली थीं। समय से घर नहीं लौटीं तो दोपहर बाद तलाश शुरू हुई। दोनों का कुछ पता नहीं चल सका। सूचना मिलने पर गजनेर थाने का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। स्थानीय ग्रामीणों के साथ आस-पास के गांवों व खेतों और अन्य संभावित स्थलों पर तलाश-कांबिंग की गई, मगर उनका कुछ पता नहीं चल सका। गुमशुदा बच्चियों की मां मीना देवी की तहरीर पर थाने में अपहरण का मुकदमा कायम किया गया। इसके बाद तलाश और तेज हो गई। फोटो वाले पंपलेट तैयार कराकर आरपीएफ, जीआरपी तथा सोशल मीडिया के माध्यम से जनपद कानपुर नगर, कानपुर देहात, औरैया सहित आस-पास के सभी जनपदों में सूचना प्रसारित कराई गई। मंगलवार को थाना घाटमपुर से सूचना प्राप्त हुई कि बच्चियां पतारा चौकी क्षेत्र में मिली हैं। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर बच्चियों से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि 4-5 दिन पहले उनका भाई खो गया था। उसे तलाशने को घर से निकली थीं। इसके बाद ट्रेन से कानपुर नगर चली गई। वहां भाई को तलाशा। नहीं मिला तो कल शाम वह एक ट्रेन में बैठकर घाटमपुर स्टेशन आ गई।



पुलिस के साथ लक्ष्मी और प्रीति।

## कैंप का आयोजन | रोजगार सेवकों को मनरेगा जियो टैगिंग का दिया गया प्रशिक्षण

# जियो टैगिंग से फर्जीवाड़े पर लगेगा अंकुश

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** मंगलवार को खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में मनरेगा योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया गया। यहां पर जिला स्तरीय अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी निपेन्द्र दुबे ने मनरेगा योजना से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। कैंप में सभी रोजगार सेवक, टीए, एपीओ शिशिर कुमार व अन्य लोग मौजूद रहे।

कार्यशाला में मनरेगा के तहत होने वाले कार्यों की जियो-टैगिंग के लिए नए संस्करण को लागू करने पर जोर दिया गया। जियो-टैगिंग का मतलब किसी भी कार्यस्थल की सटीक भौगोलिक स्थिति को तस्वीरों के साथ रिकॉर्ड करना है। इसका नया संस्करण इस प्रक्रिया को और भी पुख्ता बनाता है, जिससे फर्जीवाड़े पर अंकुश लगाया जा सके। यह सुनिश्चित करता है कि कार्य उसी स्थान पर हो रहा है, जिसके लिए धनराशि आवंटित की गई है।

कार्यशाला में युक्तधारा पोर्टल का भी विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। यह पोर्टल एक महत्वपूर्ण रिमोट सेंसिंग और जीआईएस आधारित योजना पोर्टल हैं। यह पोर्टल मनरेगा के तहत किए जाने वाले सभी कार्यों की योजना, स्थान, लागत और प्रगति का पूरा विवरण एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है। इस पोर्टल का उपयोग करके अधिकारी और कर्मचारी कार्यों का बेहतर तरीके से मूल्यांकन कर सकते हैं। कार्यक्रम अधिकारी निपेन्द्र दुबे ने प्रशिक्षण के दौरान पीपीटी और लाइव डेमो दोनों का उपयोग किया। इससे सभी उपस्थित जीआरएस, टीए, और एपीओ को जियो-टैगिंग और युक्तधारा पोर्टल का उपयोग करने की पूरी प्रक्रिया को समझने में मदद मिली। उन्होंने बताया कि यह पहल मनरेगा योजना में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



जियो टैगिंग के बारे में जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

# बाढ़ प्रभावित किसानों को आपदा राहत कोष से मदद

- 971 बाढ़ पीड़ितों के खातों में भेजी गई आर्थिक सहायता

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर तहसील के 19 गांवों के किसानों की फसलें यमुना नदी की बाढ़ से बर्बाद हो गई थीं। प्रशासन ने मंगलवार को बाढ़ प्रभावित 971 किसानों के खातों में 48,13,374 रुपये की राहत राशि भेजी है। वहीं राहत राशि मिलने से किसानों के चेहरों पर खुशी की झलक देखी गई।

जिलाधिकारी कानपुर नगर जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कृषि विभाग और राजस्व टीम ने बाढ़ से पीड़ितों के नुकसान का आकलन किया था। इसी के आधार पर उन्हें मुआवजा दिया गया है। राहत राशि डीबीटी के जरिए सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी गई है। वहीं राहत राशि मिलने पर हरदौली गांव के किसानों का कहना है कि यह मदद उन्हें दोबारा खेती शुरू करने में सहायक होगी। प्रदेश सरकार आपदा राहत कोष से फसलवार तय दरों पर मुआवजा देती है। किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का भी लाभ ले सकते हैं। एसडीएम घाटमपुर अविचल प्रताप सिंह ने कहा कि अगले दो दिन में बाकी चिह्नित किसानों के खातों में भी राहत राशि पहुंच जाएगी। वहीं प्रशासन की तरफ से खेतों से जल निकासी, बीज उपलब्धता और तकनीकी मार्गदर्शन की व्यवस्था भी की जा रही है।


**कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी संदलपुर, कानपुर देहात**

पत्रांक: बी0ई0ओ0 / जर्जर-नीलामी - 342-/2025-26 दिनांक- 15/09/2025

**सार्वजनिक नीलामी सूचना**

शासनादेश संख्या 15/68-5-2020 दिनांक 22 जनवरी 2020 एवं जिला बेसिक अधिकारी कानपुर देहात के पत्रांक: पृ0सं0: एस0एस0ए0/ जर्जर / 1474/2025-26 दिनांक 02.09.2025 के निर्देशों के कम मे विकास खण्ड संदलपुर में तकनीकि सत्यापन के उपरान्त प्राप्त जर्जर परिषदीय विद्यालय भवनों की नीलीमी विद्यालय के नाम के सम्मुख अंकित तिथि व समय को विद्यालय प्रबंध समिति के समक्ष सम्बंधित विद्यालय प्रांगण में नीलामी समिति की उपस्थिति में की जाऐगी।

| क्र0सं0 | जर्जर भवन का नाम | आगणित मूल्य (रू में) | नीलामी की प्रस्तावित तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रा0वि0 बलियापुर | 16936.78 रू | 20-09-2025 | प्रातः 11:00 |
| 2 | प्रा0वि0 खालागाव | 10083.34 रू | 20-09-2025 | प्रातः 11:00 |
| 3 | प्रा0वि0 भायामाऊ | 3045.20 रू | 20-09-2025 | प्रातः 11:00 |
| 4 | उ0प्रा0वि0 पिंडारथू कम्पो. | 4299.11 रू | 20-09-2025 | प्रातः 11:00 |

इच्छुक व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि सम्बंधित विद्यालय में जाकर प्र0अ0 से जानकारी प्राप्त कर जर्जर भवन का अवलोकन कर लें तथा नीलामी में आगणन की 10 प्रतिशत धनराशि के साथ उपस्थित हों। सर्वाधिक बोली लगाने वाले व्यक्ति द्वारा सम्पूर्ण नीलामी की धनराशि सम्बंधित विद्यालय प्रबंध समिति के खाते में जमा करने के उपरान्त ही विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा ध्वस्तीकरण हेतु आदेश दिया जाएगा, जिसके 10 दिवस के अन्दर विद्यालय परिसर से जर्जर भवन हटाना होगा।

खण्ड शिक्षा अधिकारी
संदलपुर कानपुर देहात

सुविचार



जैसे सूर्योदय के होते ही अंधकार दूर हो जाता है वैसे ही मन की प्रसन्नता से सारी बाधाएं शांत हो जाती हैं।

-अमृतलाल नागर


कानपुर के प्रमुख समाचार

- चोरों की अफवाह में 43 पर शांतिभंग की कार्रवाई II
- दीपावली से पहले चालू हो सकता जयपुरिया क्रॉसिंग पुल III
- सीएसए का दीक्षांत समारोह कल, परिसर में हुआ रिहर्सल IV







# डीएम ने दलाल को किया फोन, चार गुनी फीस ली थी

- ई-रिक्शा की डुप्लीकेट आरसी की प्रति दिलाने के लिए 500 की जगह 2000 लिए गए
- आरटीओ पर डीएम ने छापा मारकर पकड़ा खेल, डीटीसी को जांच सौंपी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



आरटीओ कार्यालय में रजिस्टर देखते जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सर्वोदय नगर स्थित आरटीओ कार्यालय में मंगलवार सुबह अचानक जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह पहुंच गए जिससे अधिकारियों व स्टाफ के बीच हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी जैसे ही गेट से अंदर पहुंचे, कई लोग व दलाल इधर-उधर भागते नजर आए। कुछ ही देर में कार्यालय परिसर में अवकाश सरीखा सन्नाटा छा गया। जिलाधिकारी ने इस पर नाराजगी जताई और तुरंत अभिलेखों की जांच शुरू की। उन्हें सात कर्मी अनुपस्थित मिले।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान एक आवेदक अरविंद गौड़ से मोबाइल पर बातचीत की। गौड़ ने बताया कि ई-रिक्शा की डुप्लीकेट आरसी की प्रति दिलाने के लिए एक प्राइवेट व्यक्ति (दलाल) को 2000 रुपये दिए हैं, जबकि निर्धारित शुल्क 500 रुपये है। जिलाधिकारी ने आवेदक से प्राइवेट व्यक्ति का मोबाइल नंबर लिया और उससे सीधे बात की। शुरुआत में उस व्यक्ति ने इनकार किया, लेकिन जिलाधिकारी की सख्ती पर उसने रुपये लेने की बात स्वीकार की। इस पर जिलाधिकारी ने डीटीसी को पूरे मामले की विस्तृत जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सुबह 10 बजकर 35 मिनट तक उपस्थिति पंजिका की जांच की, जिसमे मधुबन मिश्रा, कमरूल इस्लाम, प्रीति तोमर, ऋषभ कुमार, शुभम सिंह, रतना यादव और चपरासी दिनेश कुशवाहा अनुपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने सभी का एक दिन का वेतन रोकने और भविष्य में दोहराव होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। जिलाधिकारी ने विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया, जहां कुछ प्रकरण लंबित पाए गए। निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने अपर नगर मजिस्ट्रेट-6 आलोक गुप्ता को आरटीओ कार्यालय की कार्यप्रणाली की निगरानी करने और विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का जिम्मा सौंपा। साथ ही एआरटीओ (प्रशासन) आलोक कुमार को परिसर में स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



एलिवेटेड रोड बनने से जाम का झंझट खत्म होगा। अमृत विचार

# एलिवेटेड रोड की बनेगी नई डिजाइन, खंभे होंगे शिफ्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रामादेवी से गोल चौराहा तक प्रस्तावित एलिवेटेड रोड की डिजाइन संशोधित होगी। पिछले दिनों निरीक्षण करने आई कमेटी के बिना भूमि अधिग्रहण के एलिवेटेड रोड बनाने के निर्देश के बाद यह कवायद शुरू की गई है। नए नक्शे में कुछ पिलर (खंभे) शिफ्ट हो सकते हैं। इसको लेकर मंथन चल रहा है। 22 सितंबर तक डिजाइन फाइनल होने की उम्मीद है।

सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय की टीम पिछले सप्ताह शहर आई थी। टीम में शामिल नेशनल हाईवे उत्तर प्रदेश पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता एके जैन, क्षेत्रीय अधिकारी अमित, कानपुर के अधिशाषी अभियंता अरुण कुमार जयंत, झांसी व आगरा के अधिकारियों ने एलिवेटेड रोड को लेकर निरीक्षण किया था। साथ ही बैठक भी की थी। टीम ने कहा था कि बिना भूमि अधिग्रहण के एलिवेटेड रोड बनेगी। इसके बाद कंसल्टेंट कंपनी को फिर से इसका डिजाइन बनाने के लिए कहा गया है जिससे भूमि अधिग्रहण की जरूरत न पड़े और जीटी रोड पर ही इसे बनाया जा सके। कंपनी ने नई डिजाइन बनाने का काम शुरू कर दिया है। इसके 22 सितंबर तक पूरा होने की उम्मीद है। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, नई डिजाइन में एलिवेटेड रोड के लिए कुछ पिलर आगे-पीछे करने पड़ सकते हैं।

### हेक्सा कंपनी ने बनाई है डीपीआर

15 सौ करोड़ से बनने वाले एलिवेटेड रोड की डीपीआर हैदराबाद की कंसल्टेंट कंपनी हेक्सा ने तैयार किया है। यहीं कंपनी नए सिरे से इसका डिजाइन तैयार कर रही है। नई डिजाइन सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के पास जाएगी जिसे स्वीकृत किया जाएगा। यह एलीवेटेड रोड 10 .20 किमी. लंबा चार लेन का होगा जो तीन साल में बनाने की तैयारी है।

> कंसलटेंट कंपनी को नया डिजाइन बनाने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। इसमें कुछ बदलाव भी करने पड़ सकते हैं। खंभे शिफ्ट हो सकते हैं। उसके बाद ही डीपीआर को मंत्रालय मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।
>
> **- अरुण जयंत, कार्यकारी अभियंता, एनएच पीडब्ल्यूडी**

## सिटी ब्रीफ

### यात्री सेवा दिवस का आज होगा आयोजन

**कानपुर।** कानपुर हवाई अड्डे पर बुधवार को यात्री सेवा दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर हवाई अड्डा परिसर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन गतिविधियों के तहत बच्चों के लिए देशप्रेम पर समर्पित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। हवाई अड्डा प्रबंधन द्वारा यात्रियों एवं स्टाफ एवं यात्रियों की सेवा में संलग्न आटो एवं टैक्सी चालकों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाया जाएगा जिसमें सामान्य परीक्षण जैसे ब्लड प्रेशर, शुगर, नेत्र जांच आदि होंगी।

### ट्रेन की चपेट में आकर विवाहिता की मौत

**कानपुर।** कल्याणपुर रेलवे क्रासिंग पर ट्रेन की चपेट में आकर विवाहिता की मौत हो गई। बिठूर के टिकरा निवासी कृष्णा श्रीवास्तव की शादी दो साल पहले 20 वर्षीय पायल से हुई थी। पायल आईआईटी से जुड़ी कंपनी में काम करती थी। इसके साथ ही वह कल्याणपुर में ही ब्यूटी पार्लर का काम भी सीख रही थी। मंगलवार को कल्साणपुर बाजार में स्थित पार्लर से लौटते समय वह क्रासिंग के पास गुजरी, तभी ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई।

### पार्षद मोनू गुप्ता पर लगा मिनी गुंडाएक्ट

**कानपुर।** पार्षद अभिषेक गुप्ता उर्फ मोनू गुप्ता समेत दो अन्य पर कोतवाली पुलिस ने मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। पार्षद के खिलाफ आपरेशन महाकाल के तहत अवैध वसूली के मुकदमे दर्ज किए गए हैं। कोतवाली थाना प्रभारी जगदीश पांडेय ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर अभिषेक गुप्ता पर कोतवाली में छह और ग्वालटोली में एक मुकदमा दर्ज है। आपरेशन महाकाल के दौरान वसूली के तीन मुकदमे दर्ज किए गए थे। केडीए से मकान सील करवाने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी का आरोप है।

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने यूपीसीडा मुख्यालय में कार्यों की समीक्षा की

# औद्योगिक क्षेत्रों में इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर हों

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



समीक्षा बैठक करते मंत्री नंद गोपाल नंदी। अमृत विचार

**1472** एकड़ भूमि पर फार्मा पार्क ललितपुर में

**352** एकड़ क्षेत्र को विकसित किया जा रहा है

**अमृत विचार।** औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने औद्योगिक क्षेत्रों में इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर स्थापित कराने की बात कही है। अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला राज्य बनाने के लिए लैंड बैंक बढ़ाने और उद्योगों के विकास के लिए उद्यमियों को आवंटित करें। निर्माण कार्यों को निर्धारित समय पर वह भी पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के लिए कहा। वे मंगलवार को उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) मुख्यालय लखनपुर में विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

सीईओ मयूर माहेश्वरी ने ललितपुर में 1472 एकड़ भूमि पर फार्मा पार्क विकसित करने की जानकारी दी। बताया कि वहां प्रथम चरण में 352 एकड़ क्षेत्र को विकसित किया जा रहा है। जिस पर मंत्री नन्दी ने कहा कि देश-विदेश की फार्मा कम्पनियों से सम्पर्क कर उन्हें फार्मा पार्क ललितपुर में स्थान दिया जाए। फार्मा पार्क में नई यूनिटें स्थापित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही सहूलियतों के साथ ही उद्योग नीति की जानकारी दी जाए।

सीईओ ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में केंद्र सरकार की काफी जमीनें खाली पड़ी हैं। जिनका इस्तेमाल औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाने में किया जा सकता है। जिस पर मंत्री नन्दी ने केंद्र सरकार से सम्पर्क एवं निवेदन कर औद्योगिक भूमि को लेने की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। नन्दी ने मानचित्र स्वीकृति की ऑनलाइन प्रक्रिया का परीक्षण किया। अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित समय के अंदर मानचित्र स्वीकृत किए जाएं। इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में एसीईओ चर्चित गौड़, एसीईओ अनिता यादव, महाप्रबंधक अभियंत्रण पीके कौशिक, प्रधान महाप्रबंधक राजीव त्यागी के साथ ही सभी क्षेत्रीय प्रबंधक मौजूद रहे।

### अधिकारी सरप्राइज विजिट कर समीक्षा करें

- समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री नन्दी ने विद्युत विभाग के कार्यों में लापरवाही पर एएमसी के कांट्रैक्टरों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। मंत्री नन्दी ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में हो रहे कार्यों के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं की अधिकारी सरप्राइज विजिट कर समीक्षा करें। कमी मिलने पर सम्बंधित अधिकारियों के साथ ही ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करें। ताकि कार्यों की गुणवत्ता में कोई कमी न होने पाए। गुणवत्ता के साथ ही कार्य निर्धारित समय पर सम्पादित हों, इसका पूरा ध्यान रखा जाए।

### नैनी में इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर

- सीईओ ने प्रयागराज के नैनी औद्योगिक क्षेत्र में इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर (आईसीसीसी) का निर्माण कराए जाने की जानकारी दी। जहां से पूरे औद्योगिक क्षेत्र के विकास पर नजर रखी जाएगी। जिस पर मंत्री नन्दी ने प्रदेश के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर (आईसीसीसी) स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि सभी औद्योगिक क्षेत्रों में प्रवेश द्वार बनवाया जाए, जिसमें एकरूपता हो। सीईओ मयूर महेश्वरी ने बताया कि यूपीसीडा प्रदेश का पहला ऐसा विभाग है, जिसने शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए क्यूआर कोड की व्यवस्था की है।

# हास्पिटल संचालक को डॉक्टरों ने बंधक बना कर पीटा

**कल्याणपुर संवाददाता।** कल्याणपुर के पुराना शिवली रोड स्थित एक हास्पिटल के तथाकथित डाक्टरों ने उधारी लेने गए हास्पिटल संचालक को बंधक बनाकर बेरहमी से पीट दिया। हास्पिटल संचालक ने आरोपित डाक्टरों के खिलाफ कल्याणपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

उन्नाव के गंगागाट निवासी रामबाबू हास्पिटल संचालक हैं। रामबाबू के मुताबिक उनके परियर स्थित हास्पिटल से बचा पार्टिशन फैब्रिकेट माल कल्याणपुर पुराना शिवली रोड स्थित हास्पिटल संचालक डा सौरभ चौहान ने खरीदा था। जिसका कई बार मांगने के बाद भी जब सौरभ ने भुगतान नहीं किया, तो उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। पनकी रोड चौकी पर समझौता होने के बाद सोमबार को वह सौरभ के हास्पिटल में लगा अपना पार्टिशन खोलने पहुंचे। आरोप है कि इस दौरान तथाकथित डा सौरभ चौहान, डा अरुण, डा दीपेन्द्र व डा कुलदीप यादव रामबाबू को सड़क से खींचकर हास्पिटल के बेसमेंट में ले गए, जहा दबंगों ने उन्हें लात घूसों व ईंट पत्थर से बेरहमी से मारा पीटा। घटना में रामबाबू गंभीर रूप से घायल हो गए। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।








दादानगर चौराहा पर लगा जाम। अमृत विचार

# बीच सड़क क्रेन और ट्राला खड़ा करने से लगा जाम

- मंगलवार सुबह दादानगर चौराहा पर लगा जाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मेट्रो के कार्य की वजह से मंगलवार को दादानगर चौराहा पर जाम लग गया। कर्मचारियों ने बीच सड़क क्रेन और ट्राला खड़ा कर दिया। इससे सुबह के समय स्कूल जाने वाले छोटे बच्चे और ड्यूटी पर जाने वाले लोग इसमें फंस गए। करीब दो घंटे बाद जाम हटा। दादानगर में मेट्रो का कार्य चल रहा है। मंगलवार सुबह करीब 4:30 बजे कर्मचारियों ने दादानगर चौराहा पर बीच सड़क बड़ी क्रेन और ट्राला खड़ा कर काम शुरू किया। इससे जाम लग गया। दादानगर कॉलोनी, सेवाग्राम कॉलोनी और कच्ची बस्ती की ओर से रास्ते ब्लॉक हो गए। इस जाम में सुबह के समय ड्यूटी और स्कूल जाने वाले बच्चे फंस गए। स्थिति यह थी कि दोपहिया वाहन भी नहीं निकल पा रहे थे। क्षेत्र के निवासी ललित गुप्ता ने बताया कि कई बार कर्मचारियों से क्रेन और ट्राला हटाने को कहा लेकिन वह काम होने का हवाला देकर टालते रहे। करीब 9:30 बजे वाहन हटाए गए जिसके बाद मार्ग खुल सका और वाहनों का आवागमन शुरू हुआ।

मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि सड़क पर काम तभी किया जाता है जब यातायात नहीं होता। सुबह के समय यातायात व्यस्त नहीं होता है, इसीलिए कार्य कराया जा रहा था। हालांकि सभी स्कूल सुबह ही खुलते हैं ये शायद मेट्रो वालों को नहीं पता। 9:30 बजे रास्ता खुला तब तक तमाम बच्चों के स्कूल छूट गए।




## सिटी ब्रीफ

### महिला सफाई कर्मी को पीटने का आरोप, हंगामा

**कानपुर।** मंगलवार को नगर निगम की सफाई कर्मी प्रीती जोन-3, वार्ड-92 स्थित छोटे बच्चों के एक स्कूल के पास काम कर रही थी। इसी दौरान स्कूल के चौकीदार ने झाड़ू लगाकर स्कूल के पास कचरे का ढेर लगाने का आरोप लगाते हुए उससे बदसलूकी की। प्रीती के विरोध करने पर चौकीदार जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने लगा। मना करने पर पीट दिया। साथी कर्मचारियों ने आसपास के लोगों की मदद से प्रीती को बचाया। प्रीती ने कर्मचारी संयुक्त संघ के महामंत्री हरीओम बाल्मीकि को जानकारी देकर थाने में शिकायत की। कर्मचारी नेता ने कहा कि इस मामले में अगर कार्रवाई नहीं की गई तो जोन के कार्य का बहिष्कार किया जाएगा। इस दौरान अध्यक्ष धीरज गुप्ता, रमेश, चमन खन्ना, धर्मेंद्र बाल्मीकि अशोक कुन्डे, सम्राट अशोक आदि मौजूद रहे।

### दुकान में घुसकर पीटा व चेन छीनी, रिपोर्ट

**कानपुर।** मूलगंज में पुरानी खुन्नस में दबंगों ने दुकान में धावा बोलकर चाचा-भतीजे को पीट दिया। पीड़ित ने पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। खपरा मोहाल निवासी दुर्गाशंकर शर्मा की मनीरम बगिया में आनंद इलेक्ट्रिकल्स के नाम से दुकान है। दुर्गाशंकर के अनुसार सोमवार दोपहर वह भतीजे सुशांत व भाई आनंद शंकर के साथ दुकान में बैठे थे, तभी बाबा जनरल स्टोर दुकान के रवि सोनी अपने साथी अनुराग सोनी, शिवम, अनमोल सोनी व धर्मेंद्र उर्फ डब्बू के साथ लाठी-डंडा व सरिया लेकर दुकान में घुस आए। गाली-गलौज कर पीटना शुरू कर दिया। बचाने आए भतीजे सुशांत को भी पीटा। आरोप है कि आरोपी भतीजे की सोने की चेन भी ले गए। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### करंट लगने से ठेकेदार की गई जान

**कानपुर।** चकेरी में मकान का लिंटर डालने के लिए मशीन चालू कर रहे ठेकेदार हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। परिजनों ने मकान मालिक पर जबरन काम कराने का आरोप भी लगाया है। बिधनू के सैनिक चौराहा गंगापुर कालोनी निवासी 35 वर्षीय मनीष द्विवेदी उर्फ सोनू मशीन से मकान की छत ढलाई का काम करते थे। मंगलवार को वह अन्ना चौराहा के पास तीसरी मंजिल पर लिंटर डालने के लिए पहुंचे थे। परिजनों के अनुसार ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन देखकर ठेकेदार ने काम करने से मना कर दिया था। परिजनों का आरोप है कि इस पर मकान मालिक ने बिना काम किए मशीन ले जाने से रोक दिया। इस पर वह ढलाई के लिए शटरिंग पर चढ़कर मशीन बांधने लगे, तभी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार में कैंसर पीड़ित पिता, पत्नी महिमा व चार बेटियां हैं।

# कनपटीमार, बच्चा चोर, मुंहनुचवा और अब चोर-चोर का शोर

शैलेश अवस्थी, कानपुर

- बेहद खतरनाक हैं अफवाहें, भीड़ का शोर, इसे कड़ाई से रोकना जरूरी, निर्दोषों की जान पर बन सकती है

**अमृत विचार।** इन दिनों शहर के कई इलाकों, खासतौर पर दक्षिण क्षेत्र में आधी रात चोर-चोर के शोर ने दशहत फैला रखी है। कई निर्दोष भी भीड़ का शिकार बन चुके हैं। इसे न रोका गया तो हालत बेहद खतरनाक हो सकते हैं। शहर में पहले भी ऐसा हो चुका है, जब कई निर्दोषों की जान चली गई। कभी कनपटीमार, कभी बच्चा चोर तो कभी मुंहनुचवा के शोर ने ऐसा खौफ पैदा किया कि महिलाओं सहित कई की जान चली गई। अब फिर चोर-चोर के शोर ने दहशत फैला रखी है। पुलिस सतर्क हो गई है।



प्रतीकात्मक फोटो।

### कनपटी पर हथौड़ा मार मौत की नींद सुला देता था

- बात 1965 के आसपास की है, जब हरबंश मोहाल, कलक्टरगंज, दानाखोरी, जनरलगंज, नयागंज, बादशाहीनाका और आसपास क्षेत्र में कनपटीमार का आतंक था। वह आधी रात निकलता और घर के बाहर सो रहे किसी व्यक्ति की कनपटी पर हथौड़ा मार कर उसे मौत की नींद सुला देता, फिर गायब हो जाता था। बुजुर्ग शंकर दत्त मिश्रा बताते हैं कि फुटपाथों पर सो रहे कई मजदूर और भिखारी उसका शिकार बने थे। बाद में कनपटीमार पकड़ा गया तो पता लगा कि वह साइको था।

### मुंह पर झपट्टा और खूनी पंजे के निशान का खौफ

- 2004 के आसपास शहर में मुंहनुचवा की अफवाह ने आतंक फैला दिया था। खासतौर पर लड़कियां और महिलाएं ही शिकार थीं। अफवाह फैली कि देर रात मुंहनुचवा निकलता है और महिलाओं के मुंह पर ही हमला करता है। सुबह उठीं लड़कियां और महिलाएं मुंह पर कटे, फटे, खूनी पंजे और खरोंच के निशान दिखाती थीं। सहमें लोगों ने घरों के बाहर सोना छोड़ दिया और रात में पहरेदारी करने लगे। पुलिस ने एक्शन शुरू किया, अफवाह फैलाने पर कई को गिरफ्तार किया, पिटाई की और फिर यह खौफ खत्म हुआ। जांच में पता लगा कि बरसाती कीड़ों ने लोगों ने काटा था।


### बच्चा चोर के शोर के बीच मार दी गईं कई महिलाएं

- 1998-99 के दौरान शहर के कई इलाकों में बच्चा चोर महिलाओं की जबरदस्त अफवाह फैली। जूही, बर्रा, गोविन्दनगर, किदवईनगर और काकादेव इलाके में आधी रात सड़क पर किसी महिला को देख बच्चा चोर-बच्चा चोर का शोर मचता और फिर भीड़ उस पर टूट पड़ती। भीड़ ने ऐसी निर्दोष पांच महिलाओं को पीट कर मार डाला था। इसमें एक भिखारी भी थी। एक महीने बाद जब भीड़ ने हदें पार कर दीं, तब पुलिस की तंद्रा भंग हुई। पांच थानेदार सस्पेंड किए गए और सैकड़ों लोग गिरफ्तार किए गए और तब अफवाहों पर विराम लगा। तब एसएसपी थे प्रवीण सिंह।

### भीड़ भावना खतरनाक होती है

मनोवैज्ञानिक डॉ. अराधना का कहना है कि छोटी सी शरारत कभी कभी-कभी अफवाह का रूप ले लेती है और फिर भीड़ की भावना उन्मादी बन जाती है। यह बेहद खतरनाक है। शांति समितियों और सामाजिक संस्थाओं को अफवाहों को रोककर हकीकत सामने लानी चाहिए।

## करंट और सुलभ साथ-साथ



नयागंज चौराहे के निकट जनरलगंज बाजार में बिजली के पोल पर ट्रांसफार्मर के नीचे कानपुर कपड़ा कमेटी संस्था द्वारा बनाए गए सुलभ शौचालय के ऊपर दौड़ रहा करंट किसी भी वक्त दुर्घटना बनकर किसी इंसान की जिंदगी छीन सकता है। संस्था के पदाधिकारी और क्षेत्रीय भाजपा पार्षद ने अपने नाम का शिलालेख लगवाने के स्वार्थ में लोगों की जिंदगी ही खतरे में डाल दी। ● फोटो-मनोज तिवारी

# चोरों की अफवाह फैलाने में 43 लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई

## चकेरी, जूही, कल्याणपुर में 39 अफवाहबाज गिरफ्तार भी किए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर से लेकर गांव तक ड्रोन दिखने व चोरों की फर्जी अफवाह उड़ाने वालों के खिलाफ विभिन्न थानाक्षेत्रों में पुलिस ने 43 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की। चकेरी पुलिस ने 19 व जूही व कल्याणपुर में फर्जी अफवाह उड़ाने में 10-10 लोगों की गिरफ्तार हुई।

चकेरी थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में लगातार कई अराजकतत्व चोरों की अफवाह फैलाकर लोगों में भय के साथ भ्रमित कर रहे हैं। जिसके चलते पुलिस ने मंगलवार को कोयलानगर, चकेरी व कृष्णानगर क्षेत्र के मोहल्लों से 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

इसी तरह जूही थाना प्रभारी मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि सोमवार देर रात मिलिट्री कैंप एरिया में ड्रोन के दिखने और चोरों के आने की फर्जी अफवाह फैलाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई थी। अफवाह के कारण लोग सड़कों पर लाठी-डंडे लेकर उतर आए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर व सुरक्षा का भरोसा दिलाकर शांत कराया। इसके बाद अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की गई। मिलिट्री कैंप चौकी प्रभारी की तहरीर पर 10 के खिलाफ शांतिभंग की रिपोर्ट दर्जकर गिरफ्तार गया है। इसके अलावा महाराजपुर, नर्वल, बिधनू मंर भी अफवाहों पर कार्रवाई की गई।



चकेरी थाने में पकड़े गए अफवाहबाज। अमृत विचार

### साधुओं से लूट, विरोध पर मारपीट

- **कानपुर।** चकेरी के जगईपुरवा में साधुओं को घेरकर आरोपियों ने नगदी व सामान लूट लिया। विरोध पर आरोपी मारपीट कर भाग निकले। पीड़ित ने चकेरी चौकी में शिकायत की है। मूलरूप से झींझक कानपुर देहात निवासी महंत विजय गिरि के अनुसार वह अपने साधु टोली के साथ पितृपक्ष के 15 दिनों तक लाल बंगला से ओमपुरवा तक पितृों की शांति के लिए घर जाकर दान दक्षिणा लेते हैं। महंत ने बताया कि बीते सोमवार की रात को वह बाबाओं के साथ जगई पुरवा में फेरी कर रहे थे, तभी कई आरोपियों ने घेर लिया और मारपीट कर नगदी व सामान लूट ले गए। शोर मचाने पर स्थानीय लोगों ने पकड़ने का प्रयास किया तो उन पर भी लोहे की रॉड व तमंचा लहराकर धमकाया। थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### लाठी-डंडा लेकर दे रहे पहरा

- जिले की सीमा से लगे इलाकों व आउटर पर चोरी व लूट का गैंग सक्रिय हुआ था, जिसका नतीजा है कि लोग डर गए और लाठी-डंडा लेकर सड़कों पर उतर आए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह वारदातें पड़ोसी जिलों से आकर की गई। घटनाओं से लोगों का सब्र टूटा और सड़क पर उतर आए। इसके बाद अफवाहों के कारण लोगों ने चोर समझकर मारपीट भी की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और फिर तेजी से अफवाहें फैलने लगी। इसी का नतीजा है कि लोगों ने रातों में जागकर सुरक्षा की गश्त चालू कर दी। पुलिस टीम अब लोगों को समझा रही है।

> शहर व ग्रामीणों से अपील है कि वह किसी भी हालत में कानून अपने हाथ में न लें। अगर कोई अंजान दिखाई दे तो उसकी पिटाई न करें। उससे बात करें और लगता है कि संदिग्ध है तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें। पुलिस कार्रवाई करेगी और घटनाओं पर अंकुश लगेगा।
>
> -सत्यजीत गुप्ता, डीसीपी ईस्ट

# एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले तीन शातिर पुलिस ने दबोचे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डीसीपी साउथ ने अंतरराज्यीय गिरोह का किया खुलासा, 43 एटीएम कार्ड बरामद
- औरैया पुलिस के पीछा करने पर टोल प्लाजा का बूम तोड़कर भागे थे तीनों शातिर

**अमृत विचार।** किदवईनगर पुलिस ने तीन शातिरों को साकेतनगर स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम में रेकी करते गिरफ्तार कर अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। तीनों औरैया में रविवार को टोल प्लाजा का बूम तोड़कर भागे थे और एटीएम बदलकर ठगी करते हैं। शातिरों के पास से विभिन्न बैंकों के 43 एटीएम कार्ड, 22 हजार रुपये और दो तमंचे बरामद हुए हैं।

डीसीपी दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि किदवईनगर में एक साल पहले महिला का एटीएम बदलकर ठगी हुई थी। जिसका मुकदमा दर्ज है व पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। रविवार को साकेतनगर स्थित एक्सिस बैंक एटीएम के पास संदिग्धों के घूमने की खबर मिली तो पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर दबोच लिया। तीनों को थाने लाकर पूछताछ की गई तो आरोपियों ने बताया कि वह एटीएम पर बुजुर्ग, बच्चों व महिलाओं को शिकार बनाते हैं। जैसे ही कोई एटीएम बूथ में घुसता तो वह उनमें पीछे से पहुंच जाते। कुछ देर बाद उनका दूसरा साथी भी एटीएम के अंदर आता। आते समय ही वह पीछे से चुपके से पिनकोड देख लेता था। इसके बाद बहाना बनाकर एटीएम कार्ड बदल लेते। इसके बाद जैसे ही एटीएम अदला-बदली का शिकार पीड़िता जाता, उनका तीसरा साथी आकर एटीएम का प्रयोग करके रुपये निकाल लेता।

डीसीपी के अनुसार पकड़े गए शातिर गाजियाबाद के इंद्रपुरी लोनी निवासी ईशानू खान उर्फ भोला, हरदोई के लोनार सवाजपुर के बरबन गांव का अरुण कनौजिया और बलरामनगर लोनी देहात का सर्वेश राजपूत उर्फ विक्की है। आरोपियों ने बताया कि वह छह साल से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं।



पकड़े गए अरुण, सर्वेश और ईशानू। अमृत विचार

### औरैया में दो दिन पहले तोड़ा था बूम

- डीसीपी के अनुसार किदवईनगर पुलिस ने औरैया पुलिस को रविवार को आरोपियों के बारे में सूचना दी थी। फिर पुलिस ने कार सवार आरोपियों को पकड़ने के लिए टोल प्लाजा पर घेराबंदी की तो शातिर बूम तोड़कर भागे थे। अचानक कार अनियंत्रित होने से पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस पर शातिर कार को वही छोड़कर भागे।

### रुपये निकालकर रख लेते थे कार्ड

- पुलिस के अनुसार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह एटीएम कार्ड से रुपये निकालते और कार्ड भी अपने पास रख लेते थे। इस्तेमाल किया गया एटीएम कार्ड फेंका नहीं जाता था। इसके बाद दूसरा शिकार बनाते और प्रयोग किए एटीएम कार्ड से ही अलगा कार्ड बदला जाता था। जो लोग एटीएम में अपना कार्ड भूल जाते थे, वह उसे भी उठा लेते थे।

# पटरी पर मिला एरिया सेल्स मैनेजर का शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परिजनों ने हादसे पर जताया संदेह, कहा, रंजिशन की गई बेटे की हत्या
- 500 मीटर दूर खड़ी मिली बाइक, बिधून गांव के लिए निकला था युवक

**अमृत विचार।** चौबेपुर सीएचसी में नेत्र परीक्षण अधिकारी के पति का शव सोमवार रात कल्याणपुर गूबा गार्डेन स्थित रेलवे लाइन पर मिला। शव से करीब 500 मीटर दूर युवक की बाइक खड़ी थी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने हादसे से इनकार किया है। पिता का आरोप है कि रंजिशन बेटे को रेलवे ट्रैक पर ले जाकर हत्या की गई है। वह बिधनू स्थित गांव के लिए निकला था, ट्रैक पर कैसे पहुंचा। सूचना पर जीआरपी अनवरगंज ने जांच-पड़ताल कर शव मोर्चरी भिजवाया।

बिधनू के यशोदानगर गंगापुर बनका निवासी रामपाल किसानी करते हैं। उन्होंने बताया कि उनका 36 वर्षीय बेटा आलोक कुमार वर्मा एक बीज कंपनी में एरिया सेल्स मैनेजर था, उसकी पत्नी साधना चौबेपुर सीएचसी में नेत्र परीक्षण अधिकारी हैं। पत्नी-पत्नी बेटी अनविका के साथ चौबेपुर में ही रहते थे। रामपाल ने बताया कि आलोक बीच-बीच में चौबेपुर आता था। सोमवार रात करीब आठ बजे वह बाइक से जीटी रोड होते गांव के लिए निकला था, लेकिन देर रात तक नहीं पहुंचा। इसके बाद ही जीआरपी ने हादसे की खबर दी। बेटे की बाइक कल्याणपुर स्थित गूबा गार्डेन के पास खड़ी मिली है, जबकि शव करीब पांच सौ मीटर दूरी पर रेलवे ट्रैक पर था। पता चला कि बाइक में पेट्रोल भी नहीं था। जीआरपी ने ट्रेन हादसे की आशंका जताई है, जबकि पिता और भाई अविनाश ने इससे इनकार किया। उन्होंने बताया कि आलोक को कोई बुलाकर इतनी दूर ले गया है और हत्या कर शव फेंका है। गूबा गार्डेन व आईआईटी क्रॉसिंग के बीच में आउटर पर शव मिला है। वह अकेला होता तो वहां क्या करने जाता। वह लोग तलाश कर रहे थे, मंगलवार सुबह जीआरपी ने घटना की जानकारी दी। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।

### गांव में एक परिवार से है रंजिश

- पिता के अनुसार कुछ समय पहले गांव में आलोक का एक व्यक्ति से बाइक की टक्कर लगने पर विवाद हो गया था। मामले में पुलिस ने उस व्यक्ति पर कार्रवाई की थी। जिससे आरोपी रंजिश मानने लगा था। संदेह जताया कि उसी ने आलोक को शराब पिलाकर हत्या की और शव रेल ट्रैक पर फेंका है। जीआरपी अनवरगंज के अनुसार ट्रेन हादसा लग रहा है, फिर भी आरोपों की जांच की जाएगी।

### मादक पदार्थों की बिक्री का विरोध करें

**कानपुर।** किदवईनगर के कंजड़नपुरवा इलाके में मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त की सूचना पर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने क्षेत्र का दौरा किया। लोगों से क्षेत्र की गतिविधियों के बारे में पूछा और बच्चों को टॉफियां दी व उनसे पढ़ाई, दिनचर्या के बारे में पूछा। बच्चों ने कहा, हम भी पुलिस बनना चाहते हैं। उन्होंने बच्चों से मन से पढ़ाई करने व नशे से दूर रहने की नसीहत दी। कहा, नशे से भविष्य बर्बाद हो जाता है। ऑपरेशन हौसला के तहत लोगों को अपराध छोड़कर सामाजिक बनने के लिए प्रेरित किया।



कंजड़नपुरवा में बच्चों से मिलते पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार। अमृत विचार

### सड़क हादसे में घायल की मौत

**कानपुर।** कल्याणपुर में सड़क हादसे में घायल अधेड़ की तीन माह बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। बारासिरोही निवासी 44 वर्षीय राजेश सिंह आईआईटी में माली का काम करते थे। तीन माह पहले घर लौटते समय किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी थी। पीजीआई के बाद हैलट अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां सोमवार रात उनकी मौत हो गई।

### सिपाही के खाते से 42 हजार रुपये पार

**कानपुर।** स्वरुपनगर थाने में तैनात सिपाही के खाते से ठगों ने 42.5 हजार रुपये पार कर लिए। इतना ही नहीं दूसरे के खाते से सिपाही के खाते में रुपये भेजकर उसे भी निकाल लिया। पीड़ित ने स्वरुपनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मूलरूप से चित्रकूट के कर्वी इटरौर भीषमपुर निवासी चित्र कुमार सिपाही है। मौजूदा समय में स्वरुपनगर थाने में तैनात हैं और परिवार के साथ गुमटी नंबर पांच में रहते हैं। चित्र कुमार ने बताया कि 13 सितंबर को उनके खाते से साइबर ठग ने 42.50 हजार रुपये निकाल लिए। इतना ही नहीं ठग ने किसी अन्य के यूपीआई से उनके खाते में नौ, 40 व नौ हजार करके तीन बार में 58 हजार रुपये भेजे। फिर एक बार 49 हजार व दूसरी बार में पांच हजार करके 56 हजार रुपये निकाल लिए। दो हजार रुपये ही बचे तो वह उन्होंने निकाल लिया। पीड़ित ने स्वरुपनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी ने बताया कि साइबर सेल की मदद ली जा रही है।

जीवन का अंत

अलग-अलग थानाक्षेत्र में हुईं घटनाएं, परिजनों में मची चीख-पुकार

# शराब की लत, घरेलू कलह और तनाव में छह लोगों ने चुन ली मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शराब की लत, घरेलू कलह और अवसादग्रस्त होने से छह लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दरवाजा तोड़कर परिजन कमरे में घुसे व शव फंदे से उतारा। सूचना पर पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल की। परिजनों में चीख-पुकार मच गई।



हनुमंत विहार का सूरज गुप्ता।

हनुमंत विहार के आशानगर निवासी 35 वर्षीय सूरज गुप्ता पेशे से हलवाई थे, सहालग में भी खाना बनाने का काम करते थे। परिवार में पत्नी आरती, दो बेटियां साधवी व सान्या और बेटा आर्यन हैं। छोटे भाई रजनीश ने बताया कि सूरज का आएदिन किसी न किसी बात को लेकर भाभी से विवाद होता था। जिसमें शराब की लत ही कारण होती थी। सोमवार शाम को भी शराब पीकर आए तो भाभी से कलह शुरू हो गई। इस पर उसने दोनों को समझाकर शांत कराया। खाना खाकर सभी छत पर सोने चले गए थे, लेकिन रात करीब नौ बजे सूरज बाथरूम के बहाने नीचे उतरे और कमरे का दरवाजा बंद कर रस्सी से फांसी लगा ली। परिजन दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तब तक सूरज की मौत हो चुकी थी। इसी प्रकार रेलबाजार निवासी प्राइवेट कर्मी मोंटी ने बताया कि आठ साल पहले उनकी शादी 25 वर्षीय दीपा से हुई थी। छह साल की उनकी बेटी आरोही है। मोंटी के अनुसार सास फूलमती की मौत के बाद वह अपनी ससुराल में ही रहने लगे थे। साथ में साला गोपी भी रहता था, जो शराब का लती था। उसकी लत के कारण पत्नी से उनका आएदिन विवाद होता था। सोमवार शाम गोपी शराब पीकर आया और दीपा से झगड़ने लगा। इसके बाद वह बाहर चले गए और कमरा बंद कर फांसी लगा ली। वहीं, भरथना मलहौसी निवासी 35 वर्षीय जुआर सिंह राजमिस्त्री थे और कल्याणपुर के बारासिरोही में किराये पर रहते थे। परिवार में पत्नी ज्योति, बेटा ऋतिक व बेटी साक्षी है। भाई राजा ने बताया कि जुआ-शराब के लती थे, इस कारण पति-पत्नी में कलह होती थी। ज्योति एक नर्सिंगहोम में नौकरी करती थी। दोनों बच्चों को रविवार शाम काम पर जाने से पहले समीप ही मायके में छोड़ आई थी। रविवार रात साथी के काम पर न आने से ज्योति ने सोमवार दिन में ओवरटाइम किया। शाम को जब घर पहुंची तो पति का शव फंदे से लटका पाया।

### महिला से प्रेम संबंध में युवक ने दी जान

- रावतपुर के आनंदनगर निवासी 22 वर्षीय युवक अवधेश ने फांसी लगाकर जान दे दी। अवधेश ओला चालक था। पिता सरोज के अनुसार अवधेश एकलौता बेटा था। परिवार में पत्नी सरला व बेटी राधिका है। सरोज ने बताया कि अवधेश का इलाके में ही रहने वाली महिला से प्रेम संबंध था। इसका पता चलने पर परिजन विरोध करने लगे। घर में आएदिन विवाद होने लगा। बेटे की जिद पर बीते माह सरोज ने उसे डेढ़ लाख की बाइक भी दिलाई थी, जिस पर वह महिला को बैठाकर घुमाता था। उसे एक दिन देख लिया तो विवाद और बढ़ गया। इसी विरोध व विवाद के चलते सोमवार रात अवधेश ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह परिजनों ने बेटे का शव फंदे पर लटका देखा तो कोहराम मच गया।

### पत्नी की कलह से आजिज युवक ने की आत्महत्या

- मूलरूप से फतेहपुर के रेलबाजार हरिजन बस्ती निवासी 35 वर्षीय कुलदीप कुमार नगरपालिका में संविदा सफाई कर्मचारी थे। परिवार में पत्नी ज्योति, दो बेटियां आरोही व आराध्या हैं। भाई प्रदीप ने बताया कि मन मुटाव के कारण भाभी व बच्चे बाकरगंज में किराए पर रहती थी, जबकि भाई फतेहपुर में रहता था। 15 दिन पहले भाई के साले की मौत हो गई थी, जिस कारण वह आए थे। अपनी बाइक बेचकर साले की तेहरवीं की थी। कुलदीप ने पत्नी से फतेहपुर चलकर रहने को कहा था, लेकिन वह राजी नहीं हुई। भाभी की प्रताड़ना से भाई आजिज आ चुका था। सोमवार दोपहर भी उनके बीच कलह हुई, इस पर कुलदीप बाकरगंज में रहने वाले पारिवारिक बाबा के घर चला गया और वहीं फांसी लगाकर जान दे दी।

### डिप्रेशन में खुदकुशी

शिवली हृदयपुर गांव निवासी 31 वर्षीय धर्मेंद्र यादव बीते एक साल से सचेंडी के संजयनगर भौंती स्थित अपनी ससुराल में रह रहे थे। फैक्ट्री में नौकरी करते थे। पत्नी उर्मिला की बीते साल प्रसव के दौरान मौत हो गई थी। तबसे अवसादग्रस्त और शराब के लती हो गए। दोनों बच्चों की देखरेख भी नहीं हो पा रही थी। छोटे भाई शिवपूजन ने बताया सोमवार रात शराब पीकर आए और देर रात फांसी लगाकर जान दे दी।

## सिटी ब्रीफ

### मुआवजा के लिए सौंपा ज्ञापन

**कानपुर।** 1984 दंगों के पीड़ितों को प्रदत्त मुआवजा के पुन: निरीक्षण के संबंध में श्री गुरु सिंह सभा कानपुर महानगर के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को एडिशनल कमिश्नर रेनू सिंह को ज्ञापन सौंपा। यह जानकारी देते हुए सभा के चेयरमैन एवं पूर्व एमएलसी सरदार कुलदीप सिंह ने बताया की उच्च न्यायालय के समक्ष कार्यवाही के दौरान राज्य सरकार ने 1984 के दंगों के पीड़ितों को मुआवजा एवं राहत प्रदान करने संबंधी चार प्रमुख बिंदुओं का पुन: परीक्षण करने तथा देय राशि में संशोधन करने का आश्वासन दिया था। इन्ही मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में उ.प्र. अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य परविंदर सिंह, महामंत्री प्रशासन गुरविंदर सिंह वासु, उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह (बिट्टू) सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान

**कानपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा 17 सितंबर से 15 अक्टूबर तक राष्ट्रव्यापी वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला ने बताया कि नगर ग्रामीण कांग्रेस प्रत्येक विधानसभा तहसील ब्लॉक और वार्ड स्तर पर यह हस्ताक्षर अभियान चलाएगी जिसकी शुरुआत बुधवार 17 सितंबर से महाराजपुर विधानसभा में रामा देवी चौराहे से की जाएगी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि इस अभियान को गति देने के उद्देश्य से एक कमेटी भी गठित की गयी है जिसके संयोजक वरिष्ठ नेता आनंद मेहरोत्रा सह संयोजक सतीश दीक्षित एडवोकेट को बनया गया है।

### चार परिसरों में पकड़ी बिजली चोरी

**कानपुर।** चीना पार्क विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत केस्को की विजिलेंस टीम ने चार परिसरों पर बिजली चोरी पकड़ी। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा के मुताबिक धुमनी मोहाल के मल्होत्रा मार्केट में गौरव महेश्वरी, नानकारी में कृष्ण कुमार त्रिवेदी, गोरा कब्रिस्तान में शराफत आलम और नाजिर बाग में आफताब आलम पर बिजली चोरी की एफआईआर दर्ज की गई। साथ ही लोगों को बिजली चोरी न करने के लिए जागरूक किया।

## ज्ञान शून्य भाषा से राष्ट्र निर्माण नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ज्ञानशून्य भाषा से राष्ट्र का निर्माण कभी नहीं हो सकता। भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ कर ही हिंदी सही मायनों में राजभाषा से विश्वभाषा का सफर तय कर सकेगी। यह विचार क्राइस्ट चर्च कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस के अवसर मंगलवार को भारतीय ज्ञान परंपरा और हिन्दी ' विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. विनय जॉन सेबेस्टियन ने कहीं।

मुख्य वक्ता में ज्वाला देवी महाविद्यालय में हिंदी की सहायक आचार्य डॉ. खुशबू सिंह ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े बिना हिंदी वैचारिक स्वराज्य की भाषा नहीं बन सकती। हिंदी और भारतीय ज्ञान परंपरा एक दूसरे से गहरे जुड़े हुए हैं। हिंदी में शोध के अनेक नए आयाम व क्षेत्र भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़कर खुल सकते हैं। हिंदी विभाग के सह-आचार्य अवधेश मिश्र ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के बहुलतावादी व प्रतिरोधी चरित्र को सही मायने में हिंदी ही प्रतिबिंबित करती है। हिंदी विभाग के सहायक आचार्य अरुणेश शुक्ल ने कहा कि आधुनिक हिंदी साहित्य का पूरा ढांचा पारंपरिक भारतीय ज्ञान परंपरा की भूमि पर ही खड़ा है। प्रो. सुजाता चतुर्वेदी,आचार्य प्रो. अरविंद सिंह मौजूद थे।



पोस्टर देखते अतिथि।

## प्रीमियम देर से भरने पर नहीं बचेगा जीएसटी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भुगतान की तारीख से नहीं बल्कि जोखिम शुरू होने की तारीख से तय होगा जीएसटी

**अमृत विचार।** जीएसटी की नई दरें लागू होने की तिथि पास आ रही है। जीएसटी रिफार्म के तहत बीमा धारकों के लिए बड़ी राहत की खबर आई है। 22 सितम्बर से जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों पर जीएसटी पूरी तरह से हटा दिया जाएगा। यानि इस तारीख के बाद से टर्म इंश्योरेंस, एंडोमेंट, यूलिप, हेल्थ पॉलिसी, फैमिली फ्लोटर और सीनियर सिटीजन पॉलिसी पर ग्राहकों को जीएसटी चुकाने की जरूरत नहीं रहेगी। लेकिन, शहर के कई बीमा एजेंट और पॉलिसीधारकों के बीच इस फैसले को लेकर भ्रम की स्थिति बन गई है।




आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह के अनुसार कई पॉलिसीधारक मान रहे हैं कि यदि वे अपनी पॉलिसी का नवीनीकरण 22 सितम्बर के बाद करते हैं तो उन्हें जीएसटी छूट का लाभ मिलेगा। इस कारण कई लोग अपने प्रीमियम का भुगतान टालने की योजना बना रहे हैं। दरअसल, प्रीमियम पर जीएसटी की गणना भुगतान की तारीख से नहीं, बल्कि जोखिम आरंभ होने की तारीख से की जाती है। उदाहरण के लिए, यदि किसी पॉलिसी की नवीनीकरण तिथि 20 सितम्बर है और ग्राहक 23 सितम्बर को प्रीमियम भरता है, तब भी उसे जीएसटी छूट नहीं मिलेगी। क्योंकि पॉलिसी की जोखिम शुरू होने की तारीख 20 सितम्बर ही मानी जाएगी। इसका मतलब यह हुआ कि 22 सितम्बर से पहले जिन पॉलिसियों की रिन्यूअल तिथि है, उन पर जीएसटी लागू रहेगा, भले ही भुगतान बाद में किया जाए। केवल वे नई पॉलिसियां या रिन्यूअल जिनकी जोखिम आरंभ तिथि 22 सितम्बर या उसके बाद है, वही जीएसटी छूट के दायरे में आएंगी। राजीव सिंह के अनुसार एजेंट और पॉलिसीधारक दोनों को इस नियम को ध्यान में रखकर ही भुगतान और नवीनीकरण की योजना बनानी चाहिए।

**ध्यान दीजिये**

- प्रीमियम देर से भरकर जीएसटी नहीं बचा सकते।
- पॉलिसी की तारीख ही तय करेगी कि छूट मिलेगी या नहीं।
- समय पर भुगतान करें, पॉलिसी लैप्स न होने दें।
- नई पॉलिसी लेना हो तो 22 सितम्बर के बाद बेहतर रहेगा।

# जयपुरिया क्रॉसिंग पुल चालू हो सकता दीपावली से पहले

### सेतु निगम ने शुरू किया पुल की अप्रोच रोड बनाने का काम, इस माह हो जाएगा पूरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जयपुरिया क्रासिंग पर रेलवे ओवरब्रिज का काम दीपावली से पहले पूरा हो जाएगा और पुल पर वाहन फर्राटा भरने लगेंगे। सेतु निगम के अधिकारियों का यह दावा है। मंगलवार को निर्माण कार्य का जायजा लेने जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह पहुंचे और यहां पर उन्होंने उप परियोजना प्रबंधक सुरेंद्र कुमार सुमन और लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनूप कुमार मिश्र से निर्माण के संबंध में जानकारी ली।

जयपुरिया क्रासिंग पर लगने वाले जाम से डेढ़ से दो लाख लोगों को राहत दिलाने के लिए यहां पर 992 मीटर लंबे रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है, जो पनचक्की चौराहा से चढ़ेगा और सर्किट हाउस से पहले उतरेगा।



पुल की अप्रोच रोड बनाने का काम शुरू हो गया है।

पुल निर्माण के दौरान कुछ पेड़ बाधा बन रहे थे, जिनकी कटान होने के बाद अब कार्य ठीक गति से चल रहा है। पनचक्की की तरफ सेतु निगम ने अप्रोच रोड बनाने के लिए मिट्टी डाल दी है और उसको बराबर करने का कार्य हो रहा है। अप्रोच रोड का कार्य 30 सितंबर तक पूरा होने का दावा राजकीय सेतु निगम के अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। सेतु निगम के अधिकारियों ने जिलाधिकारी को बताया कि 30 सितंबर तक एप्रोच मार्ग का कार्य पूरा हो जाएगा। क्रॉसिंग नंबर 43 पर बन रहे रेलवे ओवर ब्रिज का कार्य अब अंतिम चरण में है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि दीपावली से पहले जनप्रतिनिधियों से पुल का लोकार्पण कराकर इसे जनता की सुविधा के लिए खोला जाए। अधिकारियों के मुताबिक 98 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है।

**ओवरब्रिज बनने से मिलेगी जाम से मुक्ति**

- मालरोड, फूलबाग, बिरहाना रोड, परेड, घंटाघर, कचहरी समेत आदि जगहों से प्रतिदिन लोग जयपुरिया क्रासिंग से होते हुए शुक्लागंज, लालबंगला, जाजमऊ समेत आदि जगहों पर आवागमन करते गैं। रेलवे फाटक बंद होने पर जाम की वजह से परेशानी होती थी। खासकर सुबह और शाम को स्थिति और विकराल होती थी। स्कूली बसों, दफ्तर जाने वालों व एंबुलेंस तक को लंबा इंतजार करना पड़ता था। लेकिन पुल पर यातायात शुरू होने से लोगों को सीधी राहत मिलेगी।

## पंचायत चुनाव 2027 विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल समझें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में मंगलवार को जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। मतदाता पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के उद्देश्य, प्रक्रिया और कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पार्टी पदाधिकारी 2026 में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल मानकर अभी से तैयारियों में जुटें। दक्षिण जिले में महाराजपुर विधानसभा के सरसौल मंडल में तीन वार्डों वार्ड 29 नरवल, वार्ड 30 सरसौल और वार्ड 31 सिकठिया में पंचायत चुनाव होने हैं। अभी पार्टी का केवल सिकठिया पर कब्जा है, बाकी दोनों सीटें सपा के पास हैं। पार्टी पिछले तीन चुनावों की जातिगत समीकरण का डाटा तैयार कर रही है। शिवराम सिंह ने बताया कि मतदाता सूची में जनवरी में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं एवं पात्र नागरिकों जिनके नाम मतदाता सूची में नहीं चढ़े हैं उन लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराना और अपात्र नामों को हटाना लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त बनाने के लिए आवश्यक है। पार्टी कार्यकर्ता गांव गांव ,घर घर जाकर मतदाता सूची लेकर एक एक मतदाता का सत्यापन कर आवश्यक सुधार कराने की जिम्मेदारी निभाने को कहा।

शिवराम सिंह ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य है कि प्रत्येक योग्य मतदाता का नाम सूची में दर्ज हो ताकि पंचायत चुनाव में जनता की भागीदारी अधिक से अधिक सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने, ग्रामीण क्षेत्रों में घर घर जाकर संपर्क व संवाद बढ़ाने,उनको केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी देने और जनजागरूकता अभियान चलाने को कहा। बैठक में राम बहादुर यादव, विनय मिश्रा, रमेश कुशवाहा, सुरेंद्र अवस्थी, लक्ष्मी निषाद, सुमित पांडेय, अजय प्रताप, विनय प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।




भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह बैठक करते हुए।

- भाजपा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पूर्व मतदाता पुनरीक्षण अभियान में जुटेगी

## दस हजार युवाओं को मिलेगा खेल का मंच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अब गांव-गांव और मोहल्ले-मोहल्ले के खिलाड़ियों के सामने बड़ा मौका है। सरकार युवाओं की प्रतिभा को पहचान दिलाने के लिए सांसद और विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन करा रही है। इस आयोजन में भाग लेने के लिए किसी भी तरह का शुल्क नहीं लगेगा। खिलाड़ी सीधे युवा साथी जाकर या क्यूआर कोड स्कैन कर निःशुल्क पंजीकरण कर सकेंगे। यह निर्णय मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि विधानसभा स्तर पर कम से कम एक हज़ार खिलाड़ी पंजीकरण कराया जाएगा। जिले से कुल दस हज़ार युवा इस महाआयोजन का हिस्सा बनेंगे।

**आठ खेलों में दिखा सकेंगे दमखम**

- खिलाड़ी एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, जूडो, फुटबॉल और बैडमिंटन में अपनी ताकत दिखा सकेंगे। इसमें सब जूनियर (16 वर्ष से कम), जूनियर (16 से 20 वर्ष) और सीनियर (20 वर्ष से अधिक) वर्गों में लड़के और लड़कियां दोनों भाग ले सकेंगे। 21 सितम्बर से 31 अक्टूबर तक विधानसभा स्तर की स्पर्धा होगी। इसमें विजयी खिलाड़ी 1 नवम्बर से 25 दिसम्बर तक होने वाली सांसद खेल स्पर्धा में पहुंचेंगे। इसके बाद 27 दिसम्बर से 10 जनवरी तक ज़ोन स्तर और 20 से 31 जनवरी तक राज्य स्तर पर प्रतियोगिताएं होंगी।



## गाड़ी पकड़ने पर जीएसटी आफिस में हंगामा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

**अमृत विचार।** उद्योग व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल व्यापार कर जीएसटी कार्यालय पहुंचा। यहां पर मंडल के व्यापारी और पदाधिकारियों ने अस्सिटेंट कमिश्नर द्वितीय प्रशांत कुमार व अस्सिटेंट कमिश्नर ग्रेड-1 एसआईबी कुमार आनंद से मुलाकात की और अफीम कोठी में लोहा व्यापारी मोहम्मद यामीन का उत्पीड़न की जानकारी दी। बताया कि जीएसटी विभाग के सचल दल के एसी- 8 संतोष सिंह ने टैक्स चोरी की आशंका पर व्यापारी की लोहे के स्क्रैप की गाड़ी 13 सितंबर को पकड़ी, कागजात दिखाने के बाद भी वह संतुष्ट नहीं हुए। महामंत्री कृपा शंकर त्रिवेदी ने बताया कि अगर इस बिल में टैक्स की चोरी नहीं है तो क्यों गाड़ी पकड़ी गई। अध्यक्ष सुनील बजाज ने कहा कि टैक्स की चोरी न होने पर भी गाड़ी पकड़ी गई है। मामले की जांच कराते हुए गाड़ी को तत्काल प्रभाव से छोड़ जाए। वहीं, मांग है कि व्यापारी को परेशान करने वाले अधिकारी को दंडित भी किया जाए। इसपर अस्सिटेंट कमिश्नर द्वितीय प्रशांत कुमार ने जांच कराते हुए गाड़ी को छोड़ दिया। इस दौरान युवा उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के महामंत्री संत मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, प्रदीप पांडे, पंकज राठौर, मोहन गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, मयंक यादव, दीपू अग्रहरि, गुलशन जायसवाल, सौरभ त्रिवेदी, भीम यादव, हिमांशु राठौर, विजय गुप्ता, मो.यामीन, रोशन लाल अरोड़ा, सुरेश गुप्ता व प्रभात शुक्ला, एमएच खान मौजूद रहे।




जीएसटी कार्यालय पर नारेबाजी करते व्यापारी। अमृत विचार

## 20 तक पूरा किया जाए आइडियल पैच निर्माण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर आयुक्त ने सफाई व्यवस्था और सीएम ग्रिड की सड़कों का किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने मंगलवार को शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसके साथ ही सीएम ग्रिड की सड़कों का निर्माण कार्य भी देखा। फेज–1 परियोजना के अंतर्गत पांच प्रमुख सड़कों एनएच-19 से हमीरपुर मार्ग, बर्रा बाईपास से कर्रही होते हुए हमीरपुर तक, अलंकार गेस्ट हाउस से साउथ एक्स मॉल तक, बगिया क्रॉसिंग से केस्को सबस्टेशन चौराहा तक व घंटाघर चौराहा से ग्रीनपार्क चौराहा तक के निर्माण कार्य देखे। नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि अलंकार गेस्ट हाउस से साउथ एक्स मॉल मार्ग का आइडियल पैच निर्माण कार्य 20 सितंबर तक पूर्ण कर लिया जाए। इसके बाद स्थानीय लोगों को भ्रमण करा परियोजना की विस्तृत जानकारी व सीएम ग्रिड के लाभों से अवगत कराया जाए।

निरीक्षण के दौरान जोन–2 के वार्ड–24 में जोनल अधिकारी ने बताया कि बस्ती के कुछ घरों से लोग कूड़ा नहीं दे रहे हैं। इस पर नगर आयुक्त ने इस क्षेत्र में एक अतिरिक्त कूड़ा गाड़ी लगाने को कहा।

निर्देश दिए कि इस पर कोई अतिरिक्त शुल्क न लिया जाए, ताकि कचरा संग्रहण शत-प्रतिशत सुनिश्चित हो सके। इसके बाद नगर आयुक्त गांधीग्राम वार्ड–26 गए। यहां कुछ जगह सड़क किनारे कचरा पड़ा मिला। इस पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई और जोनल स्वच्छता अधिकारी को निर्देश दिए सफाई के दौरान सड़क किनारे पड़े कचरे का उठान सुनिश्चित कराए। भविष्य में इस प्रकार की स्थिति नहीं होनी चाहिए।

**भाजपा** | प्रभारी मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने भाजपा जिला पदाधिकारियों के साथ की बैठक

## बेलगाम अधिकारी नहीं किए जाएंगे बर्दाश्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपी उच्च शिक्षा मंत्री व कानपुर के प्रभारी मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने मंगलवार को सर्किट हाउस में भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक की। प्रभारी मंत्री ने संगठन के नेताओं से प्रशासन और कानपुर की जनसमस्याओं पर फीड बैक लिया।

उत्तर जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने पुलिस और प्रशासन द्वारा संगठन के कार्यकर्ताओं व आम जनमानस की उपेक्षा का मुद्दा उठाया, दक्षिण के जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि आरटीई के तहत पात्र लोगों के एडमिशन स्कूलों द्वारा नहीं लिए जा रहे हैं। एमएलसी अरुण पाठक ने ग्रामीण क्षेत्रों में आ रही समस्याओं को बताया। अमित पांडे ने फेरी नीति और स्मार्ट सिटी योजना की जानकारी दी। सुरेश अवस्थी ने बढ़कर आ रहे गृहकर का मुद्दा उठाया। योगेंद्र उपाध्याय ने आश्वासन दिया कि वह 24 सितंबर को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और समस्याओं का निराकरण करेंगे उन्होंने कहा कि प्रशासन में कोई बेलगाम अधिकारी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में उपेंद्र पासवान, विधायक महेश त्रिवेदी, अनुराग शर्मा, मनीष त्रिपाठी, अवधेश सोनकर, प्रमोद विश्वकर्मा, अनुपम मिश्रा, सीमा एमबीए, आशा पाल, ॠचा सक्सेना, धीरज बाल्मीकि, जसविंदर सिंह, रमिंदर सिंह, पार्षद नीरज रक्सेल, नीरज गुप्ता, नीरज कुरील, अर्जुन बेरिया, प्रशांत त्रिपाठी आदि रहे।



सर्किट हाउस में भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक करते प्रभारी मंत्री। अमृत विचार

## गृहकर में गड़बड़ी पर व्यापारियों ने जताया आक्रोश

**कानपुर।** गृहकर में गड़बड़ी पर व्यापारियों ने आक्रोश जताया है। उत्तरप्रदेश युवा व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल महापौर प्रमिला पांडेय से मिला और उनसे गृहकर ठीक कराने की मांग उठाई। महानगर अध्यक्ष कपिल सब्बरवाल, महामंत्री रंजीत सिंह बिल्लू ने बताया कि नगर निगम मनमाने तरीके से व्यापारियों को गलत बिल भेज रहा है। जहां प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री उद्यमियों की प्रोत्साहित कर कानपुर को औद्योगिक हब के रूप में विकसित करना चाहते हैं, वहीं नगर निगम मनामाने तरीके से गृहकर कई गुना बढ़ाकर भेज कर व्यापार व उद्योगों के विकास के रास्ते अवरोध बनने का काम कर रहा है।

## शोरूम का उद्घाटन करेंगी माधुरी दीक्षित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पीएनजी ज्वैलर्स के शोरूम का बिरहाना रोड पर उद्घाटन 28 सितंबर को

**अमृत विचार।** शहर में पीएनजी ज्वैलर्स कदम रखने जा रहा है। बिरहाना रोड में नए शोरूम का उद्घाटन करने मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित 28 सितंबर को शहर आएंगी। इससे पहले लखनऊ में 27 सितंबर को पीएनजी ज्वैलर्स का नया शोरूम खुलेगा। वाइस प्रेसीडेंट हेमंत छावन ने बताया कि मराठों की धरती से हम अब यूपी में प्रवेश कर रहे हैं। कानपुर में अपनी शुरुआत करते हुए, हमारा ध्यान बाज़ार की मांग, स्वीकार्यता और लक्षित दर्शकों के स्नेह पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि पीएनजी ज्वैलर्स का पहला स्टोर 1832 में महाराष्ट्र के सतारा शहर में शुरू हुआ था। इसका विस्तार 1958 में पुणे से शुरू हुआ। वर्तमान में भारत में 58 स्टोरों के साथ पीएनजी ज्वैलर्स पिछले 17 वर्षों से अमेरिका के कैलिफ़ोर्निया में भी एक स्टोर चला रहा है।



जानकारी देते हेमंत छावन।

## मेट्रो, जलकल, जल निगम कार्यालय में विरोध की चेतावनी

**कानपुर।** वार्ड-14 की पार्षद शालू सुनील कनौजिया ने नवरात्रि से पहले जूही गढ़ा की क्षतिग्रस्त सीवर लाइन की मरम्मत कराने की मांग की है। इसे लेकर उन्होंने जलकल के महाप्रबंधक आनंद सिंह, अधिशाषी अभियंता और मेट्रो कॉरपोशन के चीफ इंजीनियर ब्रजेश वर्मा को पत्र भेजा है। पार्षद का कहना है क्षेत्र में बड़ी सीवर लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। इससे दक्षिण के कई इलाकों में सीवर भराव की समस्या हो रही है। नवरात्रि से पूर्व इस समस्या का निस्तारण कराया जाए। वर्ना मेट्रो कार्यालय के बाहर, दूसरे दिन जलकल मुख्यालय के बाहर व तीसरे दिन जल निगम कार्यालय में पूजा- पाठ कर विरोध जताया जाएगा।

# सीएसए का दीक्षांत समारोह कल, परिसर में हुआ रिहर्सल

## दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी राज्यपाल और आईसीएआर के महानिदेशक


प्रेसवार्ता में जानकारी देते कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह व साथ में अन्य। अमृत विचार


रिहर्सल के दौरान मौजूद विश्वविद्यालय स्टाफ और छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) का 27वां दीक्षांत समारोह 18 सितंबर को आयोजित होगा। मंगलवार को प्रोफेसरों ने रिहर्सल किया।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह ने बताया कि समारोह में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक डॉ.एमएल जाट, विश्वविद्यालय की कुलाधिपति व प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही व कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख शामिल होंगे। कुल 649 विद्यार्थियों को विभिन्न उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इनमें 69 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि, 142 को एमएससी कृषि एवं उद्यान विज्ञान, 17 को एमएससी गृह विज्ञान, 71 को एमबीए (एग्री-बिजनेस), 170 को बीएससी कृषि, 24 को बीएससी कम्युनिटी साइंस, 75 को बीटेक की विभिन्न शाखाओं में डिग्री दी जाएगी। बताया कि दीक्षांत समारोह में 63 विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए पदक भी प्रदान किए जाएंगे। इनमें 28 पदक मेधावी छात्राओं को और 35 पदक छात्रों को दिए जाएंगे। बताया कि 14 विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 13 विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय रजत पदक, 14 विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय कांस्य पदक से सम्मानित किया जाएगा। 21 छात्र-छात्राओं को प्रायोजित स्वर्ण पदक प्रदान जाएंगे। कहा कि यह आयोजन विश्वविद्यालय की अकादमिक उपलब्धियों के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में किए जा रहे अनुसंधान और नवाचारों की झलक भी पेश करेगा। कृषि वैज्ञानिक डॉ.रितु पांडेय और डॉ.पीके भदौरिया को सम्मानित किया जाएगा।

**649** कुल विद्यार्थियों को उपाधियां दी जाएगी

**63** विद्यार्थियों को दिए जाएंगे विभिन्न पदक

**14** विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक

**13** विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय रजत पदक

### समारोह को यादगार बनाने पर हो रहा काम

- दीक्षांत सामारोह से पहले मंगलवार को कुलपति समेत विश्वविद्यालय के अधिकारी और विभिन्न विभागों के अध्यक्ष निर्धारित क्रम में शोभायात्रा के रूप में दीक्षांत समारोह स्थल पहुंचे। औपचारिकताओं के बीच मेधावियों को पदक, डिग्री और पुरस्कार वितरण का अभ्यास कराया गया। समारोह की शुरुआत किस तरह होगी और किस क्रम में कार्यक्रम आगे बढ़ेगा, इसका भी अभ्यास कराया गया। कुलपति प्रो.आनंद कुमार सिंह ने कहा कि समारोह को भव्य और यादगार बनाने के लिए हर पहलू पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। प्राथमिक और जूनियर विद्यालय (कक्षा 3 से 8) के विद्यार्थियों के बीच हुई प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

# एचबीटीयू के दीक्षांत समारोह में 1015 विद्यार्थियों को मिलेगी डिग्री

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


दीक्षांत समारोह की जानकारी देते एचबीटीयू के कुलपति प्रो.शमशेर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय (एचबीटीयू) में 19 सितंबर को सातवां दीक्षांत समारोह शताब्दी भवन में सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेंगी। कुलाधिपति व राज्यपाल द्वारा 1015 विद्यार्थियों को डिग्री दी जाएगी। कुलाधिपति विश्वविद्यालय की नई इमारतों व निर्मित किए गए सॉफ्टवेयर्स का उद्घाटन करेंगी।

एचबीटीयू के कुलपति प्रो.शमशेर ने बताया कि समारोह में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष अरविंद सिंह साहनी मुख्य अतिथि होंगे, वह एचबीटीयू के पूर्व छात्र हैं। उप्र के तकनीकि शिक्षा मंत्री आशीष पटेल, आईएएस नरेंद्र भूषण व सांसद भी शामिल होंगे। कुलाधिपति पदक में बीटेक कंप्यूटर साइंस की छात्रा पंखुड़ी गुप्ता को स्वर्ण पदक, प्रमोद चतुर्वेदी स्मृति विशिष्ट छात्र पुरस्कार और 40 हजार रुपये नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। रजत पदक बीटेक कंप्यूटर साइंस के अभय कुमार यादव और उत्कर्ष अग्रवाल को कांस्य पदक से सम्मानित किया जाएगा। बीटेक के 684 विद्यार्थी, एमबीए के 179 विद्यार्थी, एमसीए के 66, एमटेक के 37 विद्यार्थी, बीबीए के 19 विद्यार्थी, एमएससी के 18 विद्यार्थी और पीएचडी के 12 विद्यार्थियों को डिग्री दी जाएगी। विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव में बच्चों के बीच हुई कविता, कला व आदि प्रतियोगिता में विजेता को राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। साथ ही 14 शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा, जिनमे से तीन शिक्षकों को राज्यपाल सम्मानित करेंगी। 100 आंगनबाड़ी को किट वितरण की जाएगी। समारोह से पहले बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। परिसर में बने 10 बेड के अस्पताल समेत आदि का उद्घाटन व शिलान्यास राज्यपाल द्वारा किया जाएगा। कुलपति के मुताबिक विश्वविद्यालय को यूजीसी से 12-बी मान्यता प्राप्त हुई है और अब एआईयू के सदस्य भी है। विश्वविद्यालय की एनआईआरएफ रैंकिंग में सुधार हुआ है। पांच करोड़ से अधिक की प्रायोजित अनुसंधान परियोनाएं, वर्तमान शैक्षणिक सत्र में 500 से अधिक शोध पत्रों का प्रकाशन हो चुका है और 25 पेटेंट हुए हैं।

**03** छात्र-छात्राओं को मिलेगा कुलाधिपति पदक

**684** विद्यार्थी पाएंगे बीटेक की डिग्री

**10** बेड के अस्पताल का उद्घाटन भी

**179** विद्यार्थी एमबीए के पाएंगे डिग्री

## सिटी ब्रीफ

### नेत्रदान किया

**कानपुर।** कृष्णा नगर निवासी लक्ष्मी देवी कपूर (75) का मंगलवार सुबह हृदय गति रूकने से निधन हो गया। कृष्णा नगर के नेत्रदान अभियान से प्रेरित होकर परिवार ने पूर्व पार्षद व नेत्रदान प्रेरक मदन लाल भाटिया से संपर्क किया। फिर वरिष्ठ नेत्र रोग व कॉर्निया ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ. शालिनी मोहन के निर्देश पर मेडिकल कॉलेज की नेत्र रोग विभाग से डॉ.ऐश्वर्या व डॉ. शिवांशी की टीम ने उनकी दोनों कॉर्निया सुरक्षित ली, जिसे दो लोगों को प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की जाएगी।


दिवंगत लक्ष्मी देवी कपूर।

### हर बूथ से एक बस जाएगी लखनऊ

**कानपुर।** परेड स्थित बसपा कार्यालय में बसपा के संस्थापक कांशीराम के परिनिर्वाण पर नौ अक्टूबर को होने वाली महारैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए समीक्षा बैठक हुई। जिलाध्यक्ष कुलदीप गौतम ने बताया कि महारैली को विशाल बनाने के लिए हर बूथ से एक बस लाने के लिए सेक्टर व बूथ के पदाधिकारी के साथ प्रत्येक विधानसभा वार जिम्मेदार लोगों को जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान रवि गुप्ता, मुख्य मंडल प्रभारी बीआर अहिरवार, मंडल प्रभारी नत्थू लाल दिवाकर, राम नारायण निषाद, आनंद कुरील, जिला प्रभारी राम शंकर कुरील आदि थे।


सीएसजेएमयू में दीक्षांत समारोह की तैयारी की गई। अमृत विचार

# सीएसजेएमयू के दीक्षांत में प्रधानमंत्री का उद्बोधन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विश्वविद्यालय के सभी ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट्स पर होगा लाइव प्रसारण

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) का 40वां दीक्षांत समारोह बुधवार को परिसर में आयोजित किया जाएगा, जो सुबह नौ बजे से शुरू होगा। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर होने वाले कार्यक्रम व उनके उद्बोधन का सजीव प्रसारण किया जाएगा। विश्वविद्यालय के सभी ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट्स पर भी समारोह का लाइव प्रसारण किया जाएगा।

सीएसजेएमयू के 40वें दीक्षांत समारोह की पूर्व संध्या पर मंगलवार को परिसर में रिहर्सल किया गया। शोभायात्रा निकाली गई और मंच के कार्यक्रमों का अभ्यास हुआ। रिहर्सल में कुलाधिपति की भूमिका डीन अकादमिक प्रो. बृष्टि मित्रा और कुलपति की भूमिका में प्रोफेसर अंशु यादव नजर आईं। कुलसचिव राकेश कुमार ने पदक विजेताओं के नाम पुकारे और उन्हें मंच पर बुलाकर सम्मानित करने का अभ्यास किया। साथ ही शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। मेधावी विद्यार्थियों को पदक, डिग्री और अंकतालिका प्रदान की गई। डॉ.अंशु यादव ने जाहिदा अमीन को डी.लिट की मानद उपाधि प्रदान कर सम्मानित करने का रिहर्सल किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक और प्रति कुलपति प्रो.सुधीर अवस्थी ने रिहर्सल के मौके पर विश्वविद्यालयों के शिक्षक अलग-अलग भूमिका में दिखायी दिए।

कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक ने प्रशासनिक व अकादमिक अधिकारियों के साथ दीक्षांत की तैयारियों का जायजा लिया और समारोह को सफल बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रत्नार्थु मिश्रा ने किया। कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक के मुताबिक 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर समारोह में उनके उद्बोधन का सजीव प्रसारण दीक्षांत समारोह में किया जाएगा। विश्वविद्यालय के सभी ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट्स पर भी समारोह का लाइव प्रसारण किया जाएगा।

# होटल से स्टेडियम तक बनेगा विशेष कारिडोर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भारत ए-आस्ट्रेलिया ए के बीच 30 सितंबर से पांच अक्टूबर तक होंगे तीन वनडे मुकाबले
- डीसीपी पूर्वी, टूर्नामेंट डायरेक्टर ने डायरेक्टरेट से लेकर मीडिया गैलरी तक परखी सुरक्षा

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में 30 सितंबर से पांच अक्टूबर तक होने वाले तीन वनडे मुकाबलों में खिलाड़ियों को विशेष सुरक्षा घेरे में रखा जाएगा। होटल से स्टेडियम तक खिलाड़ियों के लिए विशेष कारिडोर बनाने की तैयारी है। स्टेडियम की हर दीर्घा में पुलिस बल की तैनाती होगी। मैच के लिए स्टेडियम में थ्री-लेयर सुरक्षा घेरा रहेगा। सुरक्षा तैयारियों को लेकर मंगलवार को डीसीपी पूर्वी, टूर्नामेंट डायरेक्टर ने डायरेक्टरेट से लेकर मीडिया गैलरी तक व्यवस्थाएं और पुलिस पिकेट प्वाइंट देखा।

तीन वनडे मुकाबलों को लेकर यूपीसीए और पुलिस कमिश्नर की देखरेख में बैठक व समीक्षा होगी। जिससे मैच से पहले पार्किंग, सुरक्षा और स्टेडियम में दर्शकों को आसानी से प्रवेश की रूपरेखा बनाई जा सके। मंगलवार को डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता, एडीसीपी अंजलि विश्वकर्मा ने टूर्नामेंट डायरेक्टर डॉ. संजय कपूर के साथ ग्रीनपार्क स्टेडियम का निरीक्षण किया और भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच में तैयार किए गए सुरक्षा घेरे की जानकारी ली।


मैदान का निरीक्षण करते संजय कपूर व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

डायरेक्टरेट से लेकर मीडिया गैलरी तक सुरक्षा व्यवस्था परखी। डीसीपी पूर्वी ने स्टेडियम की हर दीर्घा में पुलिस बल तैनात करने और एयरपोर्ट से होटल व होटल से स्टेडियम तक खिलाड़ियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था की रूपरेखा बनाई। टूर्नामेंट डायरेक्ट ने कहा कि मैच अंतरराष्ट्रीय मानक पर है। मुकाबले में एशिया कप के अभिषेक शर्मा, रजत पाटीदार, अर्शदीप सिंह और तिलक वर्मा जैसे धुरंधर खिलाड़ी आ रहे हैं। इसलिए दर्शकों का उत्साह देखते मैच के दौरान पार्किंग की व्यवस्था भी ठीक की जाएगी। निरीक्षण के बाद स्टेडियम में मैच कार्यालय का उद्घाटन यूपीसीए के पदाधिकारियों ने किया। जहां से मैच की सारी गतिविधियों को संचालित किया जाएगा।


डीपीएस बर्रा में समारोह का उद्घाटन करते अतिथि। अमृत विचार

### ग्रांड पैरेंट्स डे समारोह का आयोजन

**कानपुर।** बर्रा स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में मंगलवार को 'ग्रांड पैरेंट्स डे' समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली पब्लिक स्कूल, कानपुर की प्रो वाइस चेयरपर्सन बंदना मिश्रा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का प्रारंभ पधारे सभी दादा-दादी व नाना- नानी के स्वागत गीत के साथ किया गया। समारोह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आज के एकल परिवारों में रहने वाले बच्चों को इन स्नेही संबंधों के प्यार, दुलार व आत्मीयता के महत्व से परिचित कराना था। विद्यालय प्रांगण में नवोदित सितारों के साथ उनके ग्रांड पैरेंट्स की खुशी देखते ही बन रही थी। इस दौरान कई खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य जयंती मित्रा कई शिक्षकों समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।



विजेता टीम को ट्राफी दी गई। अमृत विचार

### अंतर-विद्यालय तैराकी प्रतियोगिता

**कानपुर।** मैनावती मार्ग स्थित जे एम डी वर्ल्ड स्कूल द्वारा तृतीय अंतर-विद्यालय तैराकी प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस प्रतियोगिता में अंडर-8 से लेकर अंडर-19 तक के विभिन्न आयु वर्गों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिताएं जैसे-फ्री-स्टाइल, बैकस्ट्रोक, ब्रेस्टस्ट्रोक, बटरफ्लाई तथा 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में विद्यार्थियों ने तैराकी कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता की ओवरऑल विनर ट्रॉफी जे एम डी वर्ल्ड स्कूल के खिलाड़ियों ने हासिल की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर राहुल सरकार, वरिष्ठ व्याख्याता, आई.आई.टी. कानपुर द्वारा विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या मलिका अरोरा सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## धर्म-अध्यात्म

श्रीरामलीला सोसाइटी के तत्वावधान में मर्चेंट चैंबर हाल में श्रीराम कथा

# कुसंगति बनती है इंसान के पतन का कारण : मंदाकिनी दीदी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कुसंगति का प्रभाव बहुत ही भयानक होता है। कुसंगति ही पतन का कारण बन जाती है। श्रीमद्भगवत गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जिज्ञासा पर बताया था कि व्यक्ति का पतन संग दोष से प्रारंभ होता है। वह संग कोई व्यक्ति का होना आवश्यक नहीं है विषय चिंतन से भी प्रारंभ होता है। ये बातें दीदी मां मंदाकिनी ने श्रीरामलीला सोसाइटी के तत्वावधान में मर्चेंट चैंबर हाल में आयोजित श्रीराम कथा में कहीं।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर तमाम ऐसे समाचार आते हैं जिनसे हम विचलित हो जाते हैं। हमारे बच्चे जो अपरिपक्व हैं उनका सारा भविष्य नष्ट हो जाता है। इन वासनात्मक प्रलोभनों के आक्रमण से हमारे मन, बुद्धि और शरीर को बचाने के लिए हमें अपनी प्रतिरोध शक्ति बहुत ही मजबूत करनी होगी। श्रीराम चरित मानस हमारा समर्थ और पूर्ण सद्गुरु है जो हमारा मार्गदर्शन निरंतर कर सकता है। गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं कि रामचरित मानस हमारे हृदय के समस्त प्रकार के विकारों को नष्ट करता है। श्री हनुमान जी की श्रीराम कथा में ऐसी प्रीति है कि वे भगवान राम के साथ साकेत धाम पधारे। उन्होंने कहा कि जब तक मृत्यु लोक में रामकथा रहेगी तब तक मैं यहीं रहना चाहूंगा। भगवान की कथा न सुनने के कारण ही भगवान शिव की पत्नी सती को बहुत कष्ट भोगना पड़ा। उन्होंने कहा कि सत्संग के द्वारा ही हमारी मति सुमति हो जाती है। इसीलिए भगवान राम ने प्रथम भक्ति संतों की संगति को बताया है। जब सती जी दूसरे जन्म में पार्वती बनतीं हैं तो प्रभु राम की कथा का श्रवण करके धन्य होती हैं और शंकर जी से उनका पुनः मिलन होता है। इस अवसर पर सोसाइटी के अध्यक्ष महेंद्र मोहन गुप्त, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव गर्ग, प्रधानमंत्री कमलकिशोर अग्रवाल, उपाध्यक्ष लाल जी शुक्ल, वीरेंद्र अग्रवाल, गोपाल कृष्ण माहेश्वरी, संरक्षक राकेश गर्ग, राजीव अग्रवाल, मंत्री अमरनाथ मेहरोत्रा, आलोक अग्रवाल, पवन अग्रवाल, बृजकिशोर आदि उपस्थित रहे।


भगवान राम की आरती करते सोसाइटी अध्यक्ष महेंद्र मोहन गुप्त। अमृत विचार


कथा कहतीं मंदाकिनी दीदी। अमृत विचार


अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैने अपना नाम SAYED SABIHUL HUSAIN से बदलकर SABIHUL HUSAIN RIZVI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-ZAWWAR HUSAIN RIZVI ADD-456/368/12N MAHTAB BAGH SAJJAD BAGH HUSAINABAD DIST-LUCKNOW (U.P)

**सूचना**
मैं **श्रीराम मिश्रा पुत्र स्व मोहनलाल मिश्रा निवासी ग्राम व पो0 नेरी तह0 महोली जिला सीतापुर** का हूँ। मेरे पुत्र अचल कन्हैया मिश्रा के क्रिया कलाप व चाल-चलन ठीक न होने के कारण इसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है इसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य अथवा लेन-देन के लिए मैं व मेरे परिवार का कोई भी सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा।

**सूचना**
मैं **दीपक कुमार पुत्र कुंवर बहादुर निवासी ग्राम नानमऊ परगना बिजनौर तहसील सरोजनीनगर जिला लखनऊ** का हूँ, मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड में अन्निया (ANNIYA) त्रुटिवश अंकित हो गया है जबकि पुत्री का नाम जन्म प्रमाण पत्र में अनन्या (ANANYA) अंकित है जो सत्य व सही है। अत: मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड में अनन्या (ANANYA) अंकित किया जाय।

**सूचना**
मैने अपना नाम Saksham Bajpai से बदलकर Aviraj Bajpai रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0- Vishal Bajpai ADD- a-120, avas vikas colony, Shahpur water tank, gorakhpur, gita vatika district gorakhpur uttar pradesh 273006

**सूचना**
सूचित हो कि मैं रामफेर केशनलाल निर्मल पुत्र केशनलाल निवासी-कुर्री पोस्ट सुदौली जिला रायबरेली का निवासी हूँ। अब मैं रामफेर के स्थान पर रामफेर केशनलाल निर्मल के नाम से जाना एवं पहचाना जाऊँगा।

**NOTICE**
MY SON YUVRAJ PASSED HIGH SCHOOL IN 2025 FROM MOTHER TERESA MISSION HIGHER SECONDARY SCHOOL. HIS NAME WRONGLY MENTIONED IN LAST SCHOOL K.R. EDUCATION CENTER, KANPUR NAGAR YUVRAJ SINGH, THE CORRECT NAME IS YUVRAJ S/O RAJ KUMAR SINGH, 28/5 H.A.L. COLONY, RAMA DEVI KANPUR NAGAR. THE NAME OF MY WARD WILL BE YUVRAJ FOR ALL FUTURE PURPOSES.

**NOTICE**
I, Totaram son of Dori Singh resident of rajarampur PO Mankara tehsil rampur sadar district Rampur UP hereby declare that my name in my son's JC 542813A SUB SOHAN SINGH service record is wrongly mentioned as Tota Ram. My correct name is Totaram.

**सूचना**
मै **महेश पुत्र मुल्ला निवासी ग्राम बगुलहिया मजरा नेकपुरनेवादा थाना बिलग्राम जिला हरदोई** मैने अपनी पत्नी रामदेवी व पुत्र शिवनाथ व उसकी पत्नी तथा दूसरे अविवाहित पुत्र छबिनाथ के दुराचरण एवं आये दिन मार पीट व हंगामा काटने से तृस्त हो चुका हूँ इन्हे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ इनके किसी भी क्रिया कलाप के ये स्वयं जुम्मेदार होगे मेरा इन से पूरी तरह सम्बन्ध विच्छेद हो चुका है इनसे मेरा कोई वास्ता सरोकार नही रहा है न भविष्य में होगा।

**सूचना**
मै **श्रीमती जरीन पत्नी मो0 फरीद निवासिनी-212/24, पुरी टोला, आगामीर ड्योढी, चौक, लखनऊ**, मेरा पुत्र मुबस्सिर गाजी पुत्र मो. फरीद का चाल चलन ठीक नहीं है और आये दिन मुझसे लड़ाई झगड़ा व मारपीट करता है तथा अन्य जाति में शादी करने जा रहा है। इस कारण मैने अपने पुत्र को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से पूरी तरह से बेदखल कर दिया है। उक्त पुत्र द्वारा किये गये किसी भी कार्य में मेरा कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। अपने द्वारा किये गये कार्यो के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा तथा मै व सभी परिजनों ने मुबस्सिर गाजी से अपने सारे सम्बन्ध समाप्त कर लिए है।

**सूचना**
मै **श्रीमती सुनीता वर्मा पत्नी धर्मेन्द्र वर्मा निवासिनी एच0एन0वी0 164 स्वर्ण जयंति बिहार सेक्टर 7. किदवई नगर कानपुर नगर** तथा धर्मेन्द्र वर्मा पुत्र स्व0 कामता प्रसाद वर्मा, मैने अपने पुत्र जीत वर्मा व पुत्र वधू गुनगुन के चाल चलन व क्रियाकलाप ठीक न होने कारण उनके परिवार से सम्बन्ध विच्छेद कर रहे हैं। मेरा उक्त लोगों से कोई वास्ता व सरोकार नहीं है अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगें।

**सूचना**
मैं त्रिवेणी पुत्र कंधईलाल मैंने अपने पुत्र ध्रुव कुमार को उसके गलत चाल चलन के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में यदि कोई दावा करता है तो वह झूठा एवं फर्जी माना जाएगा। **त्रिवेणी पुत्र कंधईलाल निवासी गंगापुर दाखिला लखैहिया थाना रूपईडीहा जनपद बहराइच।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है मैं माधवानन्द (Madhawanand) पुत्र धर्मानन्द निवासी ग्राम भालू उडियार, तहसील डीडीहाट, जिला पिथौरागढ, उत्तराखंड मेरे पुत्र आनन्द बल्लभ आर्मी न0 4199511X यूनिट 7 कुमाऊं के सैन्य रिकार्ड व सरकारी दस्तावेज में मेरा नाम माधवा नन्द (Madhwa Nand) दर्ज है जबकि आधार कार्ड में माधवानन्द (Madhawanand) दर्ज है जो कि सही है अत: मेरे पुत्र के सरकारी दस्तावेज में मेरा नाम माधवानन्द (Madhawanand) दर्ज किया जाए।

**सूचना**
मैं सुनीता सिंह (SUNITA SINGH) पत्नी स्वर्गीय अरविंद कुमार सिंह (LATE ARVIND KUMAR SINGH), निवासी गांव खोजापुर, पोस्ट - जजराही जमालपुर, जिला - सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश, मेरा नाम सुनीता सिंह (SUNITA SINGH) है, लेकिन गलती से मेरे पुत्र के आर्मी नंबर 3006666X, हवलदार, अमित कुमार सिंह (ARMY NO-3006666X, HAV AMIT KUMAR SINGH) सैन्य सेवा पुस्तिका/दस्तावेजों में नाम सुनीता देवी (SUNITA DEVI) अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड में नाम सुनीता सिंह, (SUNITA SINGH) पत्नी अरविंद कुमार सिंह (ARVIND KUMAR SINGH) अंकित है। यह कि पुत्र के आर्मी सर्विस रिकार्ड में अंकित किए हुए नाम सुनीता देवी (SUNITA DEVI) के स्थान पर मेरा नाम सुनीता सिंह (SUNITA SINGH) अंकित किया जाय।

अमृत विचार www.amritvichar.com



### न्यूज ब्रीफ

## अधेड़ ने कल्याणी नदी में लगाई छलांग, एक घंटे बाद निकला बाहर

फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव मेला रामकुंवर निवासी सुखेंद्र सिंह (50) मंगलवार शाम कस्बा फतेहपुर चौरासी के पास कल्याणी नदी में पुल से कूद गए। उनके कूदते ही वहां लोग जमा हो गए। एक घंटे के बाद सुखेंद्र सिंह तैर कर बाहर आ गए। बताया गया कि सुखेन्द्र मानसिक विक्षिप्त है और थानाक्षेत्र के गांव फरदापुर में दो माह से अपनी बहन के घर रह रहे हैं। सूचना पर परिजन एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी लाए। जहां से उन्हें घर भेज दिया गया।

## बीएचयू के अवधेश को मिलेगा सृजन सम्मान

उन्नाव। प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. रामविलास शर्मा के सम्मान में डॉ. रामविलास शर्मा शोध-सृजन संस्थान प्रति वर्ष हिंदी साहित्य के क्षेत्र में प्रचार प्रसार व उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करता है। उनकी जयंती 10 अक्टूबर पर यह सम्मान दिया जाता है। संस्था के अध्यक्ष सेवानिवृत प्रधानाचार्य रामरेश ने बताया कि यह पुरस्कार साहित्यकारों व लेखकों को दिया जाता है। इसके लिए गठित कमेटी में चयन समित के अध्यक्ष कथाकार काशीनाथ सिंह सदस्य नित्यानंद तिवारी व सुभाष राय ने इस वर्ष के पुरुस्कार के लिए बीएचयू के प्राध्यापक अवधेश प्रधान का नाम चयनित किया है। संस्था के मंत्री दिनेश प्रियमन ने बताया कि अवधेश प्रधान हिंदी साहित्य की समस्याएं, कीर्तिलता, विद्यापति का युग, साहित्य और समय, सीता की खोज आदि प्रसिद्ध रचनाओं के लेखक हैं।

## पेड़ पर फंदे से लटका मिला किशोरी का शव

उन्नाव। बरहा खुर्द गांव निवासी सरिता (17) पुत्री बबलू पाल करीब 6 माह माह से मानसिक बीमार थी। बताते हैं कि परिजन मंगलवार को खेत में थे। तभी वह दोपहर दो बजे व्ळ घर से निकल गई। शाम चार बजे गांव से एक किलोमीटर आगे गांव निवासी देशराज की बाग में लगे आम के पेड़ में लोगों ने उसका शव दुपट्टे से लटका देख परिजनों को बताया। परिजन उसका शव देख बेहाल हो गए। दरोगा एचएन शर्मा ने जांच के बाद शव नीचे उतरवाकर मोर्चरी भेजा। पिता ने बताया कि बेटी छह माह से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। इसी से वह अवसाद में थी। वह तीन बहन एक भाई में बड़ी थी। इनमें बहन संजू, संध्या, भाई कृष्णा हैं। उसकी मौत से मां शिवदेवी व अन्य परिजन बेहाल हैं।

## पंडाल बना रहे लोगों पर बोला हमला, दी तहरीर

बांगरमऊ। भगवान श्री विश्वकर्मा कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा व उपाध्यक्ष राजकुमार विश्वकर्मा ने कोतवाली पुलिस को दिये पत्र में कहा कि 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती पर ट्रस्ट द्वारा हवन-पूजन, कवि सम्मेलन व रात्रि में जवाबी कीर्तन का आयोजन होना है। इस कार्यक्रम के लिए मंगलवार शाम ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी मंदिर प्रांगण में पंडाल लगा रहे थे। तभी पड़ोसी दुकानदार राकेश कश्यप, अमित यादव, सागर रस्तोगी व अमित त्रिवेदी सहित पांच-छह लोग लाठी-डंडे लेकर वचहां आए और ट्रस्ट के पदाधिकारियों पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले से संतोष कुमार और राजकुमार विश्वकर्मा गंभीर घायल हो गए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। घटना की जांच कर आरोपियों पर कार्यवाही की जाएगी।

## जहरीले जंतु के काटने से किसान की मौत

उन्नाव। माखी थानाक्षेत्र के मेहरबान खेड़ा गांव निवासी मंशाराम (68) पुत्र स्व. हुबलाल खेती के साथ घर पर गाय पाले था। सोमवार देरशाम वह गाय व अन्य मवेशियों का चारा डालने गया था। तभी नांद के पास रहे किसी जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई। इस पर वह उसे सफीपुर सीएचसी लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव मोर्चरी में रखवा दिया। आशंका पर सुबह परिजनों ने नांद के आसपास तलाश की तो वहां एक सर्प बैठा मिला। जिसे वीडियो बनाकर परिजनों ने लाठी डंडों से मार दिया।

## अवैध मिले क्लीनिक पर दर्ज हुई रिपोर्ट

सफीपुर। कस्बे के पीखी रोड पर झोलाछाप के सहारे अवैध रूप से संचालित एंजेल क्लीनिक के विरुद्ध एसीएमओ डॉक्टर नरेंद्र कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई। एक पखवाड़ा पूर्व प्रसव के दौरान बच्चे की मौत की सोशल मीडिया पर खबर वायरल होने पर सीएचसी प्रभारी की जांच में यह क्लीनिक बिना डॉक्टर के संचालित मिला था। बता दें कि कस्बे व आसपास क्षेत्र में विभागीय साठगांठ से अवैध रूप से नर्सिंग होम व जांच केंद्र संचालित हैं। इनमें कोई घटना होने पर ही विभाग की कुम्भकर्णी नींद खुलती है।

# गुणवत्तापूर्ण कार्य कराकर हैंडओवर की जाएं परियोजनाएं

**जिलाधिकारी गौरांग राठी ने रेड कैटेगरी, यलो कैटेगरी निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान दिए निर्देश**

संवाददाता, उन्नाव



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी गौरांग राठी। अमृत विचार

अमृत विचार। जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं के कार्य के अंतर्गत रेड कैटेगरी, यलो कैटेगरी निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें जिलाधिकारी ने शहीद गुलाब सिंह लोधी पुलिस प्रशिक्षण केंद्र, अमृत कार्य के अंतर्गत उन्नाव व शुक्लागंज में गंगा बैराज के माध्यम से विभिन्न प्रणाली व हाउस कनेक्शन, नगर पालिका शुक्लागंज के मुख्य नालों के श्राव को टैप कर एसटीपी के माध्यम से शुद्धिकरण से सम्बंधित योजना, डौडिया खेड़ा स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर का सुंदरीकरण, चंद्रिका देवी मंदिर में घाटों व गेस्ट हाउस निर्माण सहित जिले के निर्माण कार्यों की समीक्षा कर भौतिक प्रगति व हैंडओवर रिपोर्ट की जानकारी लेकर कार्यदायी संस्थाओं को प्राथमिकता से गुणवत्तापूर्ण कार्य कराकर कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये।

## जल निगम नगरीय पर कार्रवाई के निर्देश

उन्नाव, अमृत विचार: जिलाधिकारी ने कहा कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गई है उनकी हैंडओवर रिपोर्ट शीघ्र दें। अमृत-2 कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका गंगाघाट पुनर्गठन पेयजल योजना के पूर्ण होने के बावजूद हैंडओवर की कार्यवाही न होने और सबंधित एई जल निगम नगरीय से जानकारी लेने पर संतोषजनक जवाब न देने पर नाराजगी जताते हुए कड़ी फटकार लगाई और अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय को एई जल निगम नगरीय पर कार्यवाही के लिए शासन को पत्र भेजने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने चंद्रिका देवी मंदिर में गेस्ट हाउस निर्माण के सम्बंध में कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि तत्काल हैंडओवर की कार्यवाही की जाए। कहा कि जो परियोजनाएं धन के अभाव में अधूरी हैं पत्राचार के माध्यम से धनराशि की मांग कर कार्य शुरू कराए जाएं। परियोजनाओं में मानकों का पूरा ध्यान रखा जाए। पूर्ण करने के लिए जो निर्धारित समय दिया गया है उस समय में ही परियोजना पूर्ण हो। कहा कि परियोजनाओं के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। किसी भी स्थिति में जिले की रैंक बिगड़ती है तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। सभी गंभीरता से विभागीय कार्यों में रुचि लेकर सीएम डैशबोर्ड में प्रगति सुधारें। बैठक में सीडीओ कृतिराज, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला विकास अधिकारी देव चतुर्वेदी, चित्रा दुबे, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी जिला पर्यटन अधिकारी सन्तोष कुमार सहित अन्य कार्यदायी संस्थाओं के प्रभारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## माता भगवती देवी शर्मा जन्म शताब्दी पर होगा अखंड जप

शुक्लागंज। वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी के अवसर पर आगामी 20 सितंबर, शनिवार को गायत्री शक्तिपीठ बालू घाट में अखंड जप का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 5 बजे से सायं 5 बजे तक चलेगा। आयोजकों ने समस्त परिजनों से अपील की है कि वे समय निकालकर अनिवार्य रूप से इस जप में भाग लें और अपना नाम एवं समय सदाशिव त्रिपाठी, संग्राम सिंह, या दया साहू के पास अवश्य दर्ज कराएं। भाग लेने वाले परिजनों के नाम शांतिकुंज हरिद्वार भेजे जाएंगे। आयोजन की जानकारी संग्राम सिंह, सदाशिव त्रिपाठी, दया साहू एवं व्यवस्थापक आरी गुप्ता ने दी।

# दबोचा गया ब्रम्ह नगर डकैती का पांचवां इनामी आरोपी

- पुलिस ने आरोपी के पास से 3.20 लाख रुपये और जेवरात बरामद

शुक्लागंज, अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चर्चित ब्रम्ह नगर डकैती कांड में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। मंगलवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर त्रिभुवन खेड़ा तिराहे के पास से 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश दीपक पुत्र सहदेव निवासी रसूलपुर, थाना बछरावां, जिला रायबरेली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से 3 लाख 20 हजार रुपये नकद व सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं।

9 सितंबर को बमबम चौराहा स्थित ब्रम्ह नगर मोहल्ले में व्यापारी राकेश शुक्ला के घर में दिनदहाड़े डकैती हुई थी। बदमाशों ने राकेश शुक्ला की पत्नी सीता शुक्ला और किरायेदार रतना को बंधक बनाकर लूटपाट की थी। घटना के बाद पुलिस ने जांच की तो मामले में पांच लोगों के शामिल होने की पुष्टि हुई। प्रारंभिक रिपोर्ट लूट की दर्ज हुई थी, लेकिन जांच में तथ्य सामने आने पर इसे डकैती की धाराओं में तरमीम कर दिया गया। पुलिस ने घटना के बाद सक्रियता दिखाते हुए 10 सितंबर को दो आरोपियों रामू पुत्र गुरु प्रसाद निवासी रसूल, थाना बछरावां और राजू पुत्र हफीज निवासी गुटकुशहन फुलेंडी, थाना बछरावां, जिला रायबरेली को गिरफ्तार किया था। वहीं 12 सितंबर को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरोह के दो अन्य सदस्यों संतबहादुर उर्फ पंडा पुत्र विजय बहादुर निवासी डलमऊ और वीरेंद्र उर्फ नन्कू यादव को दबोच लिया था। उस दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से 8 लाख 5 हजार रुपये, एक लाइसेंसी रिवाल्वर, तीन अवैध तमंचे,



पुलिस गिरफ्त में लूट के माल के साथ खड़ा इनामिया आरोपी। अमृत विचार

कारतूस और दो मोटरसाइकिलें बरामद की थीं। हालांकि गिरोह का एक सदस्य दीपक पुत्र सहदेव फरार चल रहा था। उसके खिलाफ पुलिस अधीक्षक उन्नाव द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। मंगलवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दीपक त्रिभुवन खेड़ा तिराहे के पास मौजूद है। घेराबंदी कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 3.20 लाख रुपये नकद, एक पाजेब, एक कमर पेटी, दो पायल के टुकड़े और एक मंगलसूत्र बरामद हुआ। गिरफ्तारी करने वाली टीम में गंगाघाट, एसओजी और सर्विलांस की टीम मौजूद रही। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए उसे जेल भेज दिया।

### आरोपी पर दर्ज हैं पांच मुकदमे

गिरफ्तार अभियुक्त दीपक पुत्र सहदेव का लंबा आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ बछरावां और महाराजगंज थानों में लूट, डकैती और शस्त्र अधिनियम से संबंधित कम से कम पांच मुकदमे पंजीकृत हैं। पुलिस का मानना है कि दीपक की गिरफ्तारी से इस गिरोह की गतिविधियों पर पूरी तरह से अंकुश लग जाएगा।

## आशंका : मनगढ़ंत थी चाकू से वार की कहानी

हसनगंज। लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर एक रेस्टोरेंट के सामने बीती शनिवार देरशाम लखनऊ के तिरवा गांव निवासी अनुज पुत्र बाबूलाल हसनगंज कस्बे में रह रही अपनी बहन अंजना के पास जा रहा था। जहां पहले से एक रेस्टोरेंट के सामने घात लगाए बैठे मोहान के विवेक पुत्र अज्ञात व तीन अन्य नकाबपोश युवकों ने विवेक पर चाकू से हमला कर दिया था। जिसमें विवेक की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच में विवेक द्वारा लगाए गए आरोप पुलिस को संदिग्ध लगे। जिसमें अनुज की लोकेशन विवेक द्वारा बताए गए समय के अनुसार घटनास्थल पर नहीं मिली व कपड़ों पर भी चाकू से वार किए जाने के कोई निशान नहीं मिले थे। सूत्र बताते हैं कि मामला त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग का है। जिस लड़की से विवेक की शादी हो रही है उससे पहले अनुज का संबंध था। इस संबंध में सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लग रहा है। जिस पर चाकू मारने के आरोप हैं वह उस समय लोकेशन के अनुसार घटनास्थल पर नहीं था।

# महिलाओं के शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम

अमृत विचार Follow UP

- फैक्ट्री से लौटते समय सड़क हादसे में गई थी जान

उन्नाव, अमृत विचार। लखनऊ-कानपुर हाईवे पर बीती रात फैक्ट्री से काम कर लौट रही दो महिलाओं की सड़क हादसे में मौत हो गई थी।

बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के कैथियाना मोहल्ला निवासी चंद्र किशोर श्रीवास्तव की पत्नी ज्योति (51) व कोतवाली क्षेत्र के ही मोहल्ला एबी नगर निवासी रानी सिंह (42) पत्नी शिव बहादुर दही थाना क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में कर्मचारी थीं। सोमवार देरशाम दोनों फैक्ट्री में छुट्टी होने के बाद दही थाना के पास लखनऊ कानपुर हाईवे पार कर सड़क किनारे खड़े होकर ऑटो का इंतजार कर रही थीं। तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन उन्हें और बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मारते हुए भाग गया। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा। जहां ज्योति को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं इलाज शुरू होने के कुछ देर बाद रानी की भी मौत हो गई थी। वहीं बाइक सवार अजगैन कोतवाली के शीतलगंज मोहल्ला निवासी कृष्णा (20) पुत्र रामशंकर व रमेश (25) पुत्र उमाशंकर का कानपुर में इलाज चल रहा है। मंगलवार को शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। एसओ अवनीश सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पुनर्विचार याचिका दायर कर टेट से मुक्त कराया जाए

उन्नाव, अमृत विचार। उप्र सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रेम सिंह चंदेल, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला के नेतृत्व में शिक्षकों ने जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को दिया।

ज्ञापन में कहा कि वर्ष 2011 के पूर्व मौलिक पदों पर तत्समय निर्धारित योग्यता रखने वाले नियुक्त शिक्षकों पर सर्वोच्च न्यायाल द्वारा जो टेट लागू करने का निर्णय दिया है उस पर पुर्नविचार याचिका दाखिल कर वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट योग्यता से मुक्ति दिलाने की मांग की है। उप्र के शिक्षकों की नियुक्ति में टेट योग्यता 27 जुलाई 2011 से अनिवार्य है। इसके पूर्व जो भी शिक्षक नियुक्त हैं वह वर्ष 2011 से पूर्व जो भी उस पद योग्यता निर्धारित थी। इसके अनुसार उस योग्यता को पूर्ण करके ही उनकी मौलिक नियुक्ति पर हुई। नियुक्ति के बाद कोई भी अन्य योग्यता उनके ऊपर लागू करना उचित नहीं है। इस निर्णय से प्रदेश व देश के लाखों शिक्षक मानसिक रूप से अपने को असहज महसूस कर रहे हैं। मांग की गई कि भारत सरकार की ओर से पुर्नविचार याचिका दाखिल की जाए या जो भी अध्यादेश आदि के द्वारा पहले से नियुक्त शिक्षकों टेट से मुक्ति मिल सके। ज्ञापन देने वालों में शिवमोहन सिंह, सुरेश वर्मा, उत्तरा सिंह, विश्वजीत, रवि बाजपेई, फूलचंद, राजेश सिंह, सूर्यभान सिंह आदि रहे।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

उन्नाव। उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले प्रान्तीय मंत्री व जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय के नेतृत्व में 2011 की पूर्व के बेसिक शिक्षकों पर टेट की अनिवार्यता सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए जाने संबंधी आदेश के विरोध में शिक्षकों ने प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री व शिक्षामंत्री भारत सरकार को सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। इससे पूर्व निराला उद्यान में अपराह्न 2 बजे से शिक्षकों का हुजूम उमड़ पड़ा। तमाम ब्लाक अध्यक्षों व जिला कार्यसमिति के पदाधिकारियों के साथ आक्रोशित शिक्षकों ने एक सुर में सेवारत शिक्षकों को अयोग्य ठहराने का विरोध किया। जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने कहा कि तत्कालीन सेवा शर्तों को पूरा करने के बाद बने शिक्षकों पर नया कानून लागू किया जाना उचित नहीं है। जिलामंत्री गजेन्द्र वर्मा ने कहा कि एक भी शिक्षक सशंकित न हो। ज्ञापन के माध्यम से समस्या के निराकरण हेतु सरकार से अनुरोध किया गया है। यदि शीघ्र ही समाधान न हुआ तो संगठन आरपार की लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ने को तैयार हैं।

# जूनियर शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल शिक्षक विधायक से मिला

उन्नाव, अमृत विचार। उप्र जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने जिलाध्यक्ष अनुपम मिश्र, संरक्षक राघवेंद्र सिंह, महामंत्री रामजन्म सिंह के नेतृत्व में शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल से भेंट की और उन्हें प्रधानमंत्री व शिक्षा मंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन दिया।

इसमें सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा के संबंध में दिए गए निर्णय का विरोध करते हुए अधिनियम में संशोधन किए जाने की मांग की। अध्यक्ष ने कहा कि यह निर्णय देश व प्रदेश के बेसिक शिक्षकों के हितों के विपरीत है। दशकों से विभागीय सेवा शर्तों पर सेवा देते आ रहे शिक्षकों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। शिक्षा का



शिक्षक विधायक को ज्ञापन देते शिक्षक संघ की पदाधिकारी। अमृत विचार

अधिकार अधिनियम एवं एनसीटीई अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से छूट देने हेतु अधिनियम में संशोधन कराने के लिए प्रयास करें। शिक्षक विधायक ने कहा कि जो भी पुराने शिक्षक हैं उन्हें टीईटी करने हेतु बाध्य करना गलत है। हम शिक्षकों के साथ हैं और उनकी मांग भारत सरकार तक पहुंचाएंगे और प्रदेश सरकार से भी अनुरोध करेंगे कि वह भी शिक्षक हित में यह निर्णय परिवर्तित करने को केंद्र सरकार से बात कर इसे बदलवाने व परिवर्तन कराने का कष्ट करें। प्रतिनिधि मंडल में उपाध्यक्ष उमेश चन्द्र, अनूप कुमार शुक्ला, तौसीफ अली आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संदिग्ध हालत में चारपाई में मिला युवक का शव

उन्नाव। संदिग्ध परिस्थिति में भोरपहर युवक का शव उसकी चारपाई पर पड़ा मिला। दही थानंतर्गत झंझरी गांव निवासी चंदप्रकाश (42) पुत्र स्व. रामपाल देररात खाना खाने के बाद कमरे में चारपाई पर सो गया। सुबह उसे भांजी संगीता पुत्री लल्लन निवासी तौरा थाना जगाने गई। कई आवाज देने पर उसने कोई उत्तर नहीं दिया तो उसने हिलाकर देखा तो वह चारपाई पर औंधे मुंह अचेत पड़ा था। शोर सुन परिजन व पड़ोसी पहुंचे। डॉक्टर ने उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। बेटे गोलू की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव मोर्चरी भेजा है। पहले मां अब पिता की मौत से बेटे गोलू, दीपक अंकित, सूरज, अरुण व बेटी मोनिका बेहाल हैं। एसओ अवनीश सिंह ने बताया कि बेटे की सूचना पर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पीएम रिपोर्ट आने पर मौत का सही कारण पता चलेगा।

# किशोर से कुकर्म के दोषी को 10 साल की सजा

संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। किशोर से कुकर्म करने के दोषी युवक को कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद 10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने दोषी युवक पर 12 हजार जुर्माना भी लगाया है।



सोहरामऊ थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने 14 सितंबर-2017 को पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि सोहरामऊ गांव निवासी दुर्गेश ने 18 अगस्त-2017 को उसके 13 वर्षीय बेटे से तमंचा दिखाकर कुकर्म किया था। बेटे ने आपबीती परिजनों को बताई तो दुर्गेश ने पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। तहरीर के आधार पर पॉक्सो एक्ट आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर 19 जनवरी-2018 को आरोपी को पकड़कर जेल भेजा था। आईओ विनोद कुमार ने जांच कर साक्ष्य संकलित कर 13 फरवरी-2018 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। मंगलवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद न्यायाधीश विवेकानंद विश्वकर्मा ने शासकीय अधिवक्ता कविता सिंह की दलील व साक्ष्य के आधार पर दुर्गेश को 10 साल की सजा सुनाई।

## किशोरी को बहलाकर ले गए युवक को सजा

उन्नाव। मौरावां के एक गांव के व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 जनवरी-2024 को उसकी 17 वर्षीय बेटी दवा लेने मुहिउद्दीन चौराहा जाने की बात कह घर से गई थी। तभी बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के रैथाना गांव निवासी शिवम उर्फ तन्नू उसे रास्ते में मिला और उसे बहलाकर अपने साथ ले गया। मंगलवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद न्यायाधीश विमल त्रिपाठी ने शासकीय अधिवक्ता मनोज पांडेय की दलील व साक्ष्य के आधार पर शिवम को दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा सुनाई।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

फतेहपुर चौरासी, अमृत विचार। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के सादुल्लापुर गांव निवासी आनंद शंकर (20) पुत्र हरि शंकर गांव निवासी अपने साथी शुभम (20) पुत्र मदनलाल के साथ हरियाणा में वाल कंपाउंड बनाने का काम करता था। करीब 4 माह बाद दोनों सोमवार सुबह घर लौटे थे। रात करीब नौ बजे दोनों घर से बिना बताए निकल गए। देररात डेढ़ बजे घर से एक किमी आगे बालामऊ-उन्नाव रेलमार्ग पर फतेहपुर चौरासी हाल्ट के पास बने पुल पर वे मालगाड़ी की चपेट में आकर



घायल हो गए। इसमें आनंद के दोनों पैर कट गए, वहीं शुभम के सिर में चोट आ गई। लोको पायलट से मिली जानकारी व स्टेशन मास्टर के मेमो पर दोनों को भोरपहर सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पहुंचने से पहले आनंद की मौत हो गई। वहीं शुभम को कानपुर रेफर किया गया है। जहां वह वेंटिलेटर पर है। चर्चा रही कि आनंद का मोबाइल कहीं गिर गया था। जिसे दोनों ढूंढने गए थे। वहीं पिता बेटे के रात में ट्रैक पर जाने का कारण नहीं बता पाया। पिता के मुताबिक आनंद नई बाइक खरीदने वाला था। एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

**मुश्किल हालात** | **24 घंटे में 7 सेंटीमीटर घटा गंगा का जलस्तर**

# खतरे के निशान से नीचे गंगा, चेतावनी बिंदु से ऊपर

संवाददाता, शुक्लागंज

अमृत विचार। गंगा का जलस्तर लगातार गिरावट पर है, लेकिन चेतावनी बिंदु से ऊपर बने रहने के कारण तटीय इलाकों में लोगों की मुश्किलें अभी भी कम नहीं हुई हैं।

मंगलवार को केन्द्रीय जल आयोग ने बताया कि सोमवार शाम छह बजे जलस्तर 112.210 मीटर दर्ज किया गया था, जो मंगलवार शाम छह बजे घटकर 112.140 मीटर रह गया। इस प्रकार 24 घंटे में 7 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज की गई। गिरावट के बावजूद तटीय इलाकों गोताखोर, हुसैन नगर, मोहम्मद नगर, शाही नगर समेत कई मोहल्लों में अब भी पानी भरा है। यहां रहने वाले लोगों को आवाजाही से लेकर रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने में परेशानी हो रही है। वहीं, जिन इलाकों से बाढ़ का पानी उतर गया है, वहां खाली प्लॉट और निचले हिस्सों में गंदा पानी जमा है। इससे जगह-जगह गंदगी का अंबार लग गया है और संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडराने लगा है। स्थानीय लोग प्रशासन से जल्द सफाई और दवा छिड़काव की मांग कर रहे हैं। बाढ़ के बाद बीमारियों के फैलने की संभावना बनी रहती है। इसलिए दवा के छिड़काव की जरूरत होती है। इसके अलावा मच्छर जनित रोगों से भी बचाव करना होता है।

## रामलीला स्थल से ट्यूबवेल लगा निकाला जा पानी



रामलीला स्थल से ट्यूबवेल से पानी निकालने का होता कार्य। अमृत विचार

शुक्लागंज : शुक्लागंज में होने वाली श्री सार्वजनिक रामलीला की तैयारियां इस बार बाढ़ के चलते प्रभावित हो रही थीं। 22 सितंबर से राजधानी मार्ग स्थित सुरेश पंडा बाउंड्री वॉल परिसर में आयोजित होने वाली रामलीला से पहले स्थल पर पानी भर गया था। आयोजकों ने नगर पालिका प्रशासन से मदद की मांग की। श्री सार्वजनिक रामलीला समिति गंगाघाट इस वर्ष स्वर्ण जयंती वर्ष मना रही है। समिति ने बताया कि रामलीला का आयोजन 22 सितंबर से 3 अक्टूबर तक किया जाएगा।

## सांसद पर अभद्र टिप्पणी करने वाले को जेल

पाटन। भाजपा मंडल अध्यक्ष की तहरीर पर सोशल मीडिया पर भाजपा सांसद साक्षी महाराज पर गलत टिप्पणी करने वाले युवक को पुलिस ने मंगलवार को पकड़कर जेल भेजा है। बता दें कि सोशल मीडिया के फेसबुक अकाउंट पर बिहार थानाक्षेत्र के संगनखेड़ा निवासी रमाकांत द्वारा एक पोस्ट की गई थी। इसमें उसने भाजपा सांसद साक्षी महाराज पर सजातीय वोट का लाभ लेकर जीतने और इसके बाद उनकी मदद न करने की बात लिखी थी। इस पर भाजपा के सुमेरपुर मंडल अध्यक्ष आशीष बाबा ने बिहार थाना में सांसद के खिलाफ लोधी समाज को भड़काने के लिए झूठे आरोप लगाने और गलत टिप्पड़ी करने समेत अन्य आरोप लगा तहरीर दी थी। इस पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। इसके बाद रमाकांत को पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया। एसओ बिहार राहुल सिंह ने बताया कि रमाकांत लोधी को जेल भेजा गया है।

# तय दाम से अधिक वसूल रहा निजी खाद विक्रेता

बांगरमऊ, अमृत विचार। नगर का एक उर्वरक विक्रेता निर्धारित दर से 400 रुपये प्रति बोरी अधिक लेकर धड़ल्ले से डीएपी खाद बेच कर रहा है। भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने एसडीएम से विक्रेता पर कार्यवाही की मांग की है।

भाकियू कार्यकर्ता सुख सागर, सरोज कुमार, माता प्रसाद, श्याम कुमार, पप्पू, राम बाबू व राम सजीवन आदि ने एसडीएम नवीन चन्द्र को दिए शिकायती पत्र में कहा कि वे लोग नगर के माढ़ापुर मार्ग स्थित एक निजी खाद बिक्री केंद्र पर डीएपी खाद खरीदने गए थे। विक्रेता ने एक बोरी डीएपी खाद की सरकारी दर 1350 रुपये के बजाए 400 रुपये

**धांधली**

अधिक की मांग की। किसानों ने जब विक्रेता से रसीद देने की मांग की तो उसने रसीद देने से मना करते हुए कहा कि वह अपनी मर्जी की दर से डीएपी खाद देगा। जिसे जहां भी शिकायत करना है कर सकता है। चूंकि अब रवी की फसल की बुआई के लिए किसानों को डीएपी खाद की जरूरत है। इसलिए अधिकांश निजी खाद बिक्री केंद्र फास्फेट खाद भी ब्लैक में बिक्री करने में जुटे हैं। इसके पूर्व खरीफ की फसल के समय भी यही विक्रेता यूरिया खाद निर्धारित दर से 400 रुपये अधिक दाम लेकर बिक्री कर चुके हैं।

# अमृत विचार

**बुधवार, 17 सितंबर 2025**






लोग कहते हैं, कड़ी मेहनत थकान लाती है। मैं कहता हूं, कड़ी मेहनत संतोष लाती है।

**-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

## वक्फ कानून पर संतुलन

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को लेकर एक अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने अधिनियम के कुछ महत्वपूर्ण प्रावधानों पर तो स्थगन आदेश दिया, लेकिन पूरे कानून को निलंबित करने से इंकार कर दिया। यह फैसला न्यायपालिका की उस संतुलित भूमिका को दर्शाता है, जिसमें वह कानून निर्माण की संसद की शक्ति को चुनौती नहीं देती, परंतु यह भी सुनिश्चित करती है कि कोई भी कानून संविधान की मूल भावना से विपरीत न हो। वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन का इतिहास भारत में हमेशा विवादास्पद रहा है। वक्फ अधिनियम, 1995 के तहत बने नियमों का उद्देश्य मुस्लिम समुदाय की धार्मिक और सामाजिक संपत्तियों की रक्षा करना था, लेकिन समय के साथ इन पर पारदर्शिता की कमी और राजनीतिक दखल के आरोप लगते रहे। संशोधन अधिनियम 2025 इन्हीं खामियों को दूर करने के लिए लाया गया, जिसमें पारदर्शिता बढ़ाने और गैर-मुस्लिम प्रतिनिधियों को बोर्ड में शामिल करने जैसे बदलाव किए गए।

सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि किसी कानून पर पूरी रोक सिर्फ दुर्लभ परिस्थितियों में लगाई जा सकती है। अदालत ने माना कि नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर असर डालने वाले कुछ प्रावधानों पर अंतरिम आदेश जरूरी था, लेकिन पूरे कानून को रोकना न्यायसंगत नहीं होगा। इस प्रकार अदालत ने संतुलन साधते हुए धारा 3(आर) और धारा 83 की कुछ उपधाराओं को अस्थायी रूप से स्थगित किया, जबकि अधिनियम की बाकी धाराएं प्रभावी बनी रहीं। साथ ही, केंद्र सरकार से विस्तृत जवाब तलब किया गया है। इससे यह संकेत भी मिलता है कि मामला अभी परीक्षण के अधीन है और अंतिम निर्णय आने में समय लगेगा। राजनीतिक दृष्टि से यह फैसला अपेक्षित प्रतिक्रियाओं को जन्म देने वाला था। कांग्रेस ने इसे सरकार की मंशा पर आंशिक रोक करार देते हुए कहा कि यह न्यायपालिका का हस्तक्षेप उचित है। वहीं भाजपा ने विपक्ष पर भय और भ्रम की राजनीति करने का आरोप लगाया और अधिनियम को सुधारात्मक कदम बताया। वस्तुतः वक्फ कानून हमेशा धार्मिक भावनाओं और राजनीतिक समीकरणों से जुड़ा मुद्दा रहा है। ऐसे में किसी भी संशोधन या न्यायालय के हस्तक्षेप का समाज और राजनीति पर असर होना स्वाभाविक है।

यह निर्णय लोकतंत्र और संविधान की कसौटी पर भी परखा जाना चाहिए। संसद को कानून बनाने का अधिकार है, लेकिन संविधान यह भी कहता है कि हर कानून समानता, न्याय और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के अनुरूप होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में यही संदेश दिया कि अगर किसी कानून के प्रावधान इन मूल्यों से टकराते हैं, तो अदालत हस्तक्षेप करने से पीछे नहीं हटेगी। यह नागरिकों के विश्वास को मजबूत करता है कि न्यायपालिका केवल तकनीकी व्याख्या नहीं करती, बल्कि मूल अधिकारों की रक्षा भी करती है। आगे की राह सरकार और संसद के सामने है। वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन केवल कानूनी प्रश्न नहीं है, यह सामाजिक न्याय और पारदर्शिता का भी मुद्दा है। सरकार को चाहिए कि अधिनियम में ऐसे प्रावधान लाए जाएं जो निष्पक्ष और धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण को और मजबूत करें।

## नरेंद्र मोदी: संघ से प्रधानमंत्री तक की यात्रा





चंद्रशेखर चतुर्वेदी

बीएचयू, वाराणसी

'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के आदर्श वाक्य से प्रेरित होकर, नरेंद्र मोदी ने शासन में एक आदर्श बदलाव की शुरुआत की है, जिससे समावेशी, विकासोन्मुख और भ्रष्टाचार मुक्त शासन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। प्रधानमंत्री ने अंत्योदय के उद्देश्य को साकार करने और समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को सरकार की योजनाओं और पहल का लाभ सुनिश्चित करने के लिए स्पीड और स्केल पर काम किया है। प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने इस बात को माना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत रिकॉर्ड गति से गरीबी को खत्म कर रहा है। नीति आयोग की नवीनतम रिपोर्ट '2005-06 से भारत में बहुआयामी गरीबी' के निष्कर्षों के अनुसार, पिछले नौ वर्षों में लगभग 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं। इसका श्रेय केंद्र सरकार द्वारा गरीबों के हित को ध्यान में रखते हुए लिए गए विभिन्न निर्णयों को जाता है।

आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम 'आयुष्मान भारत' सफलतापूर्वक चला रहा है। 50 करोड़ से अधिक भारतीयों को कवर करते हुए आयुष्मान भारत, गरीब और नव-मध्यम वर्ग को उच्च गुणवत्ता और सस्ती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित कर रहा है। गरीबों को वित्तीय धारा से जोड़ने के लिए पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री जन-धन योजना शुरू की, जिसका उद्देश्य प्रत्येक भारतीय का बैंक खाता खोलना था। अब तक 51 करोड़ से अधिक जन-धन खाते खोले जा चुके हैं।

जन-धन से एक कदम आगे बढ़ते हुए श्री मोदी ने समाज के सबसे कमजोर वर्गों को बीमा और पेंशन कवर देकर जन सुरक्षा पर जोर दिया। JAM ट्रिनिटी (जन धन- आधार-मोबाइल) ने बिचौलियों को समाप्त कर दिया और प्रौद्योगिकी के माध्यम से पारदर्शिता और गति सुनिश्चित की है। 2016 में गरीबों को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना शुरू की गई थी। यह योजना 10 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को धुआं मुक्त रसोई प्रदान करने में गेम-चेंजर साबित हुई है। इसकी अधिकांश लाभार्थी महिलाएं हैं।

आजादी के 70 साल बाद भी जिन 18,000 गांवों में बिजली नहीं थी, उनमें बिजली पहुंचा दी गई है। 2014 और 2024 के बीच पीएम आवास योजना के तहत 4.2 करोड़ से अधिक घरों को मंजूरी दी गई। जून 2024 में तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता संभालने के बाद पहली कैबिनेट के निर्णयों में से एक- तीन करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को घरों के निर्माण के लिए सहायता प्रदान करना था,

कृषि एक ऐसा क्षेत्र है जो श्री नरेंद्र मोदी के बहुत करीब है। 2019 के अंतरिम बजट के दौरान सरकार ने किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि के रूप में एक मौद्रिक प्रोत्साहन योजना की घोषणा की। 24 फरवरी 2019 को योजना के शुरू होने के बाद लगभग हर तीन महीने में नियमित रूप से किश्तों का भुगतान किया जा रहा है। पीएम मोदी के दूसरे कार्यकाल की पहली कैबिनेट बैठक के दौरान इस योजना में पांच एकड़ की सीमा को हटाते हुए सभी किसानों को पीएम किसान का लाभ देने का फैसला किया गया। जून 2024 में श्री मोदी ने वाराणसी में पीएम-किसान योजना की 17वीं किस्त जारी की, जिसमें 9.2 करोड़ से अधिक किसानों को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिला।

श्री मोदी ने सॉयल हेल्थ कार्ड, बेहतर बाजारों के लिए ई-NAM और सिंचाई पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने जैसी किसान कल्याण की दिशा में विभिन्न पहलों की शुरूआत की। 30 मई 2019 को पीएम मोदी ने जल संसाधनों से संबंधित सभी पहलुओं की देख-रेख करने के लिए एक नया जल शक्ति मंत्रालय बनाकर एक बड़ा वादा पूरा किया। दो अक्टूबर 2014 को महात्मा गांधी की जयंती पर प्रधानमंत्री ने पूरे देश में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए 'स्वच्छ भारत मिशन' का शुभारंभ किया। इस जन आंदोलन का बड़े पैमाने पर ऐतिहासिक प्रभाव पड़ा है। आज स्वच्छता कवरेज 2014 में 38% से बढ़कर 2019 में 100% हो गया है। कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को खुले में शौच मुक्त घोषित किया गया है। स्वच्छ गंगा के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्वच्छ भारत मिशन की सराहना की और कहा कि इससे तीन लाख लोगों की जान बच सकती है।

श्री मोदी का मानना है कि परिवहन, परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण साधन है, इसीलिए भारत सरकार हाई-वे, रेलवे, आई-वे और वॉटर-वे के रूप में अगली पीढ़ी का इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए काम कर रही है। UDAN (उड़े देश के आम नागरिक) योजना ने उड्डयन क्षेत्र को लोगों के अधिक अनुकूल बनाया है और कनेक्टिविटी को बढ़ावा दिया है। पीएम ने भारत को अंतर्राष्ट्रीय विनिर्माण पॉवरहाउस में बदलने के लिए 'मेक इन इंडिया' पहल शुरू की। इस प्रयास से परिवर्तनकारी परिणाम सामने आए हैं। भारत ने 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में महत्वपूर्ण प्रगति की है। 2014 में भारत की रैंकिंग 142 थी, जो 2019 में 63 हो गई। 2017 में भारत सरकार ने जीएसटी लागू किया, जिसने 'वन नेशन, वन टैक्स' के सपने को साकार किया।

पीएम मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में श्री मोदी ने जलवायु परिवर्तन के अभिनव समाधान तैयार करने के लिए अलग जलवायु परिवर्तन विभाग बनाया था। इस भावना को पेरिस में 2015 के COP21 शिखर सम्मेलन में भी देखा गया था, जहां पीएम मोदी ने पर्यावरण से जुड़े मुद्दों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके प्रयासों को देखते हुए पीएम मोदी को संयुक्त राष्ट्र के 'चैंपियंस ऑफ अर्थ अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

> 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के आदर्श वाक्य से प्रेरित होकर, नरेंद्र मोदी ने शासन में एक आदर्श बदलाव की शुरुआत की है।

### आमने सामने



जन्मदिन उनका (ओम प्रकाश राजभर) है तो मैं इसके लिए क्या करूं। सौ रुपये से काम चलता है तो भिजवा दें। हम तो 100 रुपये ही देते हैं, चाहे जिनका जन्मदिन हो। उनके बारे में चर्चा करके भाव न बढ़ाएं।

**-अखिलेश यादव**
अध्यक्ष
समाजवादी पार्टी

सत्ता से दूर हुए साढ़े आठ साल बीत चुके हैं। कमाई का रास्ता बंद हो गया है, इसलिए अब 100 की बात कर रहे हैं। अगर सत्ता में बने रहते तो करोड़ों-अरबों से नीचे बात ही नहीं करते। ईश्वर करे जनता के पैसों से महलों में ऐश करने वाले अब पाई-पाई का हिसाब रखें।

**-ओम प्रकाश राजभर**, काबीना मंत्री



## बदलते अमेरिकी सुर और भारत संग व्यापार



विवेक सक्सेना

अयोध्या

इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीतिक चालों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उलझे दिखते हैं। यही कारण है कि उनका बयान बार-बार बदल रहा है, हालांकि यह ट्रंप की पुरानी आदत है, लेकिन नई परिस्थिति में भारत-अमेरिका के रिश्तों में जो खटास महसूस की गई, उसमें भारत के साथ संबंध और भारत जैसे देश के बड़े बाजार को साध पाना ट्रंप के लिए बहुत आसान नहीं कहा जा सकता है। भारत का बाजार चीन और दूसरे देशों के हाथ न चला जाए, यह अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए संकट का कारण माना जा रहा है। रिश्ते मधुर होने के बाद भी वह प्रोफेशनल ही हो सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने कनाडा से अमेरिका आ जाने के ट्रंप का प्रस्ताव भी ठुकरा दिया था। मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर लंबी वार्ता में जो कुछ कहा, उससे भी यह स्पष्ट हो गया कि भारत कश्मीर अथवा अन्य किसी भी मामले में किसी के दबाव में आने वाला नहीं है। ट्रंप ने अगस्त में भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया, साथ ही भारत के रूसी तेल खरीदने के चलते 25 फीसदी अतिरिक्त जुर्माना भी लगाया, जिससे अमेरिका-भारत संबंधों के भविष्य पर सवाल उठने लगे, जो हाल के वर्षों में, ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान मजबूत हुए थे।

एक माह में ऐसा रुख बदला कि अब ट्रंप न सिर्फ भारत के साथ अपने संबंधों की सराहना कर रहे हैं, अपितु ट्रेड डील की गुहार भी लगा रहे हैं। इसके पीछे भी कहीं न कहीं उनकी कोई कमजोरी ही है, जिसे वो भारत से डील करके कम करना चाहते हैं। ट्रंप के बड़बोलेपन पर मोदी की चुप्पी का ही असर कहा जाएगा कि दुनिया के सबसे ताकतवर देश का राष्ट्रपति प्रधानमंत्री से बातचीत करने के लिए उत्सुकता दिखा रहा है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में जल्द ही ट्रेड डील पर बातचीत करने की न सिर्फ इच्छा जताई है, अपितु विश्वास जताते हुए कहा कि दोनों पक्ष प्रस्तावित व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में सफल होंगे। पीएम मोदी ने भी ट्रंप के पोस्ट पर जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका घनिष्ठ मित्र और स्वाभाविक साझेदार हैं। मुझे विश्वास है कि हमारी व्यापार वार्ताएं भारत-अमेरिका साझेदारी की असीम संभावनाओं को उजागर करने का मार्ग प्रशस्त करेंगी।

दोनों देशों के बीच टकराव बढ़ता है, तो निश्चित रूप से इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। अमेरिकी मांग के अनुसार, भारत अगर रूस से खरीदारी बंद भी कर देता है, तो इससे ग्लोबल ऑयल सप्लाई बाधित होगी और तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं, हालांकि इस बदलाव के पीछे अमेरिका की कई आर्थिक और वाणिज्यिक मजबूरियां भी हैं। भारत, अमेरिका को स्टील, एल्युमीनियम, दवाइयां, टेक्सटाइल और डिजिटल सेवाएं निर्यात करता है, जबकि अमेरिका से भारत ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और रक्षा उपकरण आयात करता है।

2025 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर सात फीसदी रही, जो वैश्विक अनुमानों से अधिक है। दोनों देशों के बीच एक दशक में द्विपक्षीय व्यापार लगभग दोगुना हो गया है और इसे 2030 तक पांच सौ बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन यह तभी संभव है, जब मौजूदा गतिरोध खत्म हो। इसके लिए अमेरिका को भारतीय नजरिया समझने की जरूरत है। भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यह वृद्धि भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनाती है। भारत-अमेरिका का रिश्ता केवल व्यापार तक सीमित नहीं है। दोनों ने सुरक्षा, तकनीक, ऊर्जा समेत दूसरे क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ाया है। चीन की मनमानी पर नियंत्रण के लिए अमेरिका को भारतीय सहयोग की जरूरत है।

भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंध लंबे समय से मजबूत रहे हैं। 2024 में द्विपक्षीय व्यापार 212 बिलियन डॉलर तक पहुंचा। भारत जैसे बड़े और तेजी से बढ़ते बाजार को नजरअंदाज करना अमेरिकी कंपनियों के लिए नुकसानदेह हो सकता है। भारत की करीब 140 करोड़ जनसंख्या अमेरिकी उत्पादों और सेवाओं के लिए एक आकर्षक बाजार है। ट्रंप ने 2019 में जब भारत का जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रेफरेंसेज (जीएसपी) दर्जा खत्म किया, तो भारत ने अमेरिकी बादाम, सेब और रासायनिक उत्पादों पर शुल्क बढ़ा दिया। इस बार भी भारत ने जीएसटी सुधार करके अमेरिकी कोला कंपनियों के लिए भी मुश्किल खड़ी कर दी। भारत जैसे बड़े बाजार के साथ तनाव बढ़ाना ट्रंप की घरेलू लोकप्रियता को नुकसान पहुंचा सकता है। अमेरिकी थिंक टैंक भारत को लेकर ट्रंप के रवैये की आलोचना भी कर रहा है। इसके चलते ट्रंप घरेलू मोर्चे पर विलेन बनते जा रहे हैं। जाहिर है कि यह बात समझते ही ट्रंप के तेवर टैरिफ पर इतनी जल्दी ठंडे पड़ गए।

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट की यह उम्मीद कि आखिरकार अमेरिका और भारत साथ आएंगे, मौजूदा वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है। अच्छी बात यह है कि ट्रंप के मनमाने टैरिफ और कुछ तीखे बयानों के बावजूद बातचीत का रास्ता बंद नहीं हुआ। अब त्योहारों का सीजन भी शुरू हो रहा है। अगर इस दौरान कोई डील होती है या ट्रंप टैरिफ में कटौती करते हैं, तो ये ट्रेडर्स के लिए दिवाली उपहार से कम नहीं होगा।

> भारत के बड़े बाजार को साध पाना अमेरिका के लिए चुनौतीपूर्ण बन गया है। अब ट्रंप न सिर्फ भारत के साथ अपने संबंधों की सराहना कर रहे हैं, बल्कि ट्रेड डील की भी गुहार लगा रहे हैं।

### प्रसंगवश

## अमर चित्रकथा वाले बच्चों के अनंत चाचा

कहानी पढ़ना किसे अच्छा नहीं लगता! शायद ही कोई बच्चा हो, जिसने अपनी दादी-नानी या मां से कहानी न सुनी हो। बड़े होने पर अपने विद्यालय की पुस्तकों के साथ ही पत्र-पत्रिकाओं में छपने वाली कहानी और कविताएं भी बच्चे बड़ी रुचि से पढ़ते हैं। इसके अतिरिक्त उन्हें चित्र देखने में भी बहुत मजा आता है। इसमें से ही साहित्य की चित्रकथा विधा का जन्म हुआ। भारतीय इतिहास तथा पौराणिक पात्रों के आधार पर चित्रकथा बनाने वाले अनंत पै का जन्म 17 सितंबर, 1929 को करकाला (कर्नाटक) में वैंकटार्य एवं सुशीला पै के घर में हुआ था। दो वर्ष के होते-होते उनके माता-पिता का देहांत हो गया। अनंत 12 वर्ष की अवस्था में मुंबई आ गए और माहिम स्थित ओरियेंट स्कूल में पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने मुंबई विश्वविद्यालय से भौतिकी, रसायन और रसायन तकनीक में एक साथ दो उपाधियां प्राप्त कीं।



सुरेश बाबू मिश्रा

लेखक

चित्र और छपाई कला में रुचि होने के कारण अनंत पै ने 1954 में 'मानव' नामक बाल पत्रिका निकाली, पर उसमें सफल न होने पर वे 'टाइम्स ऑफ इंडिया' में काम करने लगे। उन दिनों उसमें बेताल और फैंटम जैसे विदेशी पात्रों पर आधारित 'इंद्रजाल कामिक्स' नामक चित्रकथा छपती थी। 1967 में अनंत पै ने दूरदर्शन के एक प्रश्नोत्तर कार्यक्रम में देखा कि बच्चे विदेशी नायकों के बारे में तो जानते हैं, पर श्रीराम और श्रीकृष्ण के बारे में नहीं। इससे उनके मन को चोट लगी और उन्होंने नौकरी छोड़कर कुछ नया करने का फैसला किया।

अब वे स्वतंत्र रूप से इस दिशा में काम करना चाहते थे, पर उनके पास इतना धन नहीं था। अनेक प्रकाशकों ने उनके विचारों को ठुकरा दिया। 'इंडिया बुक हाउस' के मीरचंदानी के सहयोग से 'अमर चित्रकथा' प्रकाशित होने लगी। बच्चों के साथ ही उनके अभिभावक और अध्यापकों ने भी इनका भरपूर स्वागत किया। भारत के महापुरुष, वीर महिलाएं, पौराणिक पात्र, प्रख्यात वैज्ञानिक, स्वाधीनता सेनानी आदि विषयों पर उन्होंने लगभग 450 पुस्तकें बनाईं। इनकी देश की 20 भाषाओं में दस करोड़ प्रतियां बिकीं।

अब वे बच्चों में 'अनंत चाचा' के नाम से प्रसिद्ध हो गए। 1969 में उन्होंने 'रंग रेखा फीचर्स' तथा 1980 में अंग्रेजी बाल पत्रिका 'टिंकल' प्रारंभ की। इसके पहले अंक की 40 हजार प्रतियां बिकीं। इसके कार्टून पात्र कपीश, रामू और शामू, सुपंडी, शिकारी शंभू और तंत्री दि मंत्री आदि बच्चों में खूब लोकप्रिय हुए। इसके 'अनु क्लब' द्वारा उन्होंने बच्चों में विज्ञान को लोकप्रिय बनाया। उनके पास हर माह चार से पांच हजार पाठकों के पत्र आते थे।


अनंत चाचा की सफलता का कारण उनकी विशिष्ट शैली थी। वे काम करते समय स्वयं बच्चों की मानसिकता में डूब जाते थे। उन्होंने अनेक साथी बनाए, जिनमें राम वेरकर प्रमुख हैं। उन्होंने हिंदी तथा अंग्रेजी में बच्चों के लिए सफलता के रहस्य, व्यक्तित्व विकास, स्मृति शास्त्र आदि पुस्तकें तथा वेदों की जानकारी देने के लिए 'एकम् सत्' नामक वीडियो फिल्म भी बनाई। कहानी सुनाते हुए उनके कई आडियो टेप भी लोकप्रिय हुए।

अनंत पै सदा नये विचारों पर काम करते रहते थे। वृद्ध होने पर भी वे भारत के विभिन्न तीर्थों तथा भारतीय इतिहास की 40 महत्वपूर्ण घटनाओं पर आधारित एक बड़े प्रकल्प पर काम कर रहे थे। सीढ़ियों से गिर जाने के कारण उनकी कूल्हे ही हड्डी टूट गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। वहीं 24 फरवरी, 2011 को हुए भीषण हृदयाघात से बच्चों के प्रिय अनंत चाचा सचमुच अनंत की यात्रा पर चले गए। दूरदर्शन और अंतरजाल के वर्तमान दौर में भी उनकी पुस्तकों की लगभग तीन लाख प्रतियां प्रतिवर्ष बिकती हैं।

### सोशल फोरम

## टॉल्स्टॉय को सभी जानते हैं, लेकिन सोफिया को!

इतिहास ने लियो टॉल्स्टॉय को याद रखा है, लेकिन उस आदमी के पीछे, जिसने 'वॉर एंड पीस' और 'अन्ना कारेनिना' जैसी अमर रचनाएं लिखीं, एक औरत खड़ी थी, जिसकी बात अक्सर सिर्फ एक फुटनोट बनकर रह जाती है। सोफिया टॉल्स्टॉय सिर्फ टॉल्स्टॉय की पत्नी नहीं थीं, वो उनकी संपादक थीं। उनकी प्रबंधक थीं। उनकी टाइपिस्ट, उनकी कॉपी करने वाली, उनकी प्रकाशक और उनके 13 बच्चों की मां। वो उस भावनात्मक तूफान को झेलने वाली थीं, जो एक बेहद प्रतिभाशाली लेकिन बेचैन आत्मा के भीतर लगातार मचलता रहता था।



कलम रंगदार

फेसबुक

जब टॉल्स्टॉय ने उन्हें 'वॉर एंड पीस' की पांडुलिपि थमाई, तो वह कोई साफ-सुथरा ड्राफ्ट नहीं था। वो तो बिखरे हुए पन्नों का एक पहाड़ था, जीनियस की उलझी हुई परतें। सोफ़िया हर रात जाग-जागकर उसे हाथ से साफ-साफ सात बार कॉपी करती रहीं। उनके रेखाचित्रों को पढ़तीं, उनकी उलझी सोच को क्रम में लातीं और जो कोई और नहीं कर सकता था वो करतीं। उनकी प्रतिभा को पढ़ने लायक बनातीं।

पर कहानी यहीं खत्म नहीं होती।

सोफिया सिर्फ एक 'सहायक' नहीं थीं। उनका खुद का मन था, खुद की कलम थी, खुद का दुःख। वो खुद भी लेखिका थीं। वो टॉल्स्टॉय से बेहद प्यार करती थीं। पर उस प्यार की कीमत बहुत भारी थी।

जब टॉल्स्टॉय की मौत एक ठंडे रेलवे स्टेशन पर हुई, तो वो वहां पहुंचीं, लेकिन देर से। उन्हें कमरे में घुसने तक नहीं दिया गया। वो दृश्य हृदय विदारक है। वो औरत, जिसने उन्हें सब कुछ दिया, दरवाजे के बाहर खड़ी रही, जबकि उनके जीवन का अंत हो गया।

लेकिन शायद असली त्रासदी ये नहीं है। असली त्रासदी ये है कि दशकों तक हमने इस महिला को भी उनके जीवन की कहानी से बाहर ही रखा। सोफिया सिर्फ एक महान लेखक की पत्नी नहीं थीं, वो खुद भी उस महानता का हिस्सा थीं। वो उस जीनियस के पीछे का स्थिर हाथ थीं। वो एक ऐसी सहलेखिका थीं, जिनका नाम कभी किताब के कवर पर नहीं आया।

टॉल्स्टॉय को याद करना अगर जरूरी है, तो सोफिया को याद करना उससे भी जरूरी है, क्योंकि जब टॉल्स्टॉय इतिहास लिख रहे थे, सोफिया वो जमीन थीं, जिस पर वो इतिहास उग सका।

### सामयिकी

## जाम में जकड़ा भारत

भारत की सड़कों पर हर दिन एक अदृश्य संघर्ष होता है- समय, संयम और व्यवस्था के बीच। यह संघर्ष किसी एक शहर या महानगर तक सीमित नहीं, बल्कि गांवों, कस्बों, छोटे-बड़े शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों तक फैला हुआ है। जर्जर सड़कों, अनियंत्रित ट्रैफिक और घंटों लंबे जाम की स्थिति अब हमारे राष्ट्रीय जीवन का स्थायी हिस्सा बन चुकी है। यह केवल एक दैनिक असुविधा नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय और मानसिक संकट का रूप ले चुकी है। दफ्तर जाने वाले कर्मचारी हों या ट्रक-टैंपो और टैक्सी चालक, डिलीवरी एजेंट हों या छात्र-छात्राएं, समय से अस्पताल पहुंचने की कोशिश में फंसे मरीज और उनके परिजन हों या किसी जरूरी बैठक की ओर दौड़ते व्यावसायिक यात्री, हर कोई गड्ढों, अतिक्रमण, धूल और जाम से दो-चार होता है। कस्बों और गांवों में टूटी-फूटी सड़कें, नागरिकों को स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और बाजार जैसी बुनियादी सुविधाओं तक भी पहुंच से वंचित कर देती हैं। यह स्थिति अब हमारे सार्वजनिक जीवन की 'नई सामान्य स्थिति' बन गई है, जबकि न तो यह सामान्य है और न ही स्वीकार्य।



डॉ. शिवम भारद्वाज

असिस्टेंट प्रोफेसर, जीएलए यूनिवर्सिटी

जब सड़कें बदहाल हों और यातायात व्यवस्था चरमराई हो, तो रेंगते वाहनों की कतारें केवल समय नहीं, ऊर्जा और ईंधन की भी भारी बर्बादी करती हैं। महंगे पेट्रोल-डीजल की खपत इस अव्यवस्थित गति में कई गुना बढ़ जाती है, लेकिन नुकसान यहीं तक सीमित नहीं रहता। लगातार ब्रेक, क्लच और एक्सीलेरेटर के इस्तेमाल से गाड़ियों की माइलेज घटती है, रख-रखाव की लागत बढ़ती है और वाहन समय से पहले जवाब दे देते हैं। इसका सीधा असर उस मध्यमवर्ग, श्रमिक वर्ग और छोटे व्यवसायी पर पड़ता है, जिसकी जेब पहले से ही महंगाई के बोझ तले दबी है।

जाम में फंसे हजारों वाहनों से निकलता धुंआ हवा में कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और सूक्ष्म कणों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा देता है। यह न केवल पर्यावरण को दीर्घकालिक क्षति पहुंचाता है, बल्कि प्रतिदिन सांस लेने वाले नागरिकों के फेफड़ों को जहर से भर देता है। बच्चों, बुजुर्गों और अस्थमा या ब्रोंकाइटिस जैसी बीमारियों से ग्रस्त लोगों के लिए यह स्थिति अत्यंत घातक बन चुकी है।

इसी के साथ, ध्वनि प्रदूषण भी अब केवल शोरगुल नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर सीधा आघात है। ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन चालकों की अधीरता हर दिशा से बजते हॉर्न और इंजन की गूंज में तब्दील हो जाती है। यह शोर न केवल कानों को पीड़ा देता है, बल्कि मानसिक तनाव, अनिद्रा, उच्च रक्तचाप और चिड़चिड़ेपन जैसी समस्याओं को जन्म देता है। लगातार शोर में रहने वाले लोगों की सुनने की क्षमता तक प्रभावित होने लगती है। छोटे शहरों से लेकर महानगरों तक, अब यह ध्वनि प्रदूषण नागरिकों की शांति और स्वास्थ्य दोनों को लील रहा है।

ट्रैफिक और खराब सड़कों से उपजे तनाव का सबसे गहरा असर मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है, जो अक्सर अनदेखा रह जाता है। नागरिक केवल देरी से गंतव्य नहीं पहुंचते, वे हर दिन एक मानसिक थकावट, असहायता और चिड़चिड़ेपन का बोझ भी ढोते हैं। यही बोझ धीरे-धीरे सामाजिक व्यवहार में उतरता है। गुस्सा, रोडरेज, पारिवारिक कलह और सामाजिक असहिष्णुता जैसी प्रवृत्तियां इसी दबाव की उपज हैं। जब कोई मरीज समय पर अस्पताल न पहुंच पाए, जब किसी छात्र की परीक्षा छूट जाए या कोई परिवार संकट की घड़ी में रास्ते में ही फंसा रह जाए, तो यह जाम केवल ट्रैफिक का नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनशीलता और प्रशासनिक सजगता की भी असफलता बन जाता है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



# हैदराबाद की पहचान चारमीनार

सुल्तान मुहम्मद कुली कुतुब शाह, कुतुब शाही वंश के पांचवें शासक ने गोलकुंडा से नवनिर्मित हैदराबाद में अपनी राजधानी को स्थानांतरित करने के बाद 1591 ई. में चारमीनार का निर्माण कराया था। यह ऐतिहासिक धरोहर तेलंगाना प्रांत के हैदराबाद में स्थित एक स्मारक और मस्जिद है। यह विश्व स्तर पर हैदराबाद के प्रतीक के रूप में जाना जाता है। इसे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा तैयार आधिकारिक स्मारकों की सूची में एक पुरातात्विक और वास्तुशिल्प खजाने के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। इसे देखने के लिए भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के कोने- कोने से पर्यटक आते हैं।



रोहित टंडन
उद्यमी





## मूसी नदी के तट पर है स्थित

चारमीनार मूसी नदी के पूर्वी तट पर स्थित है। चारमीनार एक चौकोर संरचना है। जिसकी हर एक वर्ग 20 मीटर (लगभग 66 फीट) लंबा है। प्रत्येक वर्ग के पास चारों में से एक भव्य मेहराब है तथा प्रत्येक ऐसे मुख्य बिंदुओं के सामने है जो सीधा अपने-सामने वाली सड़क के सामने खुलते हैं। प्रत्येक कोने पर एक उत्कृष्ट मीनार 159.77 फीट ऊंची एक डबल छज्जे के साथ खड़ी है। जिसे आधार पर डिजाइन की तरह एक बल्बनुमा गुंबद द्वारा ताज पहनाया गया है। चारमीनार के ऊपर पहुंचने के लिए 149 घुमावदार सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं।

## हैदराबादी मोती पूरी दुनिया में प्रसिद्ध

चारमीनार के लंबे इतिहास में 400 से अधिक वर्षों से इसकी शीर्ष पर एक खूबसूरत मस्जिद खुले छत के पश्चिमी छोर पर स्थित है। ऐतिहासिक और धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण, यह संरचना के आसपास के लोकप्रिय और व्यस्त स्थानीय बाजारों के लिए भी जाना जाता है, और हैदराबाद में सबसे अधिक बार आने वाले पर्यटक आकर्षणों में से एक बन गया है। इसके पश्चिम स्थित बाज़ार और दक्षिण पश्चिम में सबसे बड़ी और सुंदर मक्का मस्जिद स्थित है। अपने सुनहरे दिनों में चारमीनार बाजार में लगभग 14,000 दुकानें थीं। इस बाजार में पर्यटक और स्थानीय लोग विशेष रूप से आभूषण,उत्तम चूड़ियां और प्रसिद्ध हैदराबादी मोती के लिए आते हैं।

## चूना- पत्थर और ग्रेनाइट से है बना

चारमीनार ग्रेनाइट, चूना पत्थर, मोर्टार और चूर्णित संगमरमर से बना है। शुरूआत में इसके चार मेहराब के साथ स्मारक के लिए ऐसी सटीक योजना बनाई थी कि जब चारमीनार खोला गया था तब प्रत्येक मेहराब से हैदराबाद शहर के चारों कोनों की झलक मिलती थी, क्योंकि प्रत्येक मेहराब किसी एक सबसे सक्रिय शाही सड़कों के सामने था। वहां भी एक भूमिगत सुरंग की भी योजना का जिक्र है। संभवतः घेराबंदी के समय कुतुब शाही शासकों के लिए भागने के एक मार्ग के रूप में इरादा गोलकुंडा से इसे सुरंग से जोड़ने का रहा होगा, हालांकि सुरंग का स्थान अज्ञात है।

## आधार पर स्थित है भाग्यलक्ष्मी मंदिर

भाग्यलक्ष्मी मंदिर भी चारमीनार के आधार पर स्थित है। चारमीनार का प्रबंधन करने वाले हैदराबाद उच्च न्यायालय ने मंदिर के आगे विस्तार को रोक दिया है। जबकि वर्तमान में मंदिर की उत्पत्ति विवादित नहीं है। यह मंदिर भी पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीन है।

# कानपुर को 40 फीसदी भी नहीं दिखा पाता मुंबई



मुंबई फिल्म इंडस्ट्री को कानपुर शहर की लैंग्वेज, यहां का रहन-सहन और परिवेश बहुत सूट कर रहा है। शहर के अलग-अलग विषय को देश दुनिया में पसंद किया जाता है, इसीलिए फिल्म निर्माता तेजी से शहर की ओर रुख कर रहे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि वह अपनी फिल्मों में शहर को 40 फीसदी भी नहीं दिखा पाते हैं। यह कहना है शहर के युवा एक्टर अजय मिश्रा का। अक्षय, अरशद और सौरभ शुक्ला स्टारर फिल्म जॉली एलएलबी 3 के प्रोमोशन वीडियो में दिखे शहर के अजय मिश्रा ने बॉलीवुड फिल्मों के साथ ही एक दर्जन से अधिक टीवी शो व वेब सीरीज में भी कार्य किया है। *प्रस्तुति: अभिषेक वर्मा*

शहर के बर्रा में रहने वाले अजय मिश्रा का किसान परिवार भीतरगांव में रहता है। उन्होंने बताया कि महाभारत, शक्तिमान जैसे शो को देखने के बाद बचपन से ही एक क्रेज था कि एक दिन बड़े पर्दे पर दिखना है। टीवी देखने के चलते मां से कई बार मार खाया, इस दौरान मां से भी डॉयलाग मारता था कि 'मर्द के दर्द नहीं होता है' 2003 से स्ट्रगलर कर रहे अजय मिश्रा ने बताया कि पढ़ाई और दूसरे कार्य के साथ एक्टिंग के लिए दिल्ली-मुंबई के चक्कर लगता रहा।



टीवी पर आने वाले शो जमुनिया, जोधा अकबर के साथ ही क्राइम पेट्रोल व अन्य टीवी शो में जो भी छोटे रोल मिले किए। उन्होंने बताया कि 2018 में पहली बार फैमिली ऑफ ठाकुरगंज में जिम्मी शेरगिल और सौरभ शुक्ला स्टारर फिल्म से पहचान मिली। इस फिल्म में सौरभ शुक्ला का राइट हैंड 'लल्ला' नाम के किरदार को निभाया। अजय कहते है कि 2 घंटे की फिल्म में 15 मिनट स्क्रीन पर रहना मेरे लिए बड़ा सुखद रहा। इसके बाद अजय देवगन की फिल्म भोला ने भी अच्छी टीआरपी दी। राजकुमार राव की फिल्म मालिक, सुबेदार में भी किरदार मिल चुका है।

## साल के अंत में रिजीज होगी 'द हिस्ट्रीशीटर'

अजय मिश्रा ने बताया कि एक्टिंग के साथ ही कास्टिंग और लाइन प्रड्यूसर का कार्य भी कर रहे हैं। बताया कि 2017 से एक फिल्म 'द हिस्ट्रीशीटर' पर कार्य कर रहे थे, बजट व अन्य आभाव के चलते यह फिल्म रिलीज नहीं हो सकी थी, लेकिन अब यह बनकर तैयार है। अजय ने बताया कि सस्पेंस थ्रिलर फिल्म में कानपुर और आस-पास की कहानी देखने को मिलेगी। इसी साल के अंत में फिल्म को रिलीज करने की तैयारी है।

## 551 रुपये का है जॉली पान

हाल में ही जॉली एलएलबी 3 का प्रोमोशन वीडियो लांच हुआ है। इसमें शहर के अजय मिश्रा जॉली पान बेचते दिखाई दे रहे हैं। अजय मिश्रा डॉयलॉग बोल रहे हैं कि जॉलीपान है देख नहीं रहे हैं, इसमें बनारस का पत्ता है, इलायची दुबई की है और चूना है जापान का। इस प्रोमोशन वीडियो को भी खूब देखा जा रहा है।

## मुंबई में कंपटीशन के साथ विश्वासघात बड़ी चुनौती

अजय मिश्रा ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री इतनी जल्द किसी को अपनाती नहीं है। बहुत कंपटीशन है। चप्पलें घिसकर यहां तक पहुंच पाया हूं। उन्होंने कहा कि यहां चुनौती तो है, इसके साथ ही विश्वासपात्र लोग मिल पाना बड़ा मुश्किल टास्क है। जिसको आगे बढ़ाने की सोचा वह आपको अगले कदम पर गिराने के लिए खड़ा है। लेकिन, इन बुराइयों को भूल जाओ तो बहुत से बेहतर लोग भी यहां हैं जो गिरते समय आपका हाथ भी पकड़ते हैं। ऐसे ही कुछ लोगों की मदद और अपनी मेहनत से यहां तक पहुंच पाया हूं।

# यूं ही नहीं कहते हैं, राधा के बिना श्याम आधा

राधे-राधे और जयश्री राधे का बढ़ते महिमा गान के बीच राधा रानी के अनन्य भक्त वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज द्वारा राधा नाम जप की महत्ता स्थापित करने के बाद तमाम लोगों के मन में राधा की शक्ति और भक्ति को लेकर अनेक प्रकार के प्रश्न हैं। आइए जानते हैं कि कौन हैं राधा और कैसे हुआ प्रादुर्भाव।




नमिता त्रिपाठी
लेखिका

## राधा का जन्म शक्ति और भक्ति का अवतार

राधा का जन्म शक्ति और भक्ति के अवतार के रूप में हुआ। वे परम प्रेम, समर्पण और भक्ति की मूर्ति हैं। श्रीकृष्ण और राधा का संबंध जीव और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है, इसीलिए राधा को कृष्ण से भी बढ़कर पूज्य माना जाता है, क्योंकि राधा के बिना कृष्ण की लीला अधूरी है। राधा रानी के जन्म को लेकर शास्त्रों और पुराणों का सार यही है कि राधा स्वयं श्रीकृष्ण की अनन्त शक्ति-ह्लादिनी शक्ति का अवतार हैं। उनका जन्म माता के गर्भ से नहीं बल्कि योगमाया से हुआ था। एक प्रसिद्ध मान्यता के अनुसार, रावली ग्राम (बरसाना के समीप) में वृषभानु और उनकी पत्नी कीर्ति देवी रहते थे। कीर्ति देवी धर्मपरायण होकर भी संतान-सुख से वंचित थी। एक दिन उन्होंने यमुना तट पर तपस्या की, तभी आकाशवाणी हुई, हे देवी, तुम्हें स्वयं लक्ष्मी स्वरूपा कन्या प्राप्त होगी, जो श्रीकृष्ण की अनन्त प्रेयसी और शक्ति का अवतार होगी। कुछ समय बाद कीर्ति देवी ने एक कन्या को कमल के फूल पर प्रकट होते हुए देखा। उसे वह अपने घर ले आईं। यही राधा थीं। एक अन्य किवंदती के अनुसार बाबा वृषभानु यमुना में स्नान कर रहे थे। एक कमल का फूल पानी में तैरता हुआ उनके पास आया। जिस पर राधा थीं। उन्हें वह भगवान का प्रसाद मानकर अपनी पुत्री बनाकर घर ले आए।

## श्रीकृष्ण और राधा का संबंध आत्मा और परमात्मा का

कहते है, कि भगवान का असली स्वरूप भक्ति के द्वारा प्रकट होता है और राधा उस भक्ति की सर्वोच्च मूर्ति हैं। जब हम राधा का नाम लेते हैं तो हम अपने भीतर प्रेम और समर्पण को जगाते हैं और जब उस भाव के साथ कृष्ण का नाम लिया जाता है तो वह सच्ची पुकार बन जाती है। इसलिए भगवान श्रीकृष्ण के नाम के आगे राधा का नाम लेना चाहिए। श्रीकृष्ण और राधा का संबंध एक नारी और पुरुष का नहीं बल्कि आत्मा और परमात्मा का है। श्रीकृष्ण भगवान हैं, तो राधा उनकी सर्वोच्च भक्त है। इसलिए जब राधारानी का नाम पहले लिया जाता है तो इसका अर्थ होता है कि, परमात्मा तक पहुंचने के लिए हमें पहले भक्ति और प्रेम का सहारा लेना पड़ता है। बिना भक्ति के भगवान तक पहुंचना असंभव है। भक्तों की आराधना से श्रीकृष्ण तब ही खुश होते है जब भक्त प्रीति और समर्पण से उनका अनुसरण करते है। राधा रानी ने अपने जीवन में कृष्ण के प्रति पूर्ण समर्पण और निष्काम प्रेम दिखाया। उनके प्रेम में कोई स्वार्थ नहीं था। राधा ने कभी कृष्ण से कुछ मांगा नहीं बल्कि हर पल केवल उनका स्मरण और आराधना की। यही वजह है कि श्रीकृष्ण का नाम राधा नाम के बिना अधूरा है।



## पुराणों ही नहीं, वेदों में भी है राधा रानी का गुणगान

ऋषि वेद व्यास ने भागवत की रचना की, लेकिन उसमें राधा का उल्लेख नहीं है, तो वेद व्यास की लेखनी से भागवत ही नहीं, कई अन्य पुराण भी निकले हैं, जिनमें उन्होंने राधा रानी का गुणगान किया है। पद्म पुराण में कहा गया है, हजारों लक्ष्मी राधा के ही विस्तार हैं, जो उनसे प्रकट हुई हैं। नारद पुराण में राधा रानी के बायीं ओर से महालक्ष्मी के प्रकट होने की बात है। आदि पुराण में वेद व्यास कहते हैं कि राधा शाश्वत हैं। मत्स्य पुराण में कहा गया है कि रुक्मिणी तो द्वारिका में रहती हैं, लेकिन राधा सदैव वृन्दावन में रहती हैं। देवी भागवत पुराण में सीख दी गई है कि श्रीकृष्ण से पहले राधा नाम का उच्चारण करें। ब्रह्म वैवर्तक पुराण के अनुसार श्रीकृष्ण राधा के पुरुष रूप हैं, और अंत में, वेदों में भी राधा जी का उल्लेख है। ऋग्वेद में उल्लेख है कि मैं वृषभानु (राधा के पिता) की पुत्री को प्रणाम करता हूं। राधिकोपनिषद में कहा गया है कि राधा वह सत्ता हैं, जिनके चरण कमलों की धूल को जगत के स्वामी अपने मस्तक पर धारण करते हैं।

# व्यापार वार्ता बहाल होने की उम्मीद से झूमा बाजार

## सेंसेक्स 595 अंक चढ़ा मुंबई, निफ्टी में 170 अंक की बढ़त दर्ज

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स करीब 595 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी में 170 अंक की बढ़त दर्ज की गई। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत का सिलसिला फिर से शुरू होने से बाजार ने तेजी दिखाई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 594.95 अंक यानी 0.73 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,380.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 657.74 अंक तक चढ़ गया था।

एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 169.90 अंक यानी 0.68 प्रतिशत चढ़कर 25,239.10 अंक पर बंद हुआ। बाजार में रौनक लौटने के पीछे का कारण भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर फिर से बातचीत का सिलसिला शुरू होना रहा। भारत और अमेरिका के मुख्य वार्ताकारों ने प्रस्तावित व्यापार समझौते से जुड़े मुद्दों को सुलझाने के लिए मंगलवार को बातचीत शुरू कर दी। इस सप्ताह होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक से पहले एशियाई और अमेरिकी बाजारों में तेजी रही जिसका सकारात्मक असर घरेलू बाजार पर पड़ा। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, भारती एयरटेल और टाटा स्टील प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स और बजाज फाइनेंस शामिल हैं।

आगामी फेड के नीतिगत निर्णय में प्रमुख ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत कटौती की उम्मीद और भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता फिर से शुरू होने को लेकर नई उम्मीद बंधने और अनुकूल वैश्विक संकेतों से घरेलू बाजार में सुधार का रुख रहा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, नई जीएसटी दरों के लागू होने और त्योहारों के दौरान मांग की उम्मीद से वाहन और टिकाऊ उपभोक्ता सामान क्षेत्र के शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.66 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मिडकैप में 0.62 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में सेवा खंड 1.67 प्रतिशत की बढ़त लेने में सफल रहा जबकि दूरसंचार खंड में 1.50 प्रतिशत, वाहन खंड में 1.43 प्रतिशत और प्रौद्योगिकी खंड में 1.05 प्रतिशत की तेजी रही।



### भारत बातचीत की मेज पर आ रहा है : नवारो

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** राजधानी दिल्ली में भारतीय और अमेरिकी अधिकारियों के बीच व्यापार वार्ता से पहले व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा है कि भारत 'बातचीत की मेज पर आ रहा है। उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि दुनिया के प्रमुख देशों की तुलना में भारत सबसे ज्यादा शुल्क लगाता है। उनकी यह टिप्पणी डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच की मंगलवार को प्रस्तावित भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर दिन भर चलने वाली वार्ता से पहले आई है। नवारो ने कहा, भारत बातचीत की मेज पर आ रहा है... शुल्क का महाराजा।

### भारत और अमेरिका ने भारी शुल्कों के मुद्दों को सुलझाने के प्रयास शुरू किए

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के मुख्य वार्ताकारों ने प्रस्तावित व्यापार समझौते पर मंगलवार को बातचीत शुरू कर दी है। इसमें निर्यातकों के लिए अनिश्चितता पैदा करने वाले भारी शुल्कों के मद्देनजर मुद्दों को सुलझाने के प्रयास किए जाएंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दक्षिण और मध्य एशिया के लिए सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच अमेरिकी टीम का नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल भारत के मुख्य वार्ताकार हैं। लिंच अपने भारतीय समकक्ष के साथ एक दिवसीय वार्ता के लिए सोमवार देर रात भारत पहुंचे। रूसी कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिकी बाजार में प्रवेश करने वाले भारतीय सामान पर 25 प्रतिशत शुल्क और 25 प्रतिशत अतिरिक्त जुर्माना लगाए जाने के बाद किसी उच्च पदस्थ अमेरिकी व्यापार अधिकारी की यह पहली यात्रा है। भारत ने 50 प्रतिशत के भारी शुल्क को अनुचित बताया है। फरवरी में, दोनों देशों के नेताओं ने अधिकारियों को प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत करने का निर्देश दिया था। समझौते के पहले चरण को 2025 की शरद ऋतु तक पूरा करने की योजना थी। अब तक पांच दौर की वार्ता हो चुकी है और छठे दौर की वार्ता, जो 25-29 अगस्त तक होनी थी, उच्च आयात शुल्क लगाए जाने के बाद स्थगित कर दी गई थी। वाणिज्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि लिंच और भारतीय अधिकारियों के बीच बैठक को छठे दौर की वार्ता के रूप में नहीं, बल्कि उससे पहले की बातचीत के रूप में देखा जाना चाहिए।

# सोना रिकॉर्ड 1.15 लाख के पार, चांदी भी नए शिखर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

कमजोर अमेरिकी डॉलर और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,800 रुपये उछलकर 1,15,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, इसके अलावा 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,800 रुपये बढ़कर 1,14,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गयी।

स्थानीय सर्राफा बाजार में, पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 500-500 रुपये गिरकर क्रमशः 1,13,300 रुपये और 1,12,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, कमजोर डॉलर और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर कटौती की बढ़ती उम्मीदों के चलते मंगलवार को सोना एक और रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। इसके अलावा, मंगलवार को चांदी 570 रुपये चढ़कर 1,32,870 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई।



- फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद से चमका सोना

### रुपया आठ पैसे चढ़कर 88.08 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के पटरी पर लौटने की उम्मीदें बढ़ने से मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आठ पैसे मजबूत होकर 88 .08 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि सकारात्मक घरेलू बाजारों और कमजोर डॉलर के कारण रुपये में मजबूती आई। अमेरिकी डॉलर फेडरल रिजर्व की आगामी बैठक और निराशाजनक आर्थिक आंकड़ों से पहले दो महीने के निचले स्तर पर आ गया।

## बिजनेस ब्रीफ

### श्नाइडर इलेक्ट्रिक इन्फ्रास्ट्रक्चर की सीएफओ का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** श्नाइडर इलेक्ट्रिक इन्फ्रास्ट्रक्चर की मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) सुपर्णा बनर्जी भट्टाचार्य ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। बनर्जी ने बताया कि उन्होंने यह फैसला संगठन से बाहर करियर के नए अवसर तलाशने के लिए लिया है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी गई जानकारी में बताया,कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी के पद से सुपर्णा बनर्जी भट्टाचार्य का इस्तीफा 15 सितंबर, 2025 को कारोबारी समय की समाप्ति से प्रभावी होगा। उन्होंने कहा, मेरे इस्तीफे के पीछे संगठन के बाहर करियर के अवसर तलाशने के अलावा कोई अन्य कारण नहीं है।

### टाटा मोटर्स ईवी खंड में वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए कर रही तैयारी

**नइ दिल्ली।** घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खंड में चीनी कंपनियों के साथ वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए अपने मॉडलों की कीमतों में समरूपता लाने का लक्ष्य रख रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही। टाटा मोटर्स के यात्री वाहन इलेक्ट्रिक परिवहन खंड के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने 'एफटी लाइव एनर्जी ट्रांजिशन समिट इंडिया' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपनी कंपनी के ईवी लक्ष्यों का उल्लेख किया।

### श्रम मंत्रालय ने पेशा वर्गीकरण पर आईएलओ के साथ किया समझौता

**नई दिल्ली।** सरकार ने कौशल एवं योग्यता के आधार पर विभिन्न पेशों के वर्गीकरण संबंधी मानक विकसित करने और युवाओं को वैश्विक रोजगार अवसरों का लाभ दिलाने के लिए अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के साथ एक समझौता किया है। श्रम मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने आधिकारिक बयान में कहा कि इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर के अवसर पर श्रम, रोजगार एवं युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया भी ऑनलाइन माध्यम से मौजूद रहे।

# सरकार ने 11.9 करोड़ टन गेहूं उत्पादन का रखा लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने फसल वर्ष 2025-26 के लिए 11.9 करोड़ टन रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन का लक्ष्य रखा है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 3.47% अधिक है। कृषि मंत्रालय ने कहा वर्ष 2024-25 (जुलाई-जून) के लिए, सरकार ने 11.5 करोड़ टन गेहूं उत्पादन लक्ष्य रखा था। वास्तविक उत्पादन रिकॉर्ड 11.75 करोड़ टन होने का अनुमान है।

गेहूं मुख्य रबी (सर्दियों) की फसल है, जिसकी बुवाई अक्टूबर के अंत से शुरू होकर नवंबर तक चलती है। अन्य रबी फसलों में ज्वार, जौ, चना और मसूर शामिल हैं। रबी सत्र 2025-26 के लिए कुल खाद्यान्न उत्पादन लक्ष्य 17 करोड़ 11.4 लाख टन निर्धारित किया गया है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दो दिवसीय राष्ट्रीय रबी सम्मेलन के अवसर पर संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि रबी सत्र के लिए बीज और उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति है। कहा कि आगामी रबी सत्र में, कृषि वैज्ञानिकों की 2,000 से अधिक टीमें तीन अक्टूबर से शुरू होने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान नामक रबी अभियान के माध्यम से किसानों को समय पर जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए उनके पास जाएंगी।

### आउट ऑफ स्टॉक हुआ कॉस्मिक ऑरेंज आईफोन प्रो मैक्स-17

**नई दिल्ली।** कॉस्मिक ऑरेंज रंग वाले एप्पल के आईफोन प्रो मैक्स-17 की मांग में भारी उछाल आया है। कंपनी के कर्मचारियों द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, अमेरिका और भारत में कंपनी के आधिकारिक स्टोर पर इस उपकरण को लेने के लिए बुकिंग शुरू होने के तीन दिन के भीतर ही 'यह आउट ऑफ स्टॉक' हो गया है। एप्पल इंडिया वेबसाइट से प्राप्त जानकारी के अनुसार, भारत में पूरी आईफोन प्रो मैक्स श्रृंखला एप्पल स्टोर्स पर पिक-अप विकल्प के साथ पूर्व-ऑर्डर के साथ उपलब्ध नहीं है।

# जीएसटी छूट को प्रमुखता से प्रदर्शित करें खुदरा विक्रेता

नई दिल्ली, एजेंसी

- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी किए निर्देश

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने खुदरा विक्रेताओं को निर्देश दिया है कि वे हाल ही में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में किए गए संशोधन के कारण मिलने वाली छूट को प्रमुखता से प्रदर्शित करें और उसका विज्ञापन करें।

भारतीय खुदरा विक्रेता संघ को भेजे एक पत्र में, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने कहा कि खुदरा विक्रेताओं को रसीद/बिल में जीएसटी में कमी को जीएसटी छूट के रूप में दर्शाना चाहिए और उच्च प्रभाव वाले उत्पादों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। डीपीआईआईटी ने कहा, अपने नेटवर्क के माध्यम से वे जीएसटी के कारण छूट को प्रमुखता से प्रदर्शित करें और उसका विज्ञापन करें। उदाहरण के लिए- अपने खुदरा नेटवर्क के माध्यम से पोस्टर/फ्लायर्स और विज्ञापन के माध्यम से ऐसा किया जाना चाहिए। विभाग ने यह भी सुझाव दिया है कि इस त्योहारी सीजन के दौरान बिक्री के आंकड़ों पर नजर रखी जाए।




### व्यक्तिगत स्वास्थ्य, जीवन बीमा पॉलिसी मामले में कमीशन पर जीएसटी के लिए आईटीसी का लाभ नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने मंगलवार को कहा कि बीमा कंपनियां 22 सितंबर से व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसी के लिए कमीशन और ब्रोकरेज जैसे 'इनपुट' यानी कच्चे माल के लिए चुकाए गए जीएसटी पर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का दावा नहीं कर पाएंगी। सीबीआईसी ने 22 सितंबर से नए जीएसटी स्लैब लागू होने पर विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कराधान के बारे में स्पष्टीकरण देते हुए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) की सूची जारी की है। जीएसटी परिषद ने तीन सितंबर को अपनी बैठक में व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसी पर चुकाए गए प्रीमियम को जीएसटी से छूट देने का निर्णय लिया। फिलहाल इस पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता है। छूट 22 सितंबर से प्रभावी होगी। इस सवाल के जवाब में कि बीमा कंपनियों की कौन सी 'इनपुट' सेवाएं जीएसटी से मुक्त हैं, सीबीआईसी ने कहा कि वर्तमान में, बीमा कंपनियां कमीशन, ब्रोकरेज और पुनर्बीमा जैसे कई इनपुट और इनपुट सेवाओं पर आईटीसी का लाभ उठा रही हैं। सीबीआईसी ने कहा, इन इनपुट सेवाओं में से, पुनर्बीमा सेवाओं को छूट दी जाएगी।

## राष्ट्रीय

# विवाहघर बनाने के लिए श्रद्धालु मंदिरों को नहीं देते दान

## सुप्रीम कोर्ट की तमिलनाडु सरकार को फटकार, कहा- मंदिर के धन को सार्वजनिक या सरकारी नहीं माना जा सकता

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि श्रद्धालुओं द्वारा दिया गया धन विवाह समारोह स्थलों के निर्माण के लिए नहीं होता। न्यायालय ने उस आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया जिसमें कहा गया था कि मंदिर के धन को सार्वजनिक या सरकारी धन नहीं माना जा सकता। मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ ने तमिलनाडु के विभिन्न स्थानों पर पांच मंदिरों के धन से शादी स्थलों के निर्माण की अनुमति देने वाले सरकारी आदेशों को रद्द करते हुए फटकरा लगाई।

गत 19 अगस्त के अपने आदेश में, उच्च न्यायालय ने कहा कि विवाह समारोहों के लिए किराए पर देने के लिए मैरिज हॉल का निर्माण करने का सरकार का निर्णय धार्मिक उद्देश्यों की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आता।



न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी और उसने कहा, भक्त इन विवाह स्थलों के निर्माण के लिए मंदिर को अपना धन नहीं देते हैं। यह मंदिर के सुधार के लिए हो सकता है। पीठ ने पूछा, यदि मंदिर परिसर में विवाह समारोह चल रहा हो और सभी प्रकार के अश्लील गाने बजाए जा रहे हों, तो क्या मंदिर का यही उद्देश्य है? शीर्ष अदालत ने इसके बजाय सुझाव दिया कि इस धन का उपयोग शिक्षा और चिकित्सा संस्थानों जैसे धर्मार्थ कार्यों के लिए किया जाए। वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और अन्य वकील याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। पीठ ने कहा कि मुद्दा यह है कि सरकार द्वारा लिया गया निर्णय सही था या गलत। हालांकि, शीर्ष अदालत ने चुनौती पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की और इसे 19 नवंबर के लिए स्थगित कर दिया। पीठ ने कहा, हम इस मामले की सुनवाई करेंगे। हम याचिकाकर्ताओं को कोई स्थगन आदेश नहीं दे रहे हैं।

उच्च न्यायालय का यह निर्णय मंदिर के धन से विवाह मंडपों के निर्माण की अनुमति देने वाले सरकारी आदेशों को चुनौती देने वाली याचिका पर आया है। सरकारी आदेशों में हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग के मंत्री के बयान का खुलासा किया गया है, जिन्होंने विधानसभा में बजट भाषण के दौरान मंदिर के धन से 80 करोड़ रुपये खर्च करके 27 मंदिरों में विवाह मंडपों के निर्माण की घोषणा की थी। हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती अधिनियम और उसके नियमों के प्रावधानों के तहत, सरकार को मंदिर के धन या अधिशेष धन का उपयोग विवाह मंडपों के निर्माण के लिए करने का कोई अधिकार नहीं है।

### खजुराहो में भगवान विष्णु की मूर्ति पुन: स्थापित कराने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने यूनेस्को की विश्व विरासतों में शुमार मध्य प्रदेश में स्थित खजुराहो मंदिर के परिसर में मौजूद जावरी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट ऊंची प्रतिमा को पुन: स्थापित करने के अनुरोध से जुड़ी एक याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि यह याचिका चर्चा में आने के लिए दायर की गई है। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्र ने राकेश दलाल नामक व्यक्ति की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें छतरपुर जिले के जावरी मंदिर में क्षतिग्रस्त मूर्ति को बदलने और उसकी प्राण प्रतिष्ठा कराने का अनुरोध किया गया था। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, यह पूरी तरह से प्रचार पाने के लिए दायर याचिका है... जाकर स्वयं भगवान से कुछ करने के लिए कहिए। अगर आप कह रहे हैं कि आप भगवान विष्णु के प्रति गहरी आस्था रखते हैं, तो प्रार्थना करें और थोड़ा ध्यान लगाएं।

# मोदी को उपहार में मिली 1,300 से अधिक वस्तुओं की आज से की जाएगी ई-नीलामी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उपहार में मिली 1,300 से अधिक वस्तुओं की यहां सत्रह सितंबर से दो अक्टूबर तक ई-नीलामी की जाएगी। इनमें राम दरबार की तंजौर पेंटिंग, धातु की नटराज प्रतिमा और हाथ से बुनी हुई नगा शॉल शामिल हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ऑनलाइन नीलामी के सातवें संस्करण की शुरुआत मोदी के जन्मदिन पर होगी, जो बुधवार को 75 वर्ष के हो जाएंगे।

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने यहां राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय (एनजीएमए) में आयोजित एक प्रेस वार्ता में, प्रधानमंत्री के स्मृति चिह्नों की ई-नीलामी के नवीनतम संस्करण की शुरूआत किये जाने की घोषणा की। ई-नीलामी का पहला संस्करण जनवरी 2019 में आयोजित किया गया था। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, तब से, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेंट किये गए हजारों अद्वितीय उपहारों की नीलामी की जा चुकी है, जिनसे नमामि गंगे परियोजना के समर्थन में 50 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाई गई है।



### पेंटिंग, कलाकृतियां, मूर्तियां, देवी-देवताओं की मूर्तियां शामिल

शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री को मिले 1,300 से ज्यादा उपहारों की ऑनलाइन नीलामी की जाएगी। इन वस्तुओं में पेंटिंग, कलाकृतियां, मूर्तियां, देवी-देवताओं की मूर्तियां और कुछ खेल सामग्री शामिल हैं। मोदी देश के ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने अपने सभी स्मृति चिह्न इस नेक काम के लिए समर्पित कर दिए हैं। ई-नीलामी में, कढ़ाई वाली पश्मीना शॉल, राम दरबार की तंजौर पेंटिंग, नटराज मूर्ति, गुजरात की रोगन कला, एक हाथ से बुनी हुई नगा शॉल आदि शामिल की गई हैं।

# केंद्र से सुप्रीम कोर्ट ने कहा- जजों को सुविधाएं नहीं दे सकते तो अधिकरणों को समाप्त कर दें

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा-- वे आवेदन क्यों कर रहे हैं, साक्षात्कार क्यों दे रहे हैं और फिर कार्यभार क्यों नहीं संभाल रहे हैं

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति के बाद, अधिकरणों में उनके पदभार ग्रहण करने को इच्छुक नहीं होने के लिए सुविधाओं की कमी को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि यदि सरकार स्थिति में सुधार करने में असमर्थ है, तो ऐसे सभी अर्ध-न्यायिक निकायों को समाप्त कर देना जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि अगर केंद्र सरकार सुविधाएं नहीं दे सकती, तो उसे सभी अधिकरणों को समाप्त कर देना चाहिए और सभी मामलों को उच्च न्यायालयों में भेज देना चाहिए। न्यायालय ने कहा, वे आवेदन क्यों कर रहे हैं, साक्षात्कार क्यों दे रहे हैं और फिर कार्यभार क्यों नहीं संभाल रहे हैं? एक कारण यह है, उन्हें तब जाकर इसकी वास्तविकता का पता चलता है कि अधिकरण का सदस्य होना क्या होता है।

उनमें से कुछ, अगर वे अध्यक्ष होते हैं, तो वे उच्च न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीश या उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश होते हैं। उन्हें कोई भी सुविधा नहीं दी जाती। यहां तक कि स्टेशनरी के लिए भी उन्हें लगातार अनुरोध करना पड़ता है। आप अधिकरणों के साथ कैसा व्यवहार कर रहे हैं? दोष आपका (केंद्र का) है। आपने ही अधिकरण बनाए हैं। पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी से कहा, संसद ने अधिनियम पारित किए हैं। न्यायिक प्रभाव पर ध्यान नहीं दिया गया है। कोई खर्च नहीं दिया गया है।

उन्हें दूसरों के भरोसे रहना पड़ता है- हमें स्टेशनरी दो, हमें आवास दो, हमें यह दो, हमें कार दो। आपके विभाग की सबसे खटारा कार अधिकरण के अध्यक्ष को दी गई है। न्यायालय ने कहा, आप पूर्व मुख्य न्यायाधीशों और पूर्व न्यायाधीशों के साथ कैसा व्यवहार कर रहे हैं? इसलिए, उनके पास इसे (अधिकरण में पदभार) स्वीकार न करने का एक कारण है, क्योंकि वास्तविकता उनके सामने आ गई है।

# आरोपियों पर सबूतों से छेड़छाड़ के आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी की मोटरसाइकिल को टक्कर मारने वाली बीएमडब्ल्यू कार चलाने के आरोप में गिरफ्तार महिला और उसका पति मोटरसाइकिल सवार घायल दंपति को दूर स्थित एक अस्पताल ले जाते समय पुलिस को सूचित करने में विफल रहे, जिसके बाद जांचकर्ताओं ने दोनों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या और सबूतों से छेड़छाड़ के आरोप जोड़े हैं। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग में उप सचिव सिंह (52) की मोटरसाइकिल को रविवार दोपहर एक बीएमडब्ल्यू कार ने टक्कर मार दी थी। वह अपनी पत्नी के साथ गुरुद्वारा बंगला साहिब से घर लौट रहे थे। इस घटना में सिंह की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हैं। घटना के दौरान कार चला रही गगनप्रीत के साथ उसके पति, दो बच्चे और एक घरेलू सहायिका भी थी। गुरुग्राम में रहने वाला यह परिवार विनिर्माण का कारोबार करता है। मामले में बीएनएस की धारा 281 125बी (दूसरों की जान या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना), 105 (गैर इरादतन हत्या) और 238 (सबूतों को मिटाना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

बीएमडब्ल्यू दुर्घटना



### विदेश में बैठे नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई जरूरी : शाह


**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि अब समय आ गया है कि विदेश में बैठकर भारत में मादक पदार्थों का कारोबार करने वालों को कानून के दायरे में लाया जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नरेन्द्र मोदी सरकार देश से सभी प्रकार के मादक पदार्थों का सफाया करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मादक पदार्थ रोधी कार्य बल (एएनटीएफ) प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि पान की दुकानों या खोखों में मादक पदार्थ की पुड़िया (छोटे पैकेट) बेचकर तस्करी करने वाले मादक पदार्थ से जुड़े गिरोह के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। शाह ने कहा कि मादक पदार्थ के खिलाफ लड़ाई में त्रिकोणीय रणनीति अपनानी होगी।

# जाति, भाषा व अन्य मुद्दों पर बांटने की हो रही है कोशिश

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि जाति, भाषा और अन्य चीजों के नाम पर समाज को बांटने की कोशिश की जा रही है और उन्होंने इसे लेकर चिंता भी जताई। यहां एक पुस्तक विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि देश तभी प्रगति करेगा और मजबूत बनेगा, जब उसके लोग एकजुट रहेंगे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, मुझे लगता है कि आज पिछड़ापन एक राजनीतिक स्वार्थ बनता जा रहा है। हर कोई कहता है, मैं पिछड़ा हूं, मैं पिछड़ा हूं जाति, भाषा और हर चीज के नाम पर समाज को तोड़ने की कोशिश की जा रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की 100 साल की यात्रा पर चर्चा करते हुए, भाजपा नेता ने कहा कि विरोधियों ने भी कई मौकों पर संघ को जातिवादी और सांप्रदायिक कहकर बदनाम किया है।



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि संघ में किसी की जाति नहीं पूछी जाती। संघ में कोई भेदभाव, छुआछूत नहीं है। गडकरी ने कहा, हम दुनिया में सभी के कल्याण और प्रगति की कामना करते हैं, यहां तक कि उन लोगों की भी जो हमारा विरोध करते हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ऑस्कर विजेता निर्देशक रॉबर्ट रेडफोर्ड का निधन

**प्रोवो।** ऑस्कर विजेता अभिनेता, निर्देशक और सनडांस के संस्थापक तथा स्वतंत्र सिनेमा के जनक रॉबर्ट रेडफोर्ड का मंगलवार को निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। प्रचारक सिंडी बर्गर ने एक बयान में कहा, रेडफोर्ड का निधन उताह के पहाड़ों में स्थित उनके आवास पर हुआ। वर्ष 1960 के दशक में पहचान बनाने वाले रेडफोर्ड 70 के दशक के सबसे बड़े सितारों में से एक थे, जिन्होंने 'द कैंडिडेट', 'ऑल द प्रेसिडेंट्स मैन' और 'द वे वी वर' जैसी फिल्मों में काम किया। रेडफोर्ड ने 1980 में आई फिल्म 'ऑर्डिनरी पीपल' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का ऑस्कर पुरस्कार जीता था।

### पाकिस्तान में पोलियो टीम के 3 सदस्य अगवा

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हथियारबंद लोगों ने पोलियो निगरानी टीम के तीन सदस्यों का अपहरण कर लिया। यह घटना सोमवार को दक्षिणी वजीरिस्तान की सीमा से लगे टैंक जिले यूनियन काउंसिल ऑफ उमरखेल में हुई। जिला निगरानी अधिकारी डॉ. इहसानुल्लाह उन लोगों में शामिल हैं, जिनका अपहरण किया गया। पुलिस के अनुसार, विश्व स्वास्थ्य संगठन से संबद्ध पोलियो निगरानी दल, 15 से 18 सितंबर तक यूनियन ऑफ काउंसिल में चार दिवसीय पोलियो विरोधी अभियान की निगरानी कर रहा था।

### जेलेंस्की ने यूरोपीय वायु रक्षा प्रणाली मांगी

**कीव।** रूसी सेना ने दक्षिणी यूक्रेनी शहर ज़ापोरिज्जिया पर रात भर रॉकेट से बमबारी की, जिसमें दो बच्चों सहित 13 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार यह जानकारी। वहीं, राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने यूरोपीय नेताओं से महाद्वीप को सुरक्षित बनाने के लिए एक महत्वाकांक्षी वायु रक्षा प्रणाली तैयार करने की गुजारिश की। ज़ेलेंस्की ने टेलीग्राम पर कहा कि पिछले दो सप्ताह में रूस ने यूक्रेन के भीतर लक्ष्यों पर 3,500 से अधिक ड्रोन, 2,500 से अधिक शक्तिशाली ग्लाइड बम और लगभग 200 मिसाइलें दागी हैं।

### चीन ने इंटरनेट के लिए उपग्रह प्रक्षेपित किया

**जिउक्वान।** चीन ने मंगलवार को देश के उत्तर-पश्चिम में स्थित जिउक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से उपग्रह इंटरनेट तकनीक के लिए एक परीक्षण उपग्रह को अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया। उपग्रह को सुबह 9:06 बजे लॉन्ग मार्च-2सी वाहक रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया गया, जिसमें युआनझेंग-1एस (एक्सपीडिशन-1एस) का ऊपरी चरण रॉकेट से जुड़ा हुआ था। उपग्रह अपनी पूर्व निर्धारित कक्षा में पहुंच गया है। यह लॉन्ग मार्च वाहक रॉकेट श्रृंखला का 595वाँ उड़ान मिशन था।

# ट्रंप ने न्यूयॉर्क टाइम्स पर किया 15 अरब डॉलर का मानहानि का केस

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**



- चुनाव से पहले दुर्भावनापूर्ण मानहानि करने का आरोप

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार और उसके चार पत्रकारों के खिलाफ सोमवार को 15 अरब डॉलर का मानहानि का मुकदमा दायर किया है। अदालत के दस्तावेजों से यह जानकारी मिली।

फ्लोरिडा स्थित अमेरिकी जिला न्यायालय में दायर मुकदमे में अखबार के दो पत्रकारों द्वारा लिखे गए और 2024 के चुनाव से पहले प्रकाशित कई लेखों और एक किताब का जिक्र है। इसमें कहा गया है कि ये ट्रंप के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण मानहानि करने की न्यूयॉर्क टाइम्स की दशकों पुरानी प्रवृत्ति का हिस्सा हैं। प्रतिवादियों ने ऐसे बयानों को लापरवाही से, बयानों के झूठ होने की जानकारी के साथ और/या उनकी सच्चाई या झूठ की बेपरवाही से अनदेखी करते हुए प्रकाशित किया। मुकदमे की घोषणा करते हुए 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में, ट्रंप ने न्यूयॉर्क टाइम्स पर उनके बारे में झूठ बोलने और उन्हें बदनाम करने का आरोप लगाया और कहा कि यह रेडिकल लेफ्ट डेमोक्रेट पार्टी का एक आभासी मुखपत्र बन गया है।

# सबसे धीमे शहर भारत में



भारत के शहरों में ट्रैफिक जाम में कब कोई एंबुलेंस फंस जाए और कब किसी की जान चली जाए, कुछ नहीं कहा जा सकता। ट्रैफिक जाम पर कई शोध हुए जिनसे पता चलता है कि भारत के प्रमुख शहर दुनिया के सबसे धीमे शहरों में शामिल हैं। कोलकाता, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद और चेन्नई जैसे शहर ट्रैफिक जाम से गंभीर रूप से प्रभावित हैं। इस समस्या के कारणों में बढ़ती आबादी और वाहनों की संख्या, अपर्याप्त सार्वजनिक परिवहन, और सड़कों पर बेतहाशा अतिक्रमण शामिल है। ट्रैफिक जाम लोगों के समय और पैसे की बर्बादी का भी बड़ा कारण बन चुका है। प्रदूषण इसका सबसे बड़ा साइड इफेक्ट है जो सीधे तौर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है। सरकार की ओर से फिलहाल इस विकराल समस्या के समाधान के लिए न गंभीरता दिखती है, न ही पर्याप्त कोशिशें।

### कितनी बड़ी मुसीबत

- वर्ष 2016, गुरुग्राम में एनएच 48 पर 20 घंटे तक ट्रैफिक जाम रहा जिसमें लाखों लोग फंसे रहे।
- वर्ष 2018 मुंबई अंधेरी ब्रिज गिरा, ट्रैफिक जाम की वजह से एंबुलेंस और बचाव दल नहीं पहुंचे।
- वर्ष 2020-21 के कोविड काल में ट्रैफिक जाम में एंबुलेंसों के फंसने से कई मरीजों की मौत हुई।
- वर्ष 2022 में बेंगलुरु में भारी बारिश के दौरान आईटी कॉरिडोर में कई किलोमीटर लंबा जाम।
- वर्ष 2023 में दिल्ली-गुरुग्राम टोल पर कई घंटों तक जाम लगा जिसमें कई मरीजों की मौत हो गई।

## ट्रैफिक जाम की समस्या पूरे देश में

### क्यों इस कदर जाम होती हैं सड़कें

- मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे और नीति आयोग के मुताबिक भारतीय महानगरों में हर साल 7 से 10% की दर से निजी वाहन बढ़ रहे हैं।
- वाहनों के पंजीकरण की तुलना में सड़क नेटवर्क की लंबाई काफी कम है, इन पर बसें, मेट्रो, लोकल ट्रेन जैसे पब्लिक ट्रांसपोर्ट की भी कमी है।
- अनियोजित हाउसिंग और कम चौड़ी सड़कों के कारण अनियंत्रित शहरीकरण, इन पर अवैध पार्किंग की वजह से सड़कें और संकरी हो जाती हैं।
- नियमों के पालन की कमी भी बड़ा कारण, भारत में लेन अनुशासन नहीं, गलत जगह पर रुकना और वाहनों को पार्क करने से जाम लगता है।

### वाहन और सड़कें

- 1951 में भारत में लगभग 3 लाख वाहन थे जो 2001 में 5.5 करोड़ हो गए।
- मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे के मुताबिक 2023 तक 40 करोड़ से अधिक वाहन हो गए हैं।
- भारत 64 लाख किमी का दुनिया का दूसरा बड़ा सड़क नेटवर्क है लेकिन सड़कें संकरी और भीड़भरी।
- दिल्ली जैसे शहर में वाहनों की संख्या 1.4 करोड़ से ऊपर है लेकिन सड़क नेटवर्क लगभग स्थिर है।

### पैसे-समय की बड़ी बर्बादी

- नीति आयोग के अनुसार दिल्ली-बेंगलुरु-मुंबई में ट्रैफिक जाम से हर साल 1.5-2 लाख करोड़ रुपये का नुकसान होता है।
- टॉम टॉम ट्रैफिक इन्डेक्स 2022 के मुताबिक बेंगलुरु के लोग रोजाना औसतन 70 से 80 मिनट तक जाम में फंसते हैं।
- स्टॉप एंड गो ट्रैफिक से उत्सर्जन दो से तीन गुना तक बढ़ता है। सीएसई के मुताबिक ट्रैफिक से 40% शहरी प्रदूषण होता है।
- तनाव, उच्च रक्तचाप और श्वसन रोगों जैसे स्वास्थ्य दुष्प्रभाव भी ट्रैफिक जाम के कारण।

### सरकारी प्रयास

राष्ट्रीय शहरी परिवहन नीति 2006 में सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने का प्रावधान किया गया है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट, ई-बस, स्मार्ट सिग्नल लेकिन कई जगह विफल। मेट्रो रेल नीति 2017 के तहत शहरों में मेट्रो विस्तार और टोल पर जाम कम करने के लिए फास्टैग। प्रदूषण और तेल खपत घटाने के लिए ई-वाहन नीति।

# गाजा पर कब्जे की तैयारी शुरू, इजराइल ने बड़े पैमाने पर शुरू किए जमीनी हमले

## रात भर हुई बमबारी में 20 की मौत और 90 से ज्यादा घायल, कई इमारतें मलबे में तब्दील

**यरुशलम, एजेंसी**

गाजा में रात भर हुए हवाई हमलों के बीच इजराइल की सेना ने मंगलवार को घोषणा की कि गाजा शहर में हमास के सैन्य बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए उसका विस्तारित अभियान शुरू हो चुका है। सेना ने गाजा के लोगों को दक्षिण की ओर जाने की भी चेतावनी दी। गाजा पर इसके साथ कब्जे के लिए जमीनी हमले भी शुरू कर दिए गए हैं। ताजा हमलों में 20 की मौत और 90 से ज्यादा के घायल होने की खबर है।

संयुक्त राष्ट्र ने सोमवार को अनुमान लगाया था कि पिछले एक महीने में दो लाख 20 हजार से अधिक फलस्तीनी उत्तरी गाजा से पलायन कर चुके हैं। इजराइल की सेना ने बड़ा अभियान शुरू करने से पहले लोगों को गाजा शहर छोड़ देने के लिए चेताया था। इससे पहले गाजा शहर के आसपास के क्षेत्र में करीब 10 लाख फलस्तीनी रह रहे थे। गाजा के शिफा अस्पताल ने बताया है कि वहां 20 लोगों के शव और 90 घायलों को लाया गया है। दूसरी ओर गाजा में बंधक बनाए गए बंधकों के परिवारों ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आवास के बाहर एकत्र होकर गाजा में अभियान रोकने की गुहार लगाई।



गाजा शहर में इजराइली हवाई हमलों के बाद आसमान में छाया धुआं।

### गाजा जल रहा है, मिशन पूरा होने तक तरस नहीं खाएंगे: इजराइली रक्षामंत्री

गाजा शहर में हवाई हमलों और बमबारी के बाद इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज़ ने मंगलवार सुबह एक बयान में कहा गया कि गाजा जल रहा है। काट्ज ने कहा कि आईडीएफ आतंकवादी बुनियादी ढांचों पर कड़े हमला कर रही है और हमास को हराने और बंधकों की रिहाई की दिशा में काम कर रही है। काट्ज ने कहा, जब तक मिशन पूरा नहीं हो जाता हम न तरस खाएंगे और न पीछे हटेंगे। फलस्तीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी वाफा ने बताया कि इजराइली सेना सोमवार रात से गाजा शहर पर लगातार हमले कर रही है। इजराइल के लड़ाकू विमान बिना रुके लगातार हमले कर रहे हैं।

### समय निकलता जा रहा है: रूबियो

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कतर रवाना होने से पहले इजराइल में पत्रकारों से बात करते हुए संकेत दिया कि गाजा शहर पर आक्रमण शुरू हो गया है। हमें लगता है कि हमारे पास समझौते के लिए बहुत कम समय बचा है। शायद कुछ दिन या कुछ हफ्ते। उन्होंने गाजा के लिए तीव्र सैन्य अभियान से उत्पन्न खतरों को स्वीकार करते हुए कहा, हमारी प्राथमिकता यह है कि यह बातचीत के जरिए और समाधान के जरिए समाप्त हो।

### गाजा में नरसंहार कर रहा है इजराइल : संयुक्त राष्ट्र

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की ओर से नियुक्त स्वतंत्र विशेषज्ञों की एक टीम ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा है कि इजराइल गाजा में नरसंहार कर रहा है। टीम ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इसे रोकने तथा दोषियों को दंडित करने की अपील की है। तीन सदस्यीय टीम द्वारा तैयार की गई यह विस्तृत और दस्तावेज़ आधारित रिपोर्ट प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार पर अब तक के सबसे गंभीर आरोपों में शामिल है। गाजा में जारी इजराइली अभियान में हजारों लोगों की मौत हो चुकी है। इजराइल ने इस रिपोर्ट को तोड़मरोड़कर तैयार की गई झूठी रिपोर्ट बताते हुए खारिज कर दिया है। कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्र और इजराइल पर गठित जांच आयोग ने रिपोर्ट में कहा कि उसने 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा इज़राइल में किए गए हमले के बाद से गाजा और अन्य फलस्तीनी क्षेत्रों में कथित मानवाधिकार उल्लंघनों का बार-बार दस्तावेजीकरण किया है।

### इजराइल को अंतरराष्ट्रीय खेलों से किया जाए प्रतिबंधित : स्पेन

**मैड्रिड।** स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने इजराइल को अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं से बाहर करने का आह्वान किया है। उन्होंने अपनी पार्टी के निर्वाचित प्रतिनिधियों से कहा, इजराइल अपने गलत कार्यों पर पर्दा डालने को किसी अंतरराष्ट्रीय मंच का इस्तेमाल नहीं कर सकता। 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के लिए इजराइल के साथ भी वैसा ही व्यवहार किया जाना चाहिए जैसा रूस के साथ किया गया है।





### लाड़लों को अंतिम विदाई

नेपाल में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान मारे गए कुछ जेन जी युवाओं का मंगलवार को काठमांडू के पशुपति आर्यघाट में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों की आंखें इस दौरान आंसुओं से भीगी रहीं। गृहमंत्री ओमप्रकाश आर्यल भी इन युवाओं को अंतिम विदाई देने पहुंचे।

### बाइडन प्रशासन आरोपी को रिहा न करता तो न मारे जाते नागमल्लैया

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने कहा है कि डलास में भारतीय मूल के एक होटल प्रबंधक की नृशंस तरीके से हत्या कभी नहीं होती, अगर पूर्ववर्ती बाइडन प्रशासन आरोपी को देश में रिहा नहीं करता।

अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, एक होटल प्रबंधक की उसके परिवार के सामने क्यूबा से आए एक अवैध विदेशी ने हत्या कर दी। क्यूबा ने दोषी ठहराए गए इस अपराधी को स्वीकार करने से इन्कार कर दिया, इसलिए बाइडन प्रशासन ने राष्ट्रपति ट्रंप के पदभार ग्रहण करने से एक हफ्ते पहले उसे अमेरिकी सड़कों पर छोड़ दिया। चंद्र नागमल्लैया की डाउनटाउन सूट्स मोटल में उनके सहकर्मी योर्डानिस कोबोस-मार्टिनेज ने वाशिंग मशीन को लेकर हुए एक विवाद के बाद हत्या कर दी। कोबोस-मार्टिनेज क्यूबाई नागरिक है और उसका हिंसक आपराधिक इतिहास है।

### फिलीपींस के पोत ने चीनी जहाज को मारी टक्कर, तनाव

**बीजिंग।** दक्षिण चीन सागर में मंगलवार सुबह फिलीपींस के एक जहाज ने जानबूझकर एक चीनी तट रक्षक जहाज को टक्कर मार दी। सीसीजी प्रवक्ता ने कहा कि मंगलवार को फिलीपींस के दस पोत चीन के हुआंग्यान दाओ के पास चीनी जलक्षेत्र में घुस आए। सीसीजी ने कानून के मुताबिक उन्हें चेतावनी दी और उन पर पानी की बौछार की। सुबह करीब 10 बजे एक फिलीपीनी पोत ने चेतावनी को नजरंदाज करते हुए एक जहाज को जोरदार टक्कर मारी।

# रूस ने परमाणु शक्ति का प्रदर्शन किया, नाटो के साथ तनाव बढ़ा

- नाटो महासचिव ने स्पेन व ब्रिटेन की सुरक्षा पर जताई चिंता

**मास्को।** रूस ने बेलारूस के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास के दौरान अपनी पारंपरिक और परमाणु सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया, इससे पूर्वी यूरोप में नाटो के साथ तनाव और गहरा हो गया।

हाल के सप्ताहों में कई घटनाओं ने क्षेत्रीय अस्थिरता को और बढ़ा दिया है। इनमें पोलैंड में रूसी ड्रोन के प्रवेश को वहां के अधिकारियों ने जानबूझकर किया गया उकसावा करार दिया है। जवाब में नाटो ने पूर्वी हिस्से में वायु रक्षा तंत्र को मजबूत किया है। रूस और बेलारूस के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास जापाद 2025 में परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बमवर्षकों, युद्धपोतों, हजारों सैनिकों और सैकड़ों युद्ध वाहनों ने भाग लिया।

अभ्यास में दुश्मन के हमले की स्थिति में संयुक्त जवाबी कार्रवाई की तैयारी की गई, जिसमें परमाणु हथियारों के उपयोग की योजना और रूस की नई 'ओरेशनिक' इंटरमीडिएट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल भी शामिल है। नाटो महासचिव मार्क रुटे ने मास्को की हाइपरसोनिक मिसाइल क्षमताओं का उल्लेख करते हुए कहा अब यह मान लेना सही नहीं होगा कि स्पेन या ब्रिटेन, एस्तोनिया या लिथुआनिया की तुलना में अधिक सुरक्षित हैं।

# नेपाल में प्रधानमंत्री कार्की से मिले भारत के राजदूत नवीन

**काठमांडू।** नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने नवनियुक्त अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की से यहां सिंह दरबार स्थित उनके कार्यालय में मंगलवार को मुलाकात की और उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बधाई संदेश दिया। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि राजदूत श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री मोदी की ओर से अपने नेपाली समकक्ष को अंतरिम सरकार की नेता के रूप में उनकी नियुक्ति पर बधाई संदेश दिया। अपने संदेश में मोदी ने दोनों देशों के बीच सहयोग और मैत्री के संबंधों को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# ट्रंप के दावे को आखिरकार पाकिस्तान ने भी किया खारिज

## उपप्रधानमंत्री ने पहली बार किया स्वीकार- भारत ने कभी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को नहीं किया मंजूर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रुकवाने में मध्यस्थता करने के अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को खारिज किया है। डार ने मंगलवार को कतर में अल-जज़ीरा को दिए साक्षात्कार में पहली बार स्वीकार किया कि भारत ने कभी दोनों देशों के बीच के मुद्दे में किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं किया है।

डार ने कहा कि पाकिस्तान ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के समक्ष जब युद्ध विराम का मुद्दा उठाया था तो उन्होंने कहा कि भारत का हमेशा यह मानना रहा है कि पाकिस्तान के साथ सभी मुद्दे पूरी तरह द्विपक्षीय हैं। अमेरिका ने मई में संघर्ष रुकवाने का प्रस्ताव रखा था और कहा था कि भारत पाकिस्तान के बीच वार्ता किसी तटस्थ स्थान पर हो सकती है, लेकिन 25 जुलाई को वाशिंगटन में रुबियो के साथ बैठक में बताया गया कि भारत इस पर सहमत नहीं था।

### भारत आगे बढ़े तो बातचीत के लिए अब भी तैयार



डार ने कहा कि अगर भारत आगे बढ़े तो पाकिस्तान अब भी बातचीत के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, भारत का कहना है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है। हम किसी चीज़ की भीख नहीं मांग रहे हैं। हम एक शांतिप्रिय देश हैं और हमारा मानना है कि बातचीत ही आगे बढ़ने का रास्ता है, लेकिन बातचीत के लिए दो लोगों की ज़रूरत होती है। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या आप तीसरे पक्ष की भागीदारी के लिए तैयार हैं तो उन्होंने कहा, हमें बातचीत में तीसरे के शामिल होने पर कोई आपत्ति नहीं है। हमें द्विपक्षीय वार्ता पर भी कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन बातचीत में आतंकवाद, व्यापार और जम्मू-कश्मीर सभी मुद्दों को शामिल किया जाना चाहिए।

### भारतीय मिसाइल हमलों में मसूद के परिवार के टुकड़े-टुकड़े हो गए


**लाहौर।** जैश-ए-मोहम्मद के एक कमांडर ने स्वीकार किया है कि सात मई को पाकिस्तान के बहावलपुर स्थित संगठन मुख्यालय पर भारतीय मिसाइल हमलों में आतंकवादी समूह के प्रमुख मसूद अजहर के परिवार के टुकड़े-टुकड़े हो गए। मंगलवार को एक यूट्यूब चैनल पर अपलोड किए गए वीडियो में जैश-ए-मोहम्मद कमांडर इलियास कश्मीरी को भारतीय हमले के खिलाफ जहर उगलते सुना जा सकता है, जिसमें अजहर के परिवार के सदस्य मारे गए थे। साथ ही वह पड़ोसी देशों में पाकिस्तान के लिए लड़ने की शेखी भी बघार रहा है। यह वीडियो 6 सितंबर को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में हुए मिशन मुस्तफा सम्मेलन का बताया जा रहा है। कई बंदूकधारियों के बीच खड़े जैश कमांडर ने कहा, इस देश की वैचारिक-भौगोलिक सीमाओं की रक्षा के लिए, हमने दिल्ली, काबुल और कंधार पर हमला किया, जिहाद छेड़ा। और अपना सब कुछ कुर्बान करने के बाद सात मई को बहावलपुर में मौलाना मसूद अजहर के परिवार के सदस्यों को (भारतीय हमलों में) टुकड़े-टुकड़े कर दिया गया।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 सितंबर, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, एकादशी 11.39 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 06.26 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** — आज प्रेम-संबंधों में गलतफहमियां आने की आशंका है। मेहनत से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। कुछ मित्र आपसे नाराज हो सकते हैं। भारी उद्योग से जुड़े लोगों को मशीनरी से संबंधित समस्या हो सकती है।

**वृष** — आज आपके स्वाभिमान और आत्मबल में वृद्धि होगी। परिवार में अनुशासन बनाए रखें। सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करें। सोशल मीडिया के माध्यम से शुभ सूचना मिल सकती है। भाई-बहनों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मिथुन** — आज परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। आवश्यक कार्यों को दिन के पहले भाग में ही पूर्ण कर लेना हितकर होगा। बच्चे आज मस्ती के मूड में रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आय की दृष्टि से दिन सन्तोषजनक रहेगा।

**कर्क** — आज आपके काम समय पर पूरे हो जायेंगे। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। रचनात्मक योजनाओं से आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। वैवाहिक जीवन को लेकर थोड़ी परेशानियां रहेंगी। पैर और कमरदर्द की शिकायत हो सकती है।

**सिंह** — आज नशे से पूरी तरह दूरी बनाकर रखें। घर में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। मन में नकारात्मक विचार जन्म ले सकते हैं। स्वास्थ्य में थोड़ी नरमी हो सकती है। आज लंबी दूरी की यात्रा करने से बचें। प्रेमीजन के ऊपर धन खर्च करेंगे।

**कन्या** — आज का दिन खुशियों और उत्साह से भरपूर रहेगा। अविवाहित लोगों को विवाह के अवसर मिल सकते हैं। मन में पुरानी स्मृतियां दोबारा ताजा होंगी। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। व्यापार में बिक्री बढ़ने से आप अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे।

**तुला** — आज आपकी सेहत थोड़ी प्रतिकूल हो सकती है। आज आप घर में अधिक समय बिताना पसंद करेंगे। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं। पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोग नए टूर की योजना बनायेंगे। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा।

**वृश्चिक** — आज रुका हुआ धन मिलने में कठिनाई होगी। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से मतभेद उभर सकते हैं। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश को लेकर योजना बनायेंगे। दिखावे के चक्कर में आप थोड़ी गलतियां करेंगे। धर्म-कर्म पर धन खर्च कर सकते हैं।

**धनु** — आज व्यवसाय में आपकी अपेक्षा के अनुसार बिक्री न होने से मन अप्रसन्न हो सकता है। उधार लिया हुआ धन मिलने में कठिनाई होगी। अपना खानपान संतुलित रखें। महत्वपूर्ण कार्य लंबित हो सकते हैं। मित्रों के व्यवहार से आपको दुख हो सकता है।

**मकर** — आज आपकी दिनचर्या थोड़ी व्यस्त रहेगी। आयात-निर्यात से जुड़े व्यवसाय से धन लाभ होगा। ऑफिस में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं। छात्र पढ़ाई में अत्यधिक रुचि लेंगे।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ेगा। शुगर के रोगियों को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। परिजनों के साथ नोक-झोंक हो सकती है। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़ी परेशानियां हो सकती हैं। व्यवसाय में नये विरोधी सक्रिय हो सकते हैं।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र में बिक्री बढ़ने के योग बन रहे हैं। सरकारी कार्यों के लिए दिन बहुत शुभ है। घरेलू कलह का निवारण होगा। वैवाहिक जीवन खुशियों से भरपूर रहेगा। आपकी बातों से लोग आकर्षित रहेंगे। नई स्किल सीखने का प्रयास कर सकते हैं।

## सुडोकू-102

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | 6 | | | 3 |
| 6 | | 8 | | | 1 | | | |
| | 7 | | 6 | | | | | 1 |
| | | 6 | | | 4 | 5 | | |
| | 9 | | | | | | 7 | |
| | | 1 | 8 | | | 3 | | |
| 4 | | | 3 | | 2 | | 9 | |
| | | | | | | 6 | | 2 |
| 3 | | | 9 | | 7 | | | |

### सुडोकू - 101 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 |
| 8 | 4 | 7 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 | 7 | 2 | 4 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 4 | 8 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 4 | 9 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 |
| 3 | 7 | 9 | 2 | 4 | 8 | 1 | 5 | 6 |



"दो वर्षों में मुझे काफी अनुभव हासिल हुआ। इस बीच कई ऐसे मुश्किल क्षण आए जिन्होंने मुझे खिलाड़ी और इंसान के रूप में मजबूत बनाया। अब मैं पहले से बेहतर खिलाड़ी बन गई हूं।
आर वैशाली, भारतीय ग्रैंडमास्टर



## हाईलाइट

### भारत के वेलकुमार ने स्पीड स्केटिंग में पहला विश्व स्वर्ण पदक जीता

**बीजिंग।** भारत के स्पीड स्केटर आनंदकुमार वेलकुमार ने स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर देश के लिए स्वर्णिम अध्याय लिखा। वेलकुमार ने सीनियर पुरुषों की 1,000 मीटर स्प्रिंट स्पर्धा में 1 मिनट 24.924 सेकंड का समय लेकर जीत हासिल की और प्रतिस्पर्धी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सबसे आगे रहे। उनकी यह जीत भारतीय रोलर स्पोर्ट्स के लिए महत्वपूर्ण क्षण था, जो लंबे समय से वैश्विक मंच पर पहचान बनाने की कोशिश कर रहा था। तमिलनाडु के 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले हफ्ते बेइदाईहे में 500 मीटर स्प्रिंट में 43.072 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीतकर इसी प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला सीनियर पदक हासिल किया था।

### पॉडकास्ट की दुनिया में उतरीं सेरेना-वीनस



**न्यूयॉर्क।** टेनिस कोर्ट पर लंबे समय तक धूम मचाने के बाद विलियम्स बहनें सेरेना और वीनस अब पॉडकास्ट की दुनिया में उतर रही हैं। यह दोनों टेनिस जगत की महान खिलाड़ियों में हैं और उन्होंने लंबे समय तक महिला टेनिस में अपना दबदबा बनाए रखा था। सेरेना ने 2022 में अमेरिकी ओपन के रूप में अपना आखिरी टूर्नामेंट खेला था जबकि वीनस ने हाल में वर्ष के आखिरी ग्रैंड स्लैम के एकल, महिला युगल और मिश्रित युगल में प्रतिस्पर्धा की थी। सेरेना और वीनस बुधवार को एक्स पर अपने पॉडकास्ट का पहला एपिसोड लॉन्च करेंगी।

### झाझरिया को 20 पदक जीतने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारतीय पैरालंपिक समिति के प्रमुख देवेंद्र झाझरिया को विश्वास है कि देश का 73 सदस्यीय दल 27 सितंबर से शुरू हो रही विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 20 से अधिक पदक जीत सकता है। यह चैंपियनशिप भारत में अब तक का सबसे बड़ा पैरा खेल आयोजन होगा, जिसमें 104 देशों के 2,200 से अधिक पैरा-एथलीट और सहयोगी स्टाफ भाग लेंगे। विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय दल उसका अब तक का सबसे बड़ा दल है। झाझरिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि हमारे दल में 73 एथलीट हैं, जो विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अब तक का सबसे बड़ा भारतीय दल है।

### डुप्लांटिस ने फिर पोल वॉल्ट का रिकॉर्ड तोड़ा

**टोक्यो।** टोक्यो के नेशनल स्टेडियम में आर्मंड डुप्लांटिस ने फिर जीत हासिल की और एक बार फिर उसने विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। फरवरी 2022 के बाद से यह 14वीं बार था जब इस स्वीडिश खिलाड़ी ने पुरुषों की पोल वॉल्ट में विश्व रिकॉर्ड को फिर से बनाया, जब यह सिर्फ 6.17 मीटर था। विश्व खिताब तो आसानी से मिल गया था। डुप्लांटिस ने 5.75, 5.85, 5.95, 6.00 और 6.10 मीटर की दूरी पार करने के बाद, पहले ही प्रयास में 6.15 मीटर की ऊंचाई पर शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। लेकिन रिकॉर्ड ऊंचाई की बात ही कुछ और थी।

### कलिंगा लांसर्स के कोच बनाए गए जे स्टेसी

**भुवनेश्वर।** दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई जे स्टेसी को मंगलवार को हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के आगामी सत्र के लिए कलिंगा लांसर्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। स्टेसी जर्मनी के कोच वेलेंटिन आल्टेनबर्ग की जगह लेंगे जिन्होंने पिछले सत्र में लांसर्स का मार्गदर्शन किया था। ऑस्ट्रेलिया के लिए 321 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले 27 साल के स्टेसी ने राष्ट्रीय टीम के साथ तीन ओलंपिक पदक (बार्सीलोना में 1992 में रजत, अटलांटा में 1996 में कांस्य और सिडनी में 2000 में कांस्य) जीते। इसके अलावा वह कुआलालंपुर में 1998 राष्ट्रमंडल खेल और 1999 में चैंपियन्स ट्रॉफी जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रहे। स्टेसी ने वर्ष 2000 में ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे अधिक मैच खेलने वाले अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी के रूप में संन्यास लिया। स्टेसी ने दुनिया भर के क्लबों के अलावा ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड और बेल्जियम के घरेलू सर्किट में कोच की भूमिका निभाई है।

# एशिया कप से मैच रेफरी पाइक्रॉफ्ट को नहीं हटाएगा आईसीसी

## भारत के हाथ न मिलाने पर रेफरी को जिम्मेदार ठहरा टूर्नामेंट छोड़ने की पीसीबी ने दी है धमकी

**दुबई, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को पाकिस्तान की उस मांग को खारिज कर दिया, जिसमें उसने एशिया कप के लिए अधिकारियों के पैनल से मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की थी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हालांकि भारत के खिलाफ मैच के बाद 'हाथ नहीं मिलाने' के विवाद के लिए जिम्बाब्वे के रेफरी को जिम्मेदार ठहराते हुए कथित तौर पर टूर्नामेंट से हटने की धमकी दी है।

पीसीबी ने आईसीसी को शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि पाइक्रॉफ्ट ने रविवार को एशिया कप मैच में टॉस के समय पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव से हाथ नहीं मिलाने के लिए कहा था। आईसीसी के एक सूत्र ने बताया कि कल देर रात आईसीसी ने पीसीबी को जवाब भेजा था कि पाइक्रॉफ्ट को नहीं हटाया जाएगा और उनकी याचिका खारिज कर दी गई है। जिंबाब्वे के 69 वर्षीय पाइक्रॉफ्ट बुधवार को यूएई के खिलाफ पाकिस्तान के ग्रुप चरण के अंतिम मैच में रेफरी होंगे। पाकिस्तानी टीम के मैनेजर नावेद चीमा ने भी एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) में शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि पाइक्रॉफ्ट के जोर देने पर ही रविवार को दोनों कप्तानों के बीच टीम की जानकारी का आदान-प्रदान नहीं किया गया जैसा कि आमतौर पर होता है। भारत की सात विकेट से जीत के बाद सूर्यकुमार और उनकी टीम ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था। पाइक्रॉफ्ट आईसीसी एलीट पैनल के सबसे सीनियर मैच रेफरी में से एक हैं जिन्होंने 695 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों (पुरुष और महिला वर्ग के तीनों प्रारूप में) में अधिकारी की भूमिका निभाई है।



### उस्मान वाल्हा की वजह से पैदा हुई यह स्थिति

विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि यह स्थिति पीसीबी के क्रिकेट परिचालन निदेशक उस्मान वाल्हा की वजह से पैदा हुई जिन्होंने अपने कप्तान को टूर्नामेंट के दौरान लागू होने वाले नियमों के बारे में जानकारी नहीं दी। पता चला है कि पीसीबी के नाराज प्रमुख मोहसिन नकवी ने राष्ट्रीय क्रिकेट टीम और उसके कप्तान को हुई शर्मिंदगी के लिए सोमवार को वाल्हा को बर्खास्त करने का आदेश दिया। नकवी एसीसी के मौजूदा अध्यक्ष भी हैं।

### सलमान को नहीं थी नीति की जानकारी

सूत्रों के अनुसार यह वाल्हा की जिम्मेदारी थी कि वह सलमान को 'हाथ नहीं मिलाने' की नीति के बारे में सूचित करें लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और पाकिस्तानी कप्तान को इसकी कोई जानकारी नहीं थी। पीसीबी के सूत्र ने कहा कि वाल्हा को टॉस के समय ही बयान जारी कर देना चाहिए था जब दोनों कप्तानों ने हाथ नहीं मिलाया था। नकवी जाहिर तौर पर गुस्से में थे क्योंकि उन्होंने इस मामले को अच्छी तरह नहीं संभाला।

### रिचर्डसन को रेफरी के रूप में चाहता है पीसीबी

पीसीबी चाहता था कि पाइक्रॉफ्ट को पूरे टूर्नामेंट से हटा दिया जाए लेकिन अब यह देखना दिलचस्प होगा कि भारत के जय शाह की अध्यक्षता वाली आईसीसी द्वारा उनकी मांग को सिरे से खारिज करने के बाद वे खेलना जारी रखते हैं या नहीं। समझा जाता है कि पीसीबी सम्मानजनक समाधान निकालने की कोशिश कर रहा है, जिसके तहत वह चाहता है कि पाइक्रॉफ्ट उनके मैचों में मैच रेफरी की भूमिका नहीं निभाएं। पीसीबी ने यह भी प्रस्ताव दिया है कि बुधवार को यूएई के खिलाफ मैच में रिची रिचर्डसन रेफरी की भूमिका निभाए, लेकिन ऐसा होगा या नहीं यह बड़ा सवाल है।

# भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी का नया प्रायोजक होगा अपोलो टायर्स, 579 करोड़ का सौदा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऑनलाइन गेम मंच ड्रीम 11 के बाहर होने के बाद अपोलो टायर्स भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी का नया प्रायोजक होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को पीटीआई को यह जानकारी दी।

सरकार द्वारा पेश किए गए नए कानून के तहत ड्रीम 11 सहित वास्तविक धनराशि वाले गेमिंग मंच पर प्रतिबंध लगाने के बाद बीसीसीआई के पास टीम की जर्सी के लिए कोई प्रायोजक नहीं था। भारतीय टीम वर्तमान में दुबई में एशिया कप में बिना किसी जर्सी प्रायोजक के खेल रही है। बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अपोलो टायर्स से करार हो गया है। हम जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे। तीन साल के इस सौदे की कीमत 579 करोड़ रुपये है। यह ड्रीम 11 के साथ इसी अवधि के लिए हुए 358 करोड़ के समझौते से ज्यादा है।

टायर क्षेत्र की इस बड़ी कंपनी के साथ हुए इस सौदे में 121 द्विपक्षीय मैच और 21 आईसीसी मैच शामिल हैं।




● दुबई में आयोजित एशिया कप में बिना किसी जर्सी प्रायोजक के उतरी है भारतीय टीम

ड्रीम 11 ने हाल ही में ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम 2025 के प्रचार और विनिमयन' के कारण अपने वास्तविक धन वाले गेम बंद कर दिए हैं। अधिनियम में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं की पेशकश, सहायता, उकसाना, प्रेरित, लिप्त या संलग्न नहीं होगा और न ही किसी ऐसे विज्ञापन में शामिल होगा जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी व्यक्ति को कोई भी ऑनलाइन मनी गेम खेलने के लिए प्रोत्साहित करता हो।

# पाकिस्तान को जीतना होगा यूएई से मैच

**एशिया कप**

**दुबई, एजेंसी**

कमजोरियों और विवादों से जूझ रही पाकिस्तान की टीम को बुधवार को एशिया कप में अपने अभियान को बनाए रखने के लिए ग्रुप ए के मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ करो या मरो मैच में हर विभाग में सुधार करना होगा।

भारतीयों के पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाने से पैदा हुए विवाद के बीच पीसीबी ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की है और पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार धमकी दी है कि यदि जिम्बाब्वे के रेफरी को नहीं हटाया गया तो वह टूर्नामेंट से हट जाएगा। पाइक्रॉफ्ट को टूर्नामेंट के पाकिस्तान के अंतिम लीग मैच के दौरान रेफरी की भूमिका निभानी है। पाकिस्तान ने दो मैचों में एक जीत और एक हार दर्ज की है और फिलहाल वह दो अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। नेट रन रेट के आधार पर वह यूएई (दो अंक) से आगे है, लेकिन यहां एक भी चूक उसे बाहर कर देगी। भारत से मिली हार ने पाकिस्तानी टीम की कमजोरी को उजागर कर दी है। ओमान जैसी टीम को हराने के बाद पाकिस्तान को अपने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन से भारत के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा।



**पाकिस्तान :** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन अफरीदी, सुफयान मोकिम।
**संयुक्त अरब अमीरात :** मुहम्मद वसीम (कप्तान), अलीशान शराफू, अर्यांश शर्मा, आसिफ खान, ध्रुव पराशर, एथन डिसूजा, हैदर अली, हर्षित कौशिक, जुनैद सिद्दीकी, मतीउल्लाह खान, मुहम्मद फारूक, मुहम्मद जवादुल्लाह, मुहम्मद जोहैब, राहुल चोपड़ा, रोहिद खान, सिमरनजीत सिंह, सगीर खान। **मैच रात 8 बजे।**

# विश्व चैंपियनशिप में अब चोपड़ा पर निगाह, खिताब बचाने के लिए उतरेंगे

**तोक्यो, एजेंसी**

भारतीय भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा बुधवार को क्वालीफिकेशन राउंड के साथ विश्व चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव करने का अभियान शुरू करेंगे, जिसमें उन्हें पाकिस्तान के ओलंपिक स्वर्ण विजेता अरशद नदीम और जर्मनी के डायमंड लीग चैंपियन जूलियन वेबर की चुनौती का सामना करना पड़ सकता है।

चोपड़ा का लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप में अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने वाला तीसरा खिलाड़ी बनना होगा। उन्होंने 2023 में बुडापेस्ट में आयोजित हुई पिछली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। चेक गणराज्य के दिग्गज और वर्तमान में चोपड़ा के कोच जान जेलेंजी (1993, 1995) और ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (2019, 2022) ने ही दो मौकों पर विश्व चैंपियनशिप का ताज जीता है। चोपड़ा 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार नदीम का सामना करेंगे, जिससे उन्हें फ्रांस की राजधानी में दूसरे स्थान पर रहने का बदला लेने का मौका मिलेगा। नदीम ने पेरिस में 92.97 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण जीता था, जबकि चोपड़ा का थ्रो 89.45 मीटर था और उन्हें रजत पदक मिला था। चोपड़ा और नदीम का मुकाबला बुधवार को नहीं होगा क्योंकि दोनों क्वालीफाइंग दौर में दो अलग-अलग ग्रुप में है। गुरुवार को फाइनल में उनके आमने-सामने होने की उम्मीद है। वेबर, पीटर्स, कीनिया के 2015 के विश्व चैंपियन जूलियस येगो, त्रिनिदाद और टोबैगो के 2012 के ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वाल्कोट, चेक गणराज्य के जैकब वाडलेज और ब्राजील के लुईज़ दा सिल्वा बाकी स्टार खिलाड़ियों में शामिल हैं।




### नीरज के साथ होंगे सचिन यशवीर और रोहित

यह भारत के लिए ऐतिहासिक प्रतियोगिता होगी क्योंकि सचिन यादव, यशवीर सिंह और रोहित यादव मैदान पर नीरज के साथ होंगे, जो प्रतियोगिता में भाग लेने वाले देशों में सबसे बड़ी संख्या है। चोपड़ा को गत विजेता के रूप में वाइल्ड कार्ड दिया गया है, जबकि अन्य तीन ने विश्व रैंकिंग के जरिए क्वालीफाई किया। चोपड़ा को बुधवार को 19 सदस्यीय ग्रुप ए क्वालीफिकेशन राउंड में वेबर, वाल्कोट, वाडलेज और सचिन के साथ रखा गया है, जबकि 18 सदस्यीय ग्रुप बी में नदीम, पीटर्स, येगो, डा सिल्वा, रोहित, यशवीर और श्रीलंकाई खिलाड़ी रमेश थरंगा पथिरगे शामिल हैं।

# सिंधु चीन मास्टर्स के पहले दौर में जीतीं, शेट्टी हारे

**शेनझेन (चीन), एजेंसी**

स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने बुधवार को पहले दौर में डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसन को सीधे गेम में हराकर चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। आयुष शेट्टी को पुरुष एकल के पहले दौर में छठे वरीय और दुनिया के पांचवें नंबर के चीनी ताइपे के खिलाड़ी चाउ टिएन चेन के खिलाफ 19-21 21-12 16-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

रुतविका गाडे और रोहन कपूर की मिश्रित युगल जोड़ी भी युइची शिमोगामी और सयाका होबारा की जापान की जोड़ी के खिलाफ 17-21 11-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने जैकबसन को सिर्फ 27 मिनट में 21-4, 21-10 से हराया। भारतीय खिलाड़ी को यह जीत हांगकांग ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ हार के 10 दिन से भी कम समय बाद मिली है। इस साल हांगकांग ओपन सहित छह बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं के पहले दौर में हार का सामना करने वाली सिंधु अच्छी लय में नजर आईं और इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने कुछ ही समय में अच्छी बढ़त बना ली और पहला गेम 10 मिनट से थोड़े अधिक समय में जीत लिया। दूसरे गेम में भी यही सिलसिला जारी रहा। पिछले दो मुकाबलों में डेनमार्क की खिलाड़ी को हराने वाली सिंधु ने 4-1 की बढ़त बनाई, लेकिन जैकबसन ने स्कोर 4-4 कर दिया। इसके बाद सिंधु ने अपने अनुभव और बेहतरीन तकनीक का नजारा पेश करते हुए प्रतिद्वंद्वी की चुनौती को ध्वस्त कर दिया। सिंधु ने लगातार छह अंक के साथ स्कोर 11-8 से 17-8 पर किया और फिर आसानी से कैच जीत लिया। पिछली बार जब दोनों खिलाड़ी मार्च में योनेक्स स्विस ओपन के शुरुआती दौर में भिड़ीं थी तो जैकबसन ने हार के बावजूद सिंधुको कड़ी टक्कर दी थी।

### शेट्टी बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में सर्वश्रेष्ठ 27वें स्थान पर



आयुष शेट्टी

शेट्टी ने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन चेन ने निर्णायक गेम जीत लिया। शेट्टी की चेन के खिलाफ यह तीसरी हार है। इस साल ताइपे और अमेरिकी ओपन सेमीफाइनल में शेट्टी को हराने वाले चेन ने दबदबा बनाए रखा जबकि भारतीय खिलाड़ी ने भी कड़ी चुनौती दी। निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ी 13-13 से बराबर थे, जिसके बाद चेन ने चार अंक के साथ 17-13 की बढ़त बनाई और फिर मैच जीत लिया। शेट्टी को हालांकि उस समय सांत्वना मिली जब वह बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 27वें स्थान पर पहुंच गए। वह हांगकांग ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे और दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी जापान के कोडाई नेराओका को भी हराया था।



● भारतीय खिलाड़ी ने डेनमार्क की जैकबसन को हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

# ऑस्ट्रेलिया ए ने कोंस्टास के शतक से बनाए 337 रन

**लखनऊ, एजेंसी**

सैम कोंस्टास की शतकीय पारी और पहले विकेट के लिए कैंपबेल केलावे के साथ 198 रन की साझेदारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ए ने पहले अनौपचारिक टेस्ट के शुरूआती दिन भारत ए के खिलाफ मंगलवार को पांच विकेट पर 337 रन बना लिये। हर्ष दुबे ने तीन विकेट लेकर मैच में भारत ए की कुछ हद तक वापसी कराई। दुबे ने 21 ओवर में 88 रन देकर तीन विकेट झटके।

कोंस्टास ने भारतीय टीम के पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पदार्पण मैच में आक्रामक पारी से प्रभावित किया था। उन्होंने रणजी ट्रॉफी के रिकार्डधारी दुबे की गेंद पर आउट होने से पहले परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए 144 गेंद की पारी में 10 चौके और तीन छक्कों की मदद से 109 रन बनाये। इस 19 साल के खिलाड़ी को केलावे का शानदार साथ मिला जिन्होंने 97 गेंद में 10 चौके और दो छक्कों की मदद से 88 रन बनाये। कोंस्टास और केलावे की जोड़ी ने भारतीय टेस्ट गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा सहित अन्य गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक तेवर दिखा कर टीम को 38वें ओवर में 200 रन के करीब पहुंचा दिया। इस साझेदारी को गुरनूर बरार (47 रन पर एक विकेट) ने केलावे तनुष कोटियान के हाथों कैच कराकर तोड़ा।



हर्ष दुबे

● हर्ष दुबे ने 21 ओवर में 88 रन देकर लिए तीन विकेट

**दूसरा महिला वनडे**

**तीन मैच की शृंखला में वापसी के लिए दूसरे क्रिकेट मैच में खेल के हर विभाग में करना होगा अच्छा प्रदर्शन**

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शृंखला बराबर करने उतरेगा भारत

**मुल्लांपुर (पंजाब), एजेंसी**

खराब फील्डिंग के कारण पहले महिला वनडे क्रिकेट मैच में हार का सामना करने वाली भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की शृंखला में वापसी करनी है तो उसे बुधवार को दूसरे मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

कप्तान हरमनप्रीत कौर की टीम ने बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया। उसने प्रतीका रावल, स्मृति मंधाना और हरीन देओल के अर्धशतकों की बदौलत चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लेकिन भारतीय टीम की फील्डिंग अच्छी नहीं रही जो हार की वजह बनी। भारतीय टीम महिला वनडे विश्व कप की तैयारी में जुटी है जहां उसे ऑस्ट्रेलिया की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में गलती का उसे बड़ा नुकसान होगा। पहले वनडे में भारतीय खिलाड़ियों ने चार कैच छोड़े जिसका फायदा उठाकर ऑस्ट्रेलिया 281 रन के लक्ष्य को हासिल किया। भारत को अगर दूसरे वनडे में जीत हासिल करनी है तो उसे फील्डिंग में सुधार करना पड़ेगा। दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलिया जिस तरह से प्रदर्शन कर रहा है उसे देखते हुए उसने खुद को आठवां विश्व कप जीतने का प्रबल दावेदार बना दिया है। एलिसा हीली की टीम विश्व कप से पहले अपना विजय अभियान जारी रखने को प्रतिबद्ध होगी। घरेलू परिस्थितियां और पिचें अनुकूल हैं, लेकिन भारतीय टीम लड़खड़ा गई और इसका दोष क्षेत्ररक्षण, मध्य व निचले क्रम की बल्लेबाजी और स्पिनरों को दिया जा सकता है।



चंडीगढ़ में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले दूसरे मैच से पहले प्रशिक्षण सत्र के दौरान अभ्यास करतीं भारतीय महिला टीम की खिलाड़ी।

### मंधाना फिर बनीं दुनिया की नंबर एक वनडे बल्लेबाज

**दुबई।** भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में अर्धशतक जड़ने के दम पर मंगलवार को जारी आईसीसी की महिला बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर एक स्थान फिर से हासिल किया। मंधाना ने तीन मैचों की शृंखला के पहले मैच में 58 रन बनाए थे। वनडे में फिर से दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज बनने से मंधाना का 30 सितंबर से शुरू होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप से पहले आत्मविश्वास बढ़ेगा। मंधाना के अर्धशतक से उन्हें सात रेटिंग अंक मिले और वह इंग्लैंड की नैट साइवर-ब्रंट से चार अंक आगे हो गईं, जो दूसरे स्थान पर खिसक गईं। मंधाना के 735 जबकि साइवर-ब्रंट के 731 रेटिंग अंक हैं। प्रतीका रावल चार स्थान की छलांग लगाकर 42वें स्थान पर पहुंच गईं, जबकि शीर्ष क्रम की बल्लेबाज हरलीन देओल 43वें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी पांचवें, जबकि एनाबेल सदरलैंड (चार स्थान ऊपर) और फोबे लिचफील्ड (13 स्थान ऊपर) ने 25वां स्थान पाया है।

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), उमा छेत्री, हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), क्रांति गौड़, स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, जेमिमा रोड्रिग्स, सयाली सतघरे, दीप्ति शर्मा, श्री चरणी, राधा यादव।
**ऑस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), ताहलिया मैकग्रा, डार्सी ब्राउन, निकोल फाल्टम, एशले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, चार्ली नॉट, फोबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शूट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम। **मैच : दोपहर 1:30 बजे।**